डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-36, अंक-52, मूल्य ₹10.00

www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 30.12.2019 से 05.01.2020

रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल

पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश बनेगा देश का अग्रणी प्रदेश - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में पर्यटन के साथ आर्थिक गतिविधियों को दिया जायेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में आयोजित रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनायें हैं। पर्यटन में मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी प्रदेश बनाया जाएगा। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे न केवल आर्थिक समृद्धि आएगी, बल्कि रोज़गार के भी व्यापक अवसर निर्मित होंगे। यह बात मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में शासकीय तौर पर प्रदेश में पहली बार राजसी घरानों में प्रचलित उत्कृष्ट व्यंजनों पर केंद्रित रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल का उद्घाटन करते हुये कही।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि इस फेस्टिवल के जरिए प्रदेश में पर्यटन के साथ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना राज्य शासन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि मध्यप्रदेश की प्रोफाइल में बदलाव लाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं, पर उसके अनुरूप अपेक्षित विकास न होने के कारण हम अपनी उपलब्ध सम्पदा का यहां के नागरिकों और प्रदेश को लाभ नहीं दिला पाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान की समृद्धि में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। उसके मुकाबले मध्यप्रदेश कहीं भी कम नहीं है, लेकिन हम अपनी ब्रांडिंग नहीं कर पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश टाईगर स्टेट है। हमारे पास कान्हा, बांधवगढ़ जैसे नेशनल पार्क हैं, लेकिन पर्यटन के नक्शे में रणथम्भोर और जिम कॉर्बेट का ही जिक्र है। श्री कमल नाथ ने कहा कि हमें अपने पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग करना होगी, तभी हम इसका लाभ प्रदेश को दिला सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि हमें इस तरह के आयोजन न केवल प्रदेश में, बल्कि देश के दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरु और अमृतसर जैसे बड़े शहरों में भी करना चाहिए। इससे मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाना बनाना न केवल एक कला है बल्कि शिल्प भी है। हमारे प्रदेश के राजघरानों में इसकी बेहतर परम्पराएं हैं। उनका उपयोग और उनकी लॉचिंग करके हम प्रदेश के पर्यटन को एक नई ऊंचाई दे पाएंगे।

पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की मंशा है कि प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हो और हम अपनी पर्यटन सम्पदा की राष्ट्रीय पहचान बनाएं। इसलिये पर्यटन विभाग ने रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल की अभिनव पहल की है। उन्होंने बताया कि इस अनूठे आयोजन के जरिए हमने प्रदेश के राजघरानों में प्रचलित सभी प्रकार के व्यंजनों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास शुरू किया है। इसके जरिए हम राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश की पर्यटन गतिविधियों को रेखांकित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री प्रदेश के ऐसे पर्यटन स्थलों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिनमें पर्यटकों का आना सुनिश्चित है। ओरछा, बुंदेलखण्ड और माण्डव महोत्सव को इसी दृष्टि से भव्यता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है।

पंजाब से आए सेलेब्रिटी शेफ श्री हरपाल सिंह ने कहा कि उनका मध्यप्रदेश से पुराना रिश्ता है। वे यहां एक विंटेज होटल में शेफ के तौर पर काम कर चुके हैं। उस होटल में होलकर घराने के रिचर्ड होलकर और सुश्री शालिनी होलकर खाना खाने आते थे। उन्होंने बताया कि सुश्री शालिनी होलकर ने उन्हें कुकिंग की एक पुस्तक भेंट की थी, जो उनके लिए बाईबल के समान है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में राजघरानों के खाने की भव्य और शानदार परम्पराएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित किया जाए। उन्होंने कहा कि रॉयल कुज़ींस फूड फेस्टिवल एक अच्छी पहल है। इससे मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी।

वरिष्ठ पत्रकार श्री अवनीश जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन क्षमताओं और संभावनाओं से परिपूर्ण है। केरल के बाद मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौन्दर्य के मामले में सबसे समृद्ध प्रदेश है। उन्होंने फूड फेस्टिवल आयोजन के उद्देश्यों की सराहना की।

सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में आयुष विंग होगी स्थापित

नीमच जिले में हर्बल मण्डी बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में आयुष विभाग की समीक्षा करते हुये प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में आयुष विंग की स्थापना करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति आम जनता में रुझान बढ़ा है, लेकिन अपेक्षित विकास न होने के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। श्री कमल नाथ ने कहा कि आगामी एक माह में लक्ष्य आधारित कार्य-योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान नीमच जिले में हर्बल मण्डी बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस संबंध में आवश्यक सहमति पत्र भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव का पाक्षिक फॉलोअप करने के निर्देश दिए।

श्री कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। इनका समुचित दोहन न होने के कारण प्रदेश को और यहां के नागरिकों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने प्रदेश में वेलनेस टूरिज़्म को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। श्री कमल नाथ ने कहा कि आज पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में पंचकर्म और योग जैसी कई विधाएं हैं, जो मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ ही गंभीर बीमारियों का भी निदान करती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्य-योजना तैयार करें और निजी क्षेत्रों को अवसर प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आयुष पद्धति में शोध एवं विकास की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विश्व के अग्रणी देशों जैसे होम्योपैथी में जर्मनी और हर्बल मेडीसिन में चीन में अध्ययन के लिए आयुष विभाग का दल भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि यह दल इस चिकित्सा पद्धति में एमओयू की संभावनाओं का भी पता लगाए। उन्होंने प्रदेश में आयुष की विभिन्न पद्धतियों तथा विकसित औषधियों के संबंध में पेटेंट प्राप्त करने और शोध एवं विकास को अभिलिखित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति से जुड़ी विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्यवर्द्धक जानकारियों, आयुर्वेदिक उपायों तथा औषधीय पौधों की पुस्तकें प्रकाशित करने को कहा। उन्होंने इन पुस्तकों का अंग्रेजी में भी अनुवाद करवाकर सभी पर्यटन सूचना केंद्र, होटल और निजी होटल के साथ सभी ऐसे स्थानों में, जहां प्रचार-प्रसार हो सके, उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

सोशल मीडिया के साथ संस्कृति को भी आत्मसात करे युवा पीढ़ी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मानस भवन में 20वें अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के साथ भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भी आत्मसात करे क्योंकि इसी से हमारे देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोधी समाज एक जागरूक समाज है और समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां पर विविध संस्कृतियां हैं, जातियां हैं, धर्म हैं। हमारी यही अनेकता में एकता की भावना भारत को पूरे विश्व में महान बनाती है।

जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 11 जनवरी को

भोपाल, जवाहर नवोदय विद्यालय, भोपाल में कक्षा 6वीं के लिये 11 जनवरी 2020 को चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा भोपाल जिले के 8 केंद्रों पर आयोजित होगी।

चयन परीक्षा के प्रवेश-पत्र रातीवड़ के वीआरसी/जवाहर नवोदय विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। जिन पालकों ने ऑनलाइन फार्म भरा है, वे www.nvsadmissionclasssix.in से प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। चयन परीक्षा के बारे में रातीवड़ जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य से अथवा टेलीफोन नम्बर 0755-2896325/2896648/ मोबाइल नम्बर 9584359571/9981310166 पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

फसल बीमा योजना की समीक्षा

फसल बीमा कम्पनियां तहसील स्तर पर शुरू करें टोल फ्री नंबर

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री सचिन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बीमा क्लॉज के अनुसार किसान को 72 घंटे के भीतर फसल हानि की सूचना संबंधित बीमा कम्पनी को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कम्पनियों द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर अक्सर फोन नहीं लगता। श्री यादव ने इस समस्या को दूर करने के लिये फसल बीमा कम्पनियों को तहसील स्तर पर टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिये।

श्री यादव ने कहा कि सभी फसल बीमा कम्पनियां तहसील स्तर पर नियुक्त कर्मचारियों तथा फसल हानि की सूचना देने वाले किसानों की जानकारी दो दिन में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसान को फसल बीमा राशि की अंशदान की रसीद देना भी सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में प्रदेश के 27 लाख 64 हजार किसानों की फसलों का खरीफ-2019 के लिये 15 हजार 221 करोड़ 52 लाख रुपये का बीमा किया गया। किसानों की कुल 54 लाख 58 हजार 866 हेक्टेयर कृषि भूमि इसमें शामिल थी।

आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा

वनाधिकार के निरस्त दावा प्रकरणों का त्वरित गति से करें निराकरण - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में वनाधिकार अधिनियम में निरस्त प्रकरणों के परीक्षण कार्य में तेजी लाने और हर 15 दिन में इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन मित्र पोर्टल के जरिये निरस्त पट्टों के दावों के शत-प्रतिशत प्रकरण प्राप्त कर सभी जिला कलेक्टरों को इसका त्वरित निराकरण करने के निर्देश जारी करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर में शंकर शाह, रघुनाथ शाह संग्रहालय का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के पारंपरिक कौशल और कला को बढ़ावा दिया जाये, जिससे उनके आय के स्रोत बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने आदिवासी क्षेत्रों में और किसानों को जैविक खेती के लिये प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों और आश्रमों में गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने आदिम जाति कल्याण विभाग की सेवा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता बतलाई। उन्होंने विभाग द्वारा मध्यप्रदेश ट्राइबल अफेयर्स ऑटोमेशन सिस्टम के जरिए योजनाओं का कम्प्यूटरीकरण और हितग्राहियों के खातों में सीधे भुगतान किए जाने के प्रयासों की सराहना की।

श्री ओमकार सिंह मरकाम ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन मित्र पोर्टल के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम में निरस्त दावों का परीक्षण कार्य जारी है। सभी छात्रावास परिसर में गांधी स्तंभ स्थापित किए जा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

21 दिसम्बर

भारत को 21 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक

●एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) ने भारत में सिंचाई और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिये 21 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की है। एआईआईबी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि संस्थान पश्चिम बंगाल में सिंचाई सुविधाओं को दुरुस्त करने तथा बाढ़ जोखिम प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिये 14.5 करोड़ डॉलर एवं राजस्थान में 250 मेगावॉट की सौर परियोजनाओं के लिये 6.5 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा।

●पेरिस समझौते पर अमल करने वाले देशों में भारत शीर्ष देशों में शामिल है। कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य की दिशा में भारत लगातार तेजी से काम कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, पेरिस समझौते के तहत भारत को वर्ष 2030 तक 35 प्रतिशत तक कार्बन उत्सर्जन कम करने का लक्ष्य दिया गया था, जो कि अब तक 21 प्रतिशत कम हो गया है। भारत यह लक्ष्य तय समयसीमा से काफी पहले हासिल कर लेगा।

●अफगानिस्तान में आये भूकंप के झटके भारत के कई राज्यों में महसूस किये गये। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के निदेशक जे.एल. गौतम ने बताया कि भूकंप का असर जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में देखा गया है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में धरती से लगभग 200 किलोमीटर अंदर था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई। भूकंप का व्यापक असर उत्तरी पाकिस्तान में भी दिखा है।

22 दिसम्बर

फ्रांस के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण ने गूगल पर लगाया जुर्माना

●फ्रांस के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण ने प्रसिद्ध सर्च इंजन गूगल के विज्ञापन पेज पर अस्पष्ट विज्ञापनों के प्रसारण और प्रतिस्पर्धा के विरुद्ध आचरण के एक मामले में 150 मिलियन डॉलर (लगभग 1184.78 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया है। फ्रांस के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरण के प्रमुख इसाबेल डिसिल्वा ने कहा कि ऑनलाइन विज्ञापन कारोबार के मामले में गूगल बाजार में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। गूगल ने इस मामले में अपील दाखिल करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि फ्रांस सहित अन्य यूरोपीय देश गूगल, फेसबुक, एपल और अमेजन जैसी अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की उच्च स्तरीय जांच करते हैं।

●जापान ने दक्षिण कोरिया को एक माइक्रोचिप के निर्यात पर लगी रोक को हटाने का निर्णय लिया है। जापान के एक समाचार पत्र के अनुसार, आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया को माइक्रोचिप फोटोरेसिस्ट के निर्यात पर लगी रोक को हटा लिया है। उल्लेखनीय है कि यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है, जब जापान के प्रधानमंत्री शिन्जो आबे चीन में आयोजित होने वाले एक सम्मेलन में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन से मुलाकात करेंगे।

23 दिसम्बर

तकनीकी खराबी के कारण पृथ्वी पर वापस लौट रहा है बोइंग का अंतरिक्ष यान

●अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिये उड़ान भरने वाला अमेरिकी

विमानन कंपनी बोइंग का अंतरिक्ष यान वापस पृथ्वी पर लौट रहा है। बोइंग स्टारलाइनर का यह यान अपना मिशन पूरा किये बगैर वापस लौट रहा है। बोइंग कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार, इस अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आ गई है। यान की एक घड़ी में खराबी के कारण यान की लॉन्चिंग में ईंधन की खपत ज्यादा हो गई थी। इसके कारण यान का धरती से 400 किलोमीटर ऊपर आईएसएस तक पहुंचना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस मानवरहित यान को कुछ दिन पहले ही अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य स्थित केप केनवेरेल प्रक्षेपण केंद्र से एटलस रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया था।

●सीरिया के होम्स इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों ने हमले किये। इन हमलों में सुरक्षाबलों के 13 जवानों सहित 17 लोगों की मौत हो गई। सुरक्षाबलों के अनुसार, आतंकियों ने होम्स इलाके में एक रिफायनरी को निशाना बनाकर रॉकेट फायर किये। इन हमलों से रिफायनरी की दो यूनिट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। हमले के कारण यहां पर पेट्रोल, डीजल और अन्य उत्पादों का उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है।

●अमेरिकी एयरलाइंस अब टिकट बुक करते समय यात्रियों से जेंडर नहीं पूछेगी। अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने मार्च 2019 से यह सुविधा शुरू की थी, अब अमेरिका की सभी विमानन कंपनियों ने इस बदलाव को अपनाने का फैसला किया है। अब टिकट बुक करत समय एलजीबीटीक्यू यात्री अब एक्स (अनडिस्क्लोज्ड) लिख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिन विमानन कंपनियों ने यह बदलाव स्वीकार किया है, उनमें डेल्टा, साउथ वेस्ट और अलास्का एयरलाइंस शामिल है।

24 दिसम्बर

डीआरडीओ ने क्विक रिएक्शन मिसाइल प्रणाली का किया सफल परीक्षण

●भारतीय रक्षा एवं अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) ने देश में बनी सतह से हवा में मार करने वाली क्विक रिएक्शन मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया। यह मिसाइल प्रणाली 360 डिग्री पर लक्ष्य को कवर करने में सक्षम है। इसे वर्ष 2021 तक हथियारों के बेड़े में शामिल किया जायेगा। इस मिसाइल सिस्टम के तहत किसी भी सैन्य अभियान के तहत मिसाइलें भी गतिशील रहती हैं और दुश्मन के विमान या ड्रोन पर निगरानी रखते हुये उसे तत्काल निशाना बनाते हैं।

●इक्वाडोर के गैलापागोस द्वीप पर एक कार्गो जहाज पलट गया। इस जहाज में रखा लगभग 600 गैलन तेल (डीजल) समुद्र में फैल गया। इस हादसे के बाद यहां कई समुद्री प्रजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा तेल साफ करने का काम शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि गैलापागोस द्वीप यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है, यहां पर कई ऐसी दुर्लभ समुद्री प्रजातियां हैं, जो विश्व में कहीं नहीं है।

●न्यूजीलैंड के वॉइट आईलैंड पर स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी में हुये भीषण विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। विस्फोट के कारण लगभग 19 लोगों की मृत्यु हो गई है। न्यूजीलैंड की पुलिस के अनुसार, विस्फोट से प्रभावित 14 लोगों का अभी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय आइलैंड पर 47 लोग मौजूद थे, इनमें से ज्यादातर पर्यटक ऑस्ट्रेलिया के थे।

25 दिसम्बर

अफगानिस्तान में मारे गये सौ से अधिक आतंकवादी

●अफगानिस्तान में सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादियों की मौत हो गई है, वहीं 45 आतंकी घायल हुये हैं। अफगानिस्तानी सेना ने देश के 15 प्रांतों में 18 ऑपरेशनों को अंजाम दिया। सेना द्वारा मारे गये आतंकियों के संगठन के बारे में खुलासा नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि ये ऑपरेशन आतंकियों द्वारा सैन्य शिविरों पर हमले के जवाब में किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि आतंकियों ने एक दिन पहले ही संयुक्त सैन्य शिविर में हमला किया था, जिसमें 10 सुरक्षाकर्मी शहीद हुये थे।

●नेपाल में पर्यटक वीजा पर आए 122 चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। इन नागरिकों पर साइबर अपराध के साथ बैंक की कैश मशीनों को हैक करने का संदेह है। काठमांडू पुलिस ने कहा है कि पकड़े गये सभी लोगों के पासपोर्ट और लैपटॉप जब्त कर लिये गये हैं। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई के बारे में चीनी दूतावास को पता था और उसने संदिग्धों को हिरासत में लेने का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि नेपाल में संदिग्ध आपराधिक गतिविधियों के आरोप में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है।

●इंडोनेशिया के पालेम्बांग में एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई, वहीं 13 लोग घायल हो गये हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, दक्षिण सुमात्रा राज्य में यात्रियों को ले जा रही बस असंतुलित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

26 दिसम्बर

रूस ने 885 एम सीरीज की पहली पनडुब्बी की लॉन्च

●रूस ने 885 एम सीरीज की पहली परमाणु पनडुब्बी यासेन-एम को लॉन्च किया है। इस पनडुब्बी को वर्ष 2019 की शुरुआत में लॉन्च किया जाना था, लेकिन कुछ कमियों के कारण इसे लॉन्च करने में देरी हुई। ये परमाणु पनडुब्बी जमीन और पानी के नीचे मौजूद लक्ष्यों को नष्ट करने में सक्षम है। रूस इस सीरीज की 5 पनडुब्बियां बना रहा है।

●भारत नेट से जुड़े देशभर के गांवों को मार्च 2020 तक मुफ्त वाई-फाई दिया जायेगा। भारत नेट योजना के तहत अब तक 1.3 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने बताया कि सरकार का लक्ष्य 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को भारत नेट से जोड़ना है। भारत नेट परियोजना के तहत 48 हजार गांवों को वाई-फाई की सुविधा मिल रही है।

●रूस ने अपने देश में वैकल्पिक इंटरनेट सिस्टम तैयार कर लिया है। रूस ने इस सिस्टम को लॉन्च किया है। रूसी नागरिकों ने नये सिस्टम के इस्तेमाल के दौरान किसी भी तरह का बदलाव महसूस नहीं किया। रूस पिछले तीन वर्षों से अपना इंटरनेट सिस्टम बनाने की तैयारी कर रहा था। रूसी प्रशासन के अनुसार, यह सिस्टम देश के लोगों को आपस में जोड़ने के लिये तैयार किया गया है। रूस के इस प्रयोग की अमेरिका और ब्रिटेन सहित विश्व के कई देशों ने आलोचना की है।

27 दिसम्बर

यूजीसी ने पीएचडी पाठ्यक्रम में अनिवार्य किये दो नये विषय

●विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पीएचडी पाठ्यक्रम में दो नये विषयों के अध्ययन को अनिवार्य किया है। अब पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रकाशन नैतिकता और प्रकाशन कदाचार विषय भी पढ़ाए जायेंगे। यूजीसी के एक अधिकारी ने बताया कि यूजीसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कराये गये अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण के अनुसार, देश में सिर्फ 2.5 प्रतिशत कॉलेज ही पीएचडी कार्यक्रम संचालित करते हैं। पीएचडी करने वालों में सबसे ज्यादा छात्र विज्ञान वर्ग के हैं, इसके बाद इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के छात्र होते हैं।

●बुजुर्गों को पेंशन प्रदान करने के लिये चलाई जा रही प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के लिये केंद्र सरकार ने आधार नंबर अनिवार्य किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के लाभार्थियों को अब अनिवार्य रूप से आधार नंबर देना होगा या आधार सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। अधिसूचना के अनुसार, इस योजना का लाभ उठा रहे किसी व्यक्ति के पास अगर आधार नंबर नहीं है, या उन्होंने आधार नंबर के लिये पंजीकरण नहीं किया है, तो उन्हें आधार नामांकन के लिये आवेदन करना होगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री वय वंदना योजना में लाभार्थियों को 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलता है। यह योजना भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा लागू की गई है।

●चिली के तटीय शहर वालपरैसो में आग से 250 एकड़ इलाका तबाह हो गया है। आग की चपेट में 200 से ज्यादा घर भी आये हैं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, तेज हवाओं की वजह से आग ज्यादा फैली है। आग बुझाने के लिये हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस आग से एक हजार से अधिक लोग प्रभावित हुये हैं। आग के कारणों की जांच भी की जा रही है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
PRE + MAINS
HINDI & ENGLISH MEDIUM
NEW BATCH START 16 JAN'20
MPSI | आरक्षक
02 JAN'20 | 15 JAN'20
हेड ऑफिस : देवा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
6-A इंद्रपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644,
70244-86260, 91092-57973
R-43189/2019

R-43188/2019

रोज़गार और निर्माण वर्ष 36, अंक 52, 30.12.2019 से 05.01.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

"हर घर नल से जल" योजना

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 98 फीसदी पेयजल व्यवस्था भू-जल स्रोतों पर आधारित है। विगत कई वर्षों से भू-जल स्तर में हो रही निरंतर गिरावट को देखते हुये राज्य सरकार ने ग्रामीण पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिये पिछले 10 साल में सतही जल स्रोतों पर आधारित समूह-जल प्रदाय योजनाओं को प्राथमिकता दी है। प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में हर घर नल से जल योजना लागू कर दी गई है। अब ग्रामीण माता-बहनों को पानी के लिये नदी, तालाब, कुंआ, बावड़ी के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल गई है। नई पेयजल योजना में छोटे और दूर-दराज के गांवों को प्राथमिकता दी गई है। इन गांवों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये नीति को सरल बनाया गया है। जिन बसाहटों में गर्मी के मौसम में 55 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन के मान से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है उनमें नये हैंडपंप लगाये जायेंगे। पहले किसी भी बसाहट के 500 मीटर के दायरे में न्यूनतम एक शासकीय पेयजल स्रोत उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जगह नई पेयजल नीति में न्यूनतम 300 मीटर के दायरे में कम से कम एक शासकीय पेयजल स्रोत उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। हैंडपंप स्थापना में ग्रामों के चयन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल ग्रामों को प्राथमिकता दी जा रही है। अब गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से त्रस्त रहने वाले बड़े गांवों के साथ छोटे गांव भी नल-जल योजना के क्रियान्वयन से लाभान्वित हो सकेंगे। राज्य सरकार ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में राइट टू वाटर एक्ट का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इस एक्ट के लागू होने पर मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जहां लोगों को पानी का कानूनी अधिकार मिलेगा। इस कानून को लागू करने के लिये बजट में एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह एक्ट सरकारी कानून न होकर जनता का कानून होगा। इसमें जन-भागीदारी सुनिश्चित करते हुये जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को बड़े अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जायेगा। इस कानून से प्रदेश के सभी जल स्रोतों, नदियों, तालाबों और परम्परागत जल स्रोतों कुएं-बावड़ी आदि को संरक्षित कर स्थायित्व दिया जायेगा। राज्य सरकार ने प्रत्येक परिवार को उसकी आवश्यकता के अनुरूप जल उपलब्ध करवाने के निश्चय का ही परिणाम है पानी का कानूनी अधिकार। ग्रामीण अंचलों में हर-घर तक जल पहुंचाने के लिये 68 हजार करोड़ रुपये की विस्तृत कार्य योजना बनाई गई है। अभी तक 19 समूह जल योजनाएं पूर्ण कर 802 गांवों की लगभग साढ़े 11 लाख से अधिक जनसंख्या को घरेलू नल कनेक्शन द्वारा जल प्रदाय शुरू कर दिया गया है। 6672 करोड़ रुपये की लागत की 39 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है, जो अगले दो वर्षों में पूरा हो जायेगा। इससे 6091 गांवों की लगभग 64 लाख आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। प्रदेश के 14510 गांवों की 1 करोड़ आबादी को पेयजल सुलभ कराने के लिये 22 हजार 484 करोड़ रुपये की 45 समूह जल प्रदाय योजनाओं की डीपीआर तैयार कर ली गई है। पिछले 1 वर्ष में ग्रामीण अंचल में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये सघन प्रयास किये गये हैं। इतने कम समय में ग्रामीण अंचल में 6 हजार से ज्यादा हैंडपंप स्थापित किये गये। 600 से अधिक नवीन नल जल योजनाओं के कार्य पूरे कर पेयजल प्रदाय प्रारंभ कराया गया और 6700 से अधिक सिंगल फेज मोटर पंप स्थापित किये गये हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय की लगभग 3 हजार नल जल योजनाओं को भी पुनः चालू करवाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बंद पड़े 3 लाख 12 हजार हैंडपंपों को सुधार कर चालू करवाया गया है। साथ ही साढ़े 3 लाख मीटर राइजर पाइप बढ़ाकर अथवा आवश्यकतानुसार बदलकर 65 हैंडपंपों को चालू स्थिति में लाया गया है। सरकार ने अपने वचन-पत्र में किये गये वायदों के अनुरूप ग्रामीण, आदिवासी अंचलों में शुद्ध पेयजल के नियमित प्रदाय तथा उनके रख-रखाव की स्थायी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिकायत निवारण की भी सक्रिय व्यवस्था लागू की जा रही है। जल निगम का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। लगभग 27 हजार करोड़ रुपये की लागत की समूह जल प्रदाय परियोजनायें प्रक्रियाधीन हैं। इनके क्रियान्वयन के लिये जाईका, एडीबी, एनडीबी, सिक्योरिटाइज्ड माइनिंग फंड और पीपीसी से वित्तीय व्यवस्था की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। नई नल-जल योजनाओं के निर्माण, गुणवत्ता एवं उन्हें समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के लिये शीर्ष स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नर्मदा एवं अन्य बारहमासी नदियों के 50 किलोमीटर के दायरे की बसाहटों के लिये नगर निगम और विभाग द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में साध्यता के आधार पर पेयजल योजनायें तैयार की जा रही हैं। हर घर नल से जल योजना मध्यप्रदेश सरकार की एक अभिनव पहल है। आने वाले दिनों में इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

बौने ग्रह प्लूटो को 2006 में ग्रहों की बिरादरी से बाहर का दिया गया था। लेकिन हाल ही में इसके बारे में कुछ ऐसे राज मालूम हुये हैं जिनके बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या प्लूटो को फिर से ग्रह माना जाये और अपने सौर परिवार में शामिल किया जाये? अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान 14 जुलाई 2015 को प्लूटो की सतह से 7,750 मील ऊपर से गुजरा। लगभग तीन अरब मील दूरी तय करके न्यू होराइजन्स प्लूटो और उसके पांच चन्द्रमाओं के बीच से गुजरा। उस समय इस यान की गति 14 किलोमीटर प्रति सेकेण्ड यानि लगभग 58 हजार किलोमीटर प्रति घंटा थी, जिससे मिले चित्रों से ही प्लूटो के बारे में कुछ नई जानकारी मिली। इससे पता चला कि प्लूटो उतना छोटा नहीं है, जितना इसे माना जा रहा था। अब प्लूटो का व्यास 2,370 किलोमीटर मापा गया है, जबकि पहले यह 2,360 किलोमीटर मापा गया था। न्यू होराइजन्स को जनवरी 2006 में धरती से रवाना किया गया था उसी साल यह यान मंगल के करीब से गुजरा। उसने 2007 में बृहस्पति को, तो जून 2008 में शनि को पार किया। जुलाई 2011 में यूरेनस से आगे निकला और अगस्त 2014 में नेपच्यून के करीब से गुजरा। प्लूटो के चित्रों से इसके बारे में कई पुरानी धारणाएं टूटी तो कई नई जानकारी सामने आई। प्लूटो और उसके सबसे बड़े चन्द्रमा कैरॉन की पहली रंगीन तस्वीर न्यू होराइजन्स ने ही भेजी।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

रूस पर लगा चार साल का प्रतिबंध

ओलिंपिक खेलों में डोपिंग का असर

जापान की राजधानी टोक्यो में अगले साल खेलों के महाकुंभ ओलिंपिक का आयोजन होने जा रहा है। ओलिंपिक खेलों में विश्व के कई देशों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ओलिंपिक का आगाज होने में अभी काफी समय है, लेकिन डोपिंग के कारण ओलिंपिक खेल अभी से चर्चा में आ गये हैं। विश्व में खेलों की बड़ी शक्ति रूस पर डोपिंग के कारण चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध के कारण रूस टोक्यो ओलिंपिक में हिस्सा नहीं ले सकेगा। इससे प्रशंसक जरूर निराश होंगे, क्योंकि रूस के बिना ओलिंपिक का रोमांच अधूरा लगेगा।

मोहन सिंह पाल
(लेखक, खेल एवं समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

क्या है प्रकरण

खेलों में डोपिंग पर नजर रखने और लगाम लगाने वाली संस्था वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने रूस पर आरोप लगाए हैं कि रूस ने डोप टेस्ट के लिए अपने एथलीट्स के गलत सैंपल (नमूने) भेजे हैं। दरअसल रूस ने जनवरी 2019 में वाडा को अपनी सरकारी डोपिंग लैब का डाटा सौंपा था। रूस ने कहा था कि इस डाटा को सौंपने के बाद उसे वाडा की प्रतिबंधित लैब सूची से बाहर किया जाना चाहिए, लेकिन वाडा ने सैंपल की जांच कर कहा कि उसे जो डाटा मिला है, वह विश्वसनीय नहीं है। वाडा ने कहा कि रूस ने डोपिंग के मानकों का पालन नहीं किया है। इसी कारण वाडा की 12 सदस्यीय कार्यकारी समिति ने रूस के खिलाफ 4 साल के प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रतिबंध के कारण रूस टोक्यो ओलिंपिक के साथ-साथ कतर में प्रस्तावित फीफा वर्ल्डकप-2020 में भी हिस्सा नहीं ले पाएगा। इसके अलावा रूस विंटर ओलिंपिक और पैरालिंपिक खेलों में भी शिरकत नहीं कर सकेगा।

ओलिंपिक में शानदार रहा है रूस का प्रदर्शन

ओलिंपिक खेलों में रूस का प्रदर्शन हमेशा ही बेहतरीन रहा है। रूस का ओलिंपिक का इतिहास काफी पुराना रहा है। वर्ष 1996 से पहले रूस सोवियत यूनियन के रूप में ओलिंपिक में हिस्सा ले रहा था। वर्ष 1996 के बाद रूस नियमित रूप से ओलिंपिक खेलों का सदस्य रहा है। पिछले 24 सालों का प्रदर्शन देखा जाए तो, रूसी खिलाड़ियों ने ओलिंपिक खेलों में अपना डंका बजाया है। रूस ने वर्ष 1996 के अटलांटा ओलिंपिक से लेकर अब तक हुये ओलिंपिक खेलों में कुल 546 पदक जीते हैं, इनमें 195 स्वर्ण, 163 रजत और 188 कांस्य पदक शामिल हैं। रूस ने इनमें से 428 पदक ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों में जीते हैं, वहीं शीतकालीन ओलिंपिक खेलों में 120 पदक जीते हैं। रूस ने ओलिंपिक खेलों में सबसे ज्यादा 30 स्वर्ण पदक कुश्ती में जीते हैं।

रियो ओलिंपिक में रूस रहा चौथे स्थान पर

रियो ओलिंपिक खेलों में रूस के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया था। रियो में रूस ने 19 स्वर्ण, 17 रजत और 20 कांस्य सहित कुल 56 पदक जीते थे और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया था। रियो ओलिंपिक में रूस ने सर्वाधिक 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक) जिम्नास्टिक में जीते थे। इसके अलावा रूस ने कुश्ती में 9 और तलवारबाजी में 7 पदक भी जीते थे। रियो ओलिंपिक से पहले भी रूस पर डोपिंग का विवाद चल रहा था जिसके कारण रूस रियो ओलिंपिक में एथेलेटिक्स सहित कई इवेंट्स में भाग नहीं ले पाया था, इसके बावजूद रूस ने रियो ओलिंपिक में 56 पदक जीते थे।

अमेरिका सहित कई देशों को होगा फायदा

टोक्यो ओलिंपिक से रूस के बाहर होने से सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका, चीन, जापान, ब्रिटेन और ईरान को हो सकता है। इन देशों के सामने रूसी खिलाड़ी हमेशा से मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध से कुश्ती में ईरान और जापान को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, वहीं जिम्नास्टिक और एथेलेटिक्स में चीन, अमेरिका और ब्रिटेन के लिए चुनौती आसान हो जाएगी। हालांकि रूसी खिलाड़ी तटस्थ खिलाड़ी के रूप में ओलिंपिक में भाग लेकर अपनी चुनौती पेश कर सकते हैं, लेकिन ऐसे खिलाड़ियों की संख्या काफी कम होगी।

रूस के बाहर होने से भारतीय एथलीटों को भी लाभ मिल सकता है, क्योंकि ओलिंपिक में भारत को कुश्ती और मुक्केबाजी में पदकों की उम्मीद है। रूसी पहलवान और मुक्केबाज विगत वर्षों में अक्सर भारतीय खिलाड़ियों के सामने मजबूत चुनौती बने हैं।

क्या होती है डोपिंग

डोपिंग का अर्थ है खिलाड़ी द्वारा जानबूझकर या अनजाने में किसी ऐसी दवा का सेवन करना जिससे उसकी शारीरिक क्षमता या ताकत में एकाएक इजाफा होता है और इसके कारण किसी खेल का परिणाम प्रभावित हो सकता है। डोपिंग में शक्तिवर्धक दवाओं का इस्तेमाल खिलाड़ी अपनी शारीरिक क्षमता में वृद्धि कर विरोधी खिलाड़ियों को हराने या पीछे करने के लिए करते हैं, यह खेल के बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ होता है। इसीलिए खेल नियमों में इस कार्य को अवैध माना जाता है। साथ ही यह कृत्य करने वाले खिलाड़ियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाती है।

खेलों में डोपिंग को रोकने के लिए वर्ष 1999 में वाडा का गठन किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) द्वारा सभी सदस्य देशों के साथ समझौता कर वाडा की तरह अपने - अपने देशों में नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) की स्थापना की गई है।

डोप टेस्ट की प्रक्रिया

वाडा और नाडा किसी भी खेल टूर्नामेंट या प्रशिक्षण शिविर से पहले खिलाड़ियों का डोप टेस्ट कर सकती हैं। नाडा केवल अपने देश के खिलाड़ियों का डोप टेस्ट कर सकती है, वहीं वाडा को अधिकार है कि वो किसी भी देश के खिलाड़ी की जांच कर सकती है। डोप टेस्ट के लिए खिलाड़ियों के मूत्र और रक्त के सैंपल लिए जाते हैं। डोप टेस्ट के लिए खिलाड़ी का सैंपल एक बार ही लिया जाता है। इस सैंपल को दो चरणों में बांटा जाता है, पहले चरण को ए तथा दूसरे चरण को बी कहा जाता है। किसी खिलाड़ी का यदि ए सैंपल पॉजीटिव पाया जाता है, तो उसे दंडित या प्रतिबंधित किया जाता है। यदि खिलाड़ी चाहे तो डोपिंग पैनल से बी सैंपल को जांचने की अपील कर सकता है, यदि खिलाड़ी का बी सैंपल भी पॉजीटिव आ जाए तो उस खिलाड़ी पर आजीवन प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

कई बार खिलाड़ी अनजाने में भी ऐसी दवा का सेवन कर लेते हैं, जो कि वाडा की प्रतिबंधित दवा की सूची में शामिल होती है। ऐसी स्थिति में खिलाड़ी अपील कर सकता है, यदि खिलाड़ी ने यह दवा अनजाने में ली है, तो उसे सजा में रियायत मिल जाती है।

ओलिंपिक में डोपिंग

ओलिंपिक खेलों में डोपिंग का इतिहास काफी पुराना है। ओलिंपिक खेलों में डोपिंग का पहला मामला वर्ष 1904 में सेंट लुई ओलिंपिक में आया था। डोपिंग रोकने के प्रयास वर्ष 1920 से शुरू हुए। वर्ष 1928 में अंतर्राष्ट्रीय एथेलेटिक्स महासंघ ने डोपिंग रोकने के लिए कुछ नियम बनाये थे। वर्ष 1968 के मैक्सिको सिटी ओलिंपिक में पहली बार डोप टेस्ट अमल में लाया गया। ओलिंपिक में डोपिंग का बड़ा मामला वर्ष 2004 के एथेंस ओलिंपिक में आया। इस ओलिंपिक में 27 से अधिक खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन का दोषी पाया गया था, वहीं वर्ष 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में 45 खिलाड़ी डोप टेस्ट में पॉजीटिव पाये गए, इनमें से 23 खिलाड़ी पदक विजेता थे।

डोपिंग के कारण प्रतिबंधित होने वाला पहला देश होगा रूस

ओलिंपिक में अब तक विविध कारणों से कई देश प्रतिबंधित हो चुके हैं। रूस ओलिंपिक में प्रतिबंधित होने वाला नौवां देश है, लेकिन डोपिंग के कारण प्रतिबंधित होने वाला पहला देश होगा। अब तक डोपिंग के कारण खिलाड़ी ही प्रतिबंधित होते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि रूस पर प्रतिबंध की यह पहली कार्यवाही है। डोपिंग के कारण रूस के खिलाड़ी रियो ओलिंपिक में एथेलेटिक्स, रोइंग, भारत्तोलन और केनोइंग जैसे खेलों में हिस्सा नहीं ले सके थे। ओलिंपिक में रूस से पहले ऑस्ट्रिया, बुल्गारिया, हंगरी, जापान, तुर्की और जर्मनी पर विश्वयुद्ध में भाग लेने के कारण, वहीं दक्षिण अफ्रीका पर रंगभेद के कारण और अफगानिस्तान पर तालिबानी अत्याचारों के कारण प्रतिबंध लग चुका है।

(फोटो गूगल से साभार)

Ref No : 1988/EST/X/Rect

भर्ती सूचना

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय

223, अग्रिम स्थायी आयुध भण्डार, 17 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भंडार और 23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भण्डार की संयुक्त भर्ती

1. योग्य भारतीय नागरिकों के लिए 'सी' श्रेणी के पदों के लिए 223 अग्रिम स्थायी आयुध भण्डार, 17 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भण्डार और 23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भण्डार में निम्न दर्शाये गए मूल वेतन व आंशिक वेतन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. प्रार्थी अपना आवेदन पत्र सही ढंग से लिफाफे में बंद करके Ordinary Post/Registered Post/Speed Post द्वारा **कमांडेंट, 23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भण्डार, पिन-909723, मार्फत 56APO** पर भेजें. व्यक्तिगत तौर पर आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** रोज़गार और निर्माण **में प्रकाशित होने से 12 दिन तक की होगी,** उदाहरण 01-07 जनवरी, 2019 प्रकाशन का 02 जनवरी, 2019 पहला दिन होगा तथा 13 जनवरी, 2019 आवेदन प्राप्त का अंतिम दिन होगा. रोज़गार और निर्माण **सप्ताह** के लिए प्रकाशित होता है. साप्ताहिक प्रकाशन की दूसरी तिथि पहला दिन गिना जाएगा.

पद का नाम	मूल वेतन 7वें वेतन आयोग के अनुसार	शैक्षिक योग्यता	विभिन्न प्रकार के मान-दंडों में रिक्तियां
ट्रेडसमैन मेट (मजदूर)	वेतन दर रु. 18000/- से रु. 56900/- लेवल-01	दसवीं पास अथवा समकक्ष किसी स्वीकृत विश्वविद्यालय से	विभिन्न श्रेणियों में अस्थायी रिक्तियों को (अनारक्षित पद/आर्थिकपक्ष से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति/अनु.जन जाति) (विकलांग/एमएस-पी/ईएसएम) नीचे दर्शाया गया है. @
एमटीएस (सफाई कर्मचारी)		दसवीं पास अथवा समकक्ष किसी स्वीकृत विश्वविद्यालय से वांछित एक वर्ष का कार्यानुभव.	
फायरमैन (केवल पुरुष उम्मीदवार)	वेतन दर रु. 19900/- से रु. 63200/- लेवल-02	दसवीं पास अथवा समकक्ष किसी स्वीकृत विश्वविद्यालय से	
कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक)		10 + 2 पास अथवा समकक्ष किसी स्वीकृत विश्वविद्यालय से	

नोट-1 : @ विभिन्न श्रेणियों में अस्थायी रिक्तियों को (अनारक्षित पद/आर्थिकपक्ष से कमजोर वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनुसूचित जाति/अनु.जन जाति) नीचे दर्शाया गया है. एक उम्मीदवार कोई भी एक पद के लिए ही आवेदन दे सकता है, क्योंकि परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाएगी :

पद का नाम	कुल पद	यूनिट	पद	श्रेणी					कुल आरक्षित पद		
				अनारक्षित पद	अनुसूचित जाति	अनु. जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक पक्ष से कमजोर वर्ग	भूतपूर्व सैनिक	विकलांग	खिलाड़ी
ट्रेडसमैन मेट (मजदूर)	62	223 ABOD	30	12	09	-	06	03	03	02XOH 02XHH	02
		23 FAD	32	19	-	-	10	03	03	03XOH 03XHH	02
फायरमैन (केवल पुरुष उम्मीदवार)	35	223 ABOD	13	06	05	-	01	01	01	-	01
		23 FAD	22	09	05	-	06	02	02	01 XHH	01
कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक)	09	223 ABOD	07	03	-	-	03	01	01	-	-
		23 FAD	01	-	-	-	-	01	-	-	-
		17 FAD	01	-	-	-	-	-	01x OBC	-	-
एमटीएस (सफाई कर्मचारी)	02	23 FAD	02	02	-	-	-	-	-	01 XVH	-

2. आयु की गणना : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित होने से **12 दिन के बाद** की होगी, उदाहरण **01-07 जनवरी, 2019** प्रकाशन का **02 जनवरी, 2019** पहला दिन होगा तथा **13 जनवरी, 2019** आवेदन प्राप्ति का अंतिम दिन होगा. रोज़गार और निर्माण सप्ताह के लिए प्रकाशित होता है. साप्ताहिक प्रकाशन की दूसरी तिथि पहला दिन गिना जाएगा. अगर आवेदक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, लद्दाख (UT), नगालैंड, अंडमान व निकोबार, आईलैंड और लक्षद्वीप, लाहौल और स्पीति जिला के पांगी सब डिवीजन का चंबा जिला से संबंधित आवेदकों के लिए अंतिम तिथि रोज़गार सूचना प्रकाशित होने के **19 दिन तक** की होगी. आयु सीमा भर्ती सूचना प्रकाशन की अंतिम तिथि से गिनी जाएगी.

3. सभी भर्ती हिदायतें और आवेदन पत्र **www.indianarmy.nic.in** तथा **www.ncs.gov.in** पर विस्तार में उपलब्ध है. विज्ञापन में बदलाव होने पर **www.indianarmy.nic.in** तथा **www.ncs.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा.

4. आवेदनपत्र जैसा कि वेबसाइट पर दिया गया है, वैसा नहीं पाये जाने पर मान्य नहीं होगा तथा इसके बारे में कोई भी प्रतिनिधित्व स्वीकार्य नहीं होगा.

नोट-2 : शारीरिक विकलांग, भूतपूर्व सैनिक और होनहार खिलाड़ी जो कि नियुक्ति के लिए चयन किए जाएंगे वो उनके संबंधित वर्ग (UR/SC/ST/OBC) में दर्शाये जाएंगे, जिससे कि वो संबंधित हैं और वो आरक्षित सीटों के ऊपर नियुक्त किए जाएंगे जैसे PH, ESM & MSP.

नोट-3 : हर उम्मीदवार को अपने पसंद के यूनिट को आवेदन पत्र में लिखना होगा याने 23 FAD, 17 FAD अथवा 223 ABOD. यह स्पष्ट किया गया है कि चयनित उम्मीदवार के लिए अलग-अलग सूची जारी की गयी मैरिट और रिक्तियों की संख्या के आधार पर प्रत्येक यूनिट के लिए अधिकारी बोर्ड के द्वारा तैयार की जाएगी. किसी विशेष यूनिट को जारी रिक्तियों के लिए उम्मीदवारों के चयन का निर्णय एक यूनिट में उपलब्ध रिक्तियों की योग्यता और संख्या के आधार पर अधिकारी बोर्ड के द्वारा किया जाएगा. सभी यूनिटों के लिए एक समान आरक्षित सूची तैयार की जाएगी.

नोट-4 : किसी एक पद के लिए प्रार्थियों की संख्या को कम करने हेतु अनुपात (%) के हिसाब से आवेदन पत्रों की जांच पड़ताल आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के आधार पर होगी. आवेदन पत्रों का एक स्तर (Bench Mark) निर्धारित किया जाएगा. कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) एवं MTS (सफाई कर्मचारी) के कम से कम अनुपात 1:50 आवेदनपत्र एक कैटेगरी के एक पद के लिए हो. जिन पदों के लिए सहनशक्ति जांच (Physical Endurance Test) लिखित परीक्षा से पहले है जैसा कि फायरमैन, ट्रेडसमैन मेट (मजदूर) उनका अनुपात 1: 75 आवेदन पत्र एक पद के लिए हो. जो प्रार्थी शारीरिक जांच (जहां लागू है) में असफल रहते हैं उनको लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा. स्किल टेस्ट (जहां लागू है) लिखित परीक्षा से पहले होगा जिसे पास करना होगा.

5. पदों पर नियुक्त हुए व्यक्तियों को पूरे भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है जिसमें युद्ध क्षेत्र सेवा (Field Services) भी आती हैं. आवेदक को **Appendix 'B'** के अनुसार स्व प्रमाणित प्रमाणपत्र देना होगा.

6. आयु सीमा में छूट केवल फायरमैन, ट्रेडसमैन (मजदूर) और कनिष्ठ कार्यालय (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) पद के लिए इस प्रकार से है :

संख्या	कॅटैगरी	आयु छूट	टिप्पणी
(क)	अनारक्षित	18 वर्ष से 25 वर्ष	
(ख)	अन्य पिछड़ा वर्ग	18 वर्ष से 28 वर्ष	
(ग)	अनुसूचित जाति/ अनु. जन जाति	18 वर्ष से 30 वर्ष	
विकलांग			
(घ)	अनारक्षित	18 वर्ष से 35 वर्ष	विकलांगों के पास विकलांगिता का प्रमाण पत्र CMO/Civil/ Surgeon सरकारी हस्पताल द्वारा जारी किया गया होना चाहिए और उसमें ये लिखा हो कि प्रार्थी किस विकलांगता से हैं और उसकी विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं है. वो प्रार्थी योग्य होगा.
(च)	अन्य पिछड़ा वर्ग	18 वर्ष से 38 वर्ष	
(छ)	अनुसूचित जाति/ अनु. जन जाति	18 वर्ष से 40 वर्ष	
होनहार खिलाड़ी			
(ज)	अनारक्षित	18 वर्ष से 30 वर्ष	(i) जिस व्यक्ति ने किसी भी खेल में राज्य अथवा देश की तरफ से राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा (Competition) में भाग लिया हो. (ii) किसी भी विश्वविद्यालय में खेल विभाग बोर्ड द्वारा करवाई गई खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो. (iii) किसी भी स्कूल टीम में राष्ट्रीय खेल हो जो कि (All India School Games Federation) द्वारा करवाये जाते हैं में भाग लिया हो. राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान के अंतर्गत खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया हो. खेलों की सूची **Appendix 'C'** के तहत संलग्न की गयी है. खिलाड़ी का प्रमाण पत्र **Appendix 'D'** में दिये गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए (Form-1, Form-2, Form-3, Form-4, अथवा Form-5)
(झ)	अन्य पिछड़ा वर्ग	18 वर्ष से 33 वर्ष	
(ट)	अनुसूचित जाति/ अनु. जन जाति	18 वर्ष से 35 वर्ष	

भूतपूर्व सैनिक			
(ठ)	भूतपूर्व सैनिक	आयु एक फार्मूले के तहत निर्धारित की जाएगी जैसा कि Army/Navy/ Air Force में की गयी नौकरी को असल आयु में से निकालना है और जो आयु आएगी वो आयु किसी भी पोस्ट की ऊपरी सीमा से 3 वर्ष से ज्यादा न हो.	भूतपूर्व सैनिकों के पास अपने रिकॉर्ड दफ्तर (Records Office) द्वारा जारी किया गया Discharge Certificate होना चाहिए.

7. आर्थिकपक्ष से कमजोर वर्ग व्यक्तियों के पास आमदनी और संपत्ति प्रमाणपत्र किसी भी निम्नलिखित authority द्वारा जारी किया गया हो, जैसा कि **Appendix 'E'** में दर्शाया गया है :

(क) जिला अधिकारी/अतिरिक्त जिला अधिकारी/कलेक्टर/डिप्टी कमिश्नर/अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर/एसडीएम/ तालुका मजिस्ट्रेट/एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक कमिश्नर.

(ख) मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट.

(ग) रेवेन्यू अधिकारी तहसीलदार के नीचे के पद का ना हो.

(घ) सब डिविजनल अधिकारी, जिस स्थान में अभ्यर्थी और/या उसका परिवार रहता है.

नोट-4 : सेना मुख्यालय के आदेशानुसार 31 दिसंबर, 2015 के बाद जो प्रार्थी 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 के दौरान जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के मूल निवासी रहे हैं, उनको ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी. प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि जो कि संबंधित जिला न्यायधीश अथवा राहत आयुक्त के द्वारा जारी किया गया हो एवं मूल प्रति शारीरिक/लिखित परीक्षा के दौरान दिखाना होगा.

8. **शारीरिक दक्षता जांच :** शारीरिक दक्षता जांच शारीरिक तौर पर स्वस्थ व कठिन ड्यूटि करने योग्य और नीचे दर्शाये गये विषयों में भी उत्तीर्ण होना जरूरी है :

क्रम संख्या	श्रेणी	शारीरिक दक्षता जांच
(क)	फायरमैन (केवल पुरुष उम्मीदवार)	(i) **ऊंचाई (बिना जूते) :** 165 cms अनु. जनजाति को 2.5 cms की छूट होगी. (ii) **छाती :** बिना फुलाए : 81.5 cms (iii) फुलाने पर- 85 cms (iv) **भार :** 50 Kg (न्यूनतम) **(ख)** शारीरिक सहनशक्ति जांच (i) **दौड़ :** 1.6 Km (6 मिनट में) (ii) 2.7 मीटर चौड़ी खाई को छलांग (Long Jump) लगाकर पार करना है. (iii) 63.5 Kg आदमी को उठाकर 183 मीटर दूरी तक 96 सेकेंड में जाना है. (iv) हाथों और पावों का इस्तेमाल करते हुए 3 मीटर सीधा रस्से पर चढ़ना है.
(ख)	ट्रेडसमैन मेट (मजदूर)	(i) दौड़ : 1.5 Km (6 मिनट में) (ii) 50 Kg वजन उठाकर 200 मीटर दूरी तक 100 सेकेंड में जाना है. **नोट :- (महिला उम्मीदवार के लिए) :** महिला उम्मीदवारों के शारीरिक दक्षता जांच का समय भर्ती बोर्ड अधिकारी के द्वारा तय किया जाएगा.
(ग)	एमटीएस (सफाई कर्मचारी)	लागू नहीं
(घ)	कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूत-पूर्व निम्न श्रेणी लिपिक)	(क) लिखित परीक्षा (निम्न श्रेणी लिपिक पद के लिए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (ख) टंकण जांच : (i) अंग्रेजी में टंकण जांच @ 35 WPM (शब्द प्रति मिनट) (ii) हिंदी में टंकण जांच @ 30 WPM (शब्द प्रति मिनट) (iii) समय- 10 मिनट

(च) विकलांग उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता जांच :

(i) बधिर विकलांग : बधिर उम्मीदवारों का शारीरिक परीक्षण सांकेतिक भाषा का प्रयोग करते हुए और विधि और मूल्यांकन व्यवस्था से किया जाएगा.

(ii) Orthopaedic विकलांग : Orthopaedic विकलांग अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षण नहीं लिया जाएगी. लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के अनुसार मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी.

(iii) Visually विकलांग : Visually विकलांग अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षण नहीं लिया जाएगी. लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के अनुसार मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी.

(छ) भूतपूर्व सैनिकों के लिए शारीरिक दक्षता जांच : शारीरिक दक्षता जांच भर्ती बोर्ड अधिकारी के द्वारा तय किया जाएगा.

(ज) होनहार खिलाड़ियों के लिए शारीरिक दक्षता जांच : होनहार खिलाड़ियों के लिए शारीरिक दक्षता जांच अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अन्य पिछड़ वर्ग/अनारक्षित वर्ग के अनुसार लिया जाएगा.

9. **लिखित परीक्षा :**

(क) फायरमैन, ट्रेड्समैन (मजदूर) और एमटीएस (सफाई कर्मचारी) श्रेणियों के लिए : संयुक्त लिखित परीक्षा (**Objective Type**) के प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी में नीचे दर्शाये गए के अनुसार होंगे :

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक (Marks)	समय	टिप्पणी
सामान्य तर्क शक्ति और सामान्य दक्षता	25	25	2 घंटे	प्रश्न पत्र मैट्रिक स्तर का होगा.
सामान्य अंक गणित	25	25		
सामान्य अंग्रेजी	50	50		
सामान्य सतर्कता	50	50		

(ख) कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) : कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) श्रेणी के लिए लिखित परीक्षा (**Objective Type**) के प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी भाषा में 12 वीं स्तर का होगा.

विषय	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक (Marks)	समय	टिप्पणी
सामान्य तर्क शक्ति और सामान्य दक्षता	25	25	2 घंटे (आंखों से विकलांग प्रार्थियों के लिए 20 मिनट ज्यादा दिया जाएगा)	प्रश्न पत्र 12 वीं स्तर का होगा.
सामान्य अंक गणित	25	25		
सामान्य अंग्रेजी	50	50		
सामान्य सतर्कता	50	50		

11. किसी भी प्रकार की घोखेबाजी करने से प्रार्थी को अयोग्य घोषित किया जाएगा. कोई छानबीन अथवा पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

12. सभी श्रेणियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा/लिखित परीक्षा की तारीखें कमांडेंट, 23 FAD के द्वारा उपयुक्त पाये गए उम्मीदवारों को उचित माध्यम से सूचित किया जाएगा.

13. प्रार्थी अपना आवेदनपत्र सही ढंग से लिफाफे में बंद करके Ordinary Post/Registered Post/Speed Post द्वारा दिये गये पते पर भेजें. व्यक्तिगत तौर पर आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे. प्रार्थियों से निवेदन है कि आवेदन पत्र भेजते समय लिफाफे के ऊपर **"APPLICATION FOR THE POST OF TRADESMAN (Mate)/JUNIOR OFFICE ASSISTANT (ERSTWHILE LDC)/FIREMAN/MTS (Safaiwala) और Ex Service Man/Gen/EWS/PH/MSP/SC/ST/OBC) "** (जो लागू न हो उसे काट दें) ये शब्द अवश्य लिखें.

14. आवेदनपत्र के साथ मूल प्रमाणपत्र संलग्न न करें. आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित की हुई प्रतिलिपियां लगाएं :

(क) जन्म प्रमाणपत्र

(ख) चिकित्सा प्रमाणपत्र जो कि अधिकृत चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जारी किया गया हो.

(ग) जाति प्रमाणपत्र (Appendix 'H') के अनुसार.

(घ) शिक्षा प्रमाणपत्र.

(च) भूतपूर्व सैनिकों के लिए Discharge Certificate की प्रतिलिपि जरूरी है.

(छ) विकलांगों के पास Appendix 'F' के अनुसार विकलांगता का प्रमाण पत्र CMO/Civil Surgeon सरकारी अस्पताल द्वारा जारी किया गया होना चाहिए और उसमें ये लिखा हो कि प्रार्थी किस विकलांगता से है और उसकी विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं है. वो प्रार्थी योग्य होगा.

(ज) मूल निवास प्रमाणपत्र.

(झ) होनहर खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता प्रमाणपत्र जैसा कि Appendix 'D' में दिखाया गया है जहां पर आवश्यक है.

(ट) दो अतिरिक्त पासपोर्ट आकार की फोटो (size 12 x 18 cms)

(ठ) किसी भी यूनिट में रोजगार करने हेतु स्वेच्छा प्रमाण पत्र जैसा कि Appendix 'B' में दिखाया गया है.

(ड) यदि अभ्यर्थी OBC वर्ग से संबंधित है तो Appendix 'G' में दर्शाये गए प्रमाणपत्र के अनुसार Non Creamy Layer प्रमाणपत्र पत्र संलग्न करें. यदि प्रमाणपत्र के सत्यापन के दौरान गलत पाया गया तो अभ्यर्थी को बिना कारण बताए निष्काषित किया जायेगा.

(ढ) आर्थिक पक्ष से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी आमदनी और सम्पत्ति प्रमाणपत्र Appendix 'E' के अनुसार संलग्न करें.

(ण) एक लिफाफे के ऊपर 25 रुपये की डाक टिकट लगा कर और अपना पता लिख कर भेजना है.

नोट 5: केंद्रीय कर्मचारी अपने एम्प्लॉयर (Employer) की तरफ से "NOC" भेजें नहीं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी.

15. उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेजों/प्रमाणपत्र कब्जे में होना चाहिए जैसा कि ऊपर para14 में दिया गया है.

16. अधूरे एवं अपठनीय आवेदन पत्र को अयोग्य माना जायेगा और उससे प्रार्थी को बिना बताए ही अस्वीकार किया जायेगा. सिर्फ योग्य प्रार्थियों को ही प्रथम परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा.

17. किसी एक पद के लिये प्रार्थियों की संख्या को एक उपयुक्त सीमा तक कम करने हेतु अनुपात (%) के हिसाब से आवेदन पत्रों की जांच पड़ताल आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी. जो प्रार्थी शारीरिक जांच (जहां लागू है) में असफल रहते हैं उनको लिखित परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा. अभ्यर्थियों का सूची संक्षेपन उनके द्वारा लिखित परीक्षा/शारीरिक परीक्षा/स्किल टेस्ट में प्रदर्शन के अनुसार होगा (जहां लागू है).

18. सभी कैटेगरी के टेस्ट साथ साथ होंगे और जिन प्रार्थियों ने भिन्न कैटेगरी के लिए आवेदन किया है, ये उनकी जिम्मेदारी है कि उनको किस कैटेगरी में हाजिर होना है. इसके लिये 23 FAD सुरानुस्सी, जलंधर (पंजाब) जिम्मेदार नहीं होगा. उन प्रार्थियों के लिए अलग से टेस्ट नहीं होगा जिन्होंने किसी और कैटेगरी में भी आवेदन किया है और उसमें हाजिर नहीं हो सकेंगे. एक ही अभ्यर्थी से एक से अधिक आवेदन पत्र रिजैक्ट करना Board of Officers के विवेक पर निर्भर करेगा.

19. भर्ती प्रक्रिया के दौरान यदि किसी प्रार्थी को शारीरिक चोट लगती है अथवा मौत हो जाती है तो इसके लिए यूनिट किसी प्रकार का हर्जाना भरने के लिये जिम्मेदार नहीं होगा.

20. केवल आधारभूत शैक्षणिक आवश्यक योग्यताएं पूरा करना ही आपको ये अधिकार नहीं देता कि आपको परीक्षा के लिये बुलाया जाए. प्रार्थियों का चुनाव बिल्कुल मैरिट के आधार पर होगा. चुनाव/नामंजूरी का अंतिम फैसला भर्ती करने वाले पदाधिकारी का होगा. सभी पद/रिक्तियां परिवर्तनीय है और भर्ती क्रिया कभी भी रद्द/ स्थगित/समाप्त की जा सकती है. ऐसा करने का अधिकार Appointing Authority को है.

21. SC/ST/OBC/PH प्रार्थी अनारक्षित वर्ग के प्रार्थियों के साथ प्रतियोग्यता कर सकते हैं. ऐसी स्थिति में उनको किसी भी तरह की छूट नहीं दी जायेगी.
22. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के अलावा कोई भी उच्च शैक्षणिक योग्यता को महत्व नहीं दिया जायेगा.
23. **कार्यस्थल :** यदि उम्मीदवार चयनित हो जाता है तो उसे समस्त भारत/युद्ध क्षेत्र सेवा सहित 223 ABOD, 17 FAD तथा 23 FAD में सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए.
24. यदि अतिरिक्त रिक्तियों को पूर्ण प्राधिकारी द्वारा जारी/कम किया जाता है, तो रिक्तियां कम अथवा ज्यादा हो सकती है.
25. **अस्वीकृति :** निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदक/आवेदन पत्र अस्वीकृत किए जा सकते हैं :
    (क) गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर.
    (ख) अनुचित साधनों के माध्यम से उम्मीदवार के लिए समर्थन प्राप्त करना.
    (ग) किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण.
    (घ) मनगढ़ंत दस्तावेज़ जमा करना.
    (च) चयन के लिए उसकी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनुचित साधनों का सहारा लेना.
    (छ) आवेदन पत्र में गलती पाने पर.
    (ज) भर्ती अधिकारी के द्वारा अगर कुछ गलत पाया गया.
    (झ) यदि अनिवार्य उपक्रम 223 ABOD, 17 FAD, 23 FAD में सेवा करने का आवेदन पत्र नहीं पाया जाता है जैसा कि Appendix 'B' में दिखाया गया है.
26. चयनित उम्मीदवारों को फायरमैन और कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) के पद के लिए AOC Records के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जायेगा. ट्रेड्समैन (मजदूर) और एमटीएस (सफ़ाई कर्मचारी) को नियुक्ति पत्र उनके संबंधित यूनिट के कमांडेंट के द्वारा जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक से चरित्र सत्यापन एवं चिकित्सा अधिकारी से मेडिकल फ़िटनेस प्रमाणपत्र की प्राप्ति के बाद दिया जायेगा.
27. प्रार्थी की नियुक्ति होने पर उसको दो वर्ष के लिए परिवीक्षा अवधि (Probation) हेतु रहना होगा. इस दौरान अगर वो अनुशासन को तोड़ता है या कार्य करने में अयोग्य पाया जाता है तो उसकी सेवाएं खत्म कर दी जाएगी.
28. 01 जनवरी, 2014 अथवा उसके बाद सरकारी सेवा में नियुक्त केंद्रीय कर्मचारियों को नई परिभाषित योगदान पेंशन योजना द्वारा नियुक्ति किया जायेगा.
29. भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी झगड़े को Civil Court के द्वारा जो कि जिला जलंधर (पंजाब) के अधीन आती है, सुलझाया जायेगा.
30. सिर्फ आवेदन का पंजीकरण करना किसी भी तरह से रोजगार की गारंटी नहीं है.
31. **चेतावनी :** उम्मीदवारों को पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को कम करने वाले किसी भी प्रकार के दुर्भावनापूर्ण प्रचार में शामिल होने वाले स्व-नियुक्त एजेंटों/दलालों के खिलाफ संरक्षित किया जाता है.
32. स्पष्ट रूप से, यह कहा गया है कि परीक्षणों के अनुसार योग्यता और bonafide दस्तावेजों पर कब्जा चयन प्रक्रिया के लिए एकमात्र मापदंड होगा.
33. उस प्रार्थी को अयोग्य माना जायेगा, जिसने एक से ज्यादा जीवित पति/पत्नी रखी हो.
34. जो प्रार्थी प्रशासन द्वारा दिये गये समय के अंतर्गत डिपो में रिपोर्ट नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी.
35. धोखेबाजों (Impostor) को पुलिस के हवाले किया जायेगा.
36. प्रार्थी प्रत्येक परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना पावती पत्र लेकर आयें अन्यथा उनको परीक्षा में बैठनें/शामिल नहीं होने दिया जायेगा.
37. महिला प्रार्थी को जांच/परीक्षा में कोई छूट नहीं दी जाएगी.
38. यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता नहीं दिया जायेगा. प्रत्येक परीक्षा/जांच का समय दो से पांच दिन या ज्यादा भी लग सकता है. प्रार्थी अपने खाने और रहने का प्रबंध खुद ही करें. डिपो इसके लिए जिम्मेवार नहीं होगा.

दिनांक : 18-11-2019 **(पी. के. चौहान)**
यूनिट 23 एएफडी **कर्नल**
द कमांडेंट, 23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भंडार सम्यादेशक
पिन-909723, मार्फत 56 ए.पी.ओ. **Appendix 'A'**

23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भंडार में (ट्रेडसमैन मेट (मजदूर) एमटीएस (सफाई कर्मचारी, फायरमैन एवं कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक) की सयुक्त भर्ती

भर्ती सूचना संख्या :

1. पद जिसके लिए आवेदन किया : .....
2. उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में) : .....
3. पिता का नाम : .....
4. जन्म तिथि : .....

स्व सत्यापित पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

DD		MM		YY			

5. आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के अनुरूप आयु :
   वर्ष.....माह.....दिन.....
6. **पत्राचार हेतु पता :** .....
   मकान नं./गली/गांव .....
   डाक..... जिला .....
   राज्य ..... पिन कोड.....
7. **स्थायी पता** .....
   मकान नं./गली/गांव .....
   डाक ..... जिला .....
   राज्य..... पिन कोड.....
8. शैक्षिक योग्यता : ..... (स्व प्रमाणित शैक्षिक प्रमाणपत्र लगाएं)

क्रम संख्या	शैक्षिक योग्यता	स्कूल का नाम	बोर्ड का नाम	कुल प्राप्तांक	प्राप्त प्रतिशत अंक		
(क)							
(ख)							

9. कैटेगरी जिसके लिए आवेदन किया : (चयन हेतु टिक लगाएं)

(क)	UR	SC	OBC	EWS	(ख)	PH	ESM	MSP

(ग) पसंद की यूनिट : .....
(i) पहली पसंद : .....
(ii) दूसरी पसंद : .....
(iii) तीसरी पसंद : .....

10. यदि पूर्व सैनिक के पद हेतु आवेदन किए :-
    (क) पंजीयन की तिथि (आर्मी/नेवी/एयरफोर्स) : .....
    (ख) रिटायरमेंट की तिथि :
    (ग) कुल सेवाः वर्ष.....माह.....दिन
11. यदि विकलांग (वधिर) कैटेगरी में फायरमैन के पद हेतु आवेदन किया है:
    (क) विकलांगता के प्रकार (OH/HH/VH/AI/MD) :
    (ख) विकलांगता का प्रतिशत
12. यदि किसी एम्प्लॉयमेंट एक्स्चेंज से पंजीकृत है : हां/नहीं
    यदि है, रजिस्ट्रेशन नंबर, एम्प्लॉयमेंट एक्स्चेंज का नाम निर्दिष्ट करें.
13. यदि केंद्रीय कर्मचारी है? हां/नहीं
    यदि हां, सर्विस की जानकारी दें :-

कर्मचारी का नाम	ऑफिस का नाम	पद	पद की तिथि

उद्घोषणा

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि आवेदन में निर्दिष्ट उपरोक्त विवरण मेरी सही जानकारी व विश्वास से सत्य व ठीक है. मैं समझता हूं कि किसी अवसर पर मेरे द्वारा दी गयी जानकारी विज्ञापन के अपेक्षा के अनुरूप पात्रता कसौटी पर संतुष्ट नहीं करते हैं या किसी स्तर पर गलत या ठीक नहीं पायी जाती है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्त रद्द/समाप्त की जा सकती है. मैं कहीं भी सेवा करने का इच्छुक नहीं हूं. मैं सहमत हूं कि विभाग को मेरा ट्रांसफर भारत में कहीं भी करने का अधिकार है.

दिनांक :..... **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

केवल कार्यालय रिकॉर्ड के लिए

1. आवेदन प्राप्त :.....
2. आवेदन स्वीकृत/रद्द :.....
3. निरस्तता हेतु कारण : अंडर एज/ओवर एज अधूरे दस्तावेज/असत्यापित फोटो या दस्तावेजों/निर्दिष्ट किए जाने वाला अन्य कोई कारण.
4. इंडेक्स नंबर .....परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि.....

बुलावा पत्र

(अनिवार्य : पृथक पन्ना पर संलग्न किया जाना चाहिए)

आवेदन सं. ..... सूचक सं. .....
(रिक्त छोड़ा जाना चाहिए)
.....
.....
.....

सी सं. /2019
.....
.....
.....

..... पद हेतु परीक्षा

1. ..... पद के प्रत्युत्तर में जमा किए गये अपने आवेदनपत्र का संदर्भ ग्रहण करें.
2. कृपया परीक्षा के लिए ..... को उपस्थित हों.
3. सभी प्रमाणपत्र (विज्ञापन में उल्लेखित) मूल प्रति में 4 x पासपोर्ट आकार की फोटो सहित साथ लाने होंगे. कोई आवास/भोजन उपलब्ध नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार को अनिवार्य रूप से 03 दिनों तक ठहरने के लिए तैयार होकर आना चाहिए.
4. निर्धारित तिथि/समय पर उपस्थित होने में असफल उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
5. इस पत्र को परीक्षा के सभी दिनों में प्रवेश के लिए सरकार द्वारा जारीकृत मूल फोटो पहचान प्रमाण सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. (मतदाता पहचान पत्र/चालन लाइसेंस/आधार कार्ड/पैन कार्ड)

पावती कार्ड

पद ट्रेडसमैन मेट (मजदूर), फायरमैन, एमटीएस (सफाई कर्मचारी) एवं कनिष्ठ कार्यालय सहायक (भूतपूर्व निम्न श्रेणी लिपिक)

1. उम्मीदवार का नाम (बड़े अक्षरों में) :
2. पिता कानाम :
3. पत्राचार हेतु पता :
   मकान नं./गली/गांव.....
   डाक अधिकारी.....तहसील.....
   जिला.....राज्य.....पिन कोड.....

स्व सत्यापित पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

4. इंडेक्स नंबर :.....
5. आवेदन स्वीकृत/रद्द :.....
6. निरस्तता हेतु कारण : अंडर एज/ओवर एज अधूरे दस्तावेज/असत्यापित फोटो या दस्तावेजों/निर्दिष्ट किए जाने वाला अन्य कोई कारण.
7. परीक्षा /साक्षात्कार की तिथि ..... समय .....
8. **परीक्षा का स्थान :** 23 युद्ध क्षेत्रीय गोला बारूद भंडार
   सुरानुस्सी, जालंधर (पंजाब)-144027
   निकट रेलवे स्टेशन : जालंधर शहर/जालंधर कैंटोन्मेंट

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर) **नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला–दुर्ग, छत्तीसगढ़ इंडिया 490001

विज्ञापन क्रमांक बीएसपी–37(भर्ती)/19–20 दिनांक 20.11.2019

Journey of Excellence

सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र में मैनेजर (ई–3 ग्रेड) –कंटिन्यूअस कास्टिंग ऑपरेशन्स –02 पद, सेकेन्डरी रिफायनरी यूनिट (एसआरयू) ऑपरेशन्स–01 पद, कनर्वटर ऑपरेशन्स–01 पद, मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ हाइड्रोलिक सिस्टम्स–03 पद, मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ कास्टर एरिया–02 पद, मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ सेकेन्डरी रिफायनरी यूनिट (एसआरयू)– 01 पद एवं मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ कनर्वटर–01 पद, कुल 11 पदों में नियुक्ति का अवसर

सेल, एक महारत्न कंपनी, जो ₹66,973 करोड़ के कारोबार के साथ भारत में इस्पात निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी है, भारतीय स्टील बाजार में अपनी प्रमुखता को बनाये रखने के लिए अपने प्रोडक्शन यूनिट्स, कच्चे माल के स्त्रोत व अन्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण की प्रकिया में है।

भिलाई इस्पात संयंत्र, जो सेल का ध्वजवाहक संयंत्र है, को देश में सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र होने के लिए 11 बार प्रधानमंत्री ट्रॉफी प्रदान की गई है। यह रेलपाँत, भारी स्टील प्लेट, शीयर्स, वायर रॉड्स तथा स्ट्रक्चरल्स का उत्पादन करता है। भिलाई इस्पात संयंत्र युवाओं से निम्नांकित पदों हेतु ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित करता है:–

I) पदों का विवरण :

क्र.	पद का नाम एवं ग्रेड	पदों की संख्या	निःशक्त व्यक्तियों हेतु अनुकूल चिन्हित*	शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव आवेदन करने की अंतिम तिथि को।
1	मैनेजर–कंटिन्यूअस कास्टिंग ऑपरेशन्स (ई–3)	02 (01 अनारक्षित, 01 अ.पि.वर्ग)		किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मैटलर्जी में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस.एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति के उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में कंटिन्यूअस स्टील कास्टिंग का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
2	मैनेजर–सेकेन्डरी रिफायनरी यूनिट (एसआरयू) ऑपरेशन्स (ई–3)	01 (01 अनारक्षित)		किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मैटलर्जी में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस.एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति के उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में लेडल फर्नेस/वेक्यूम डिगेसिंग मे ऑपरेशन का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
3	मैनेजर–कनर्वटर ऑपरेशन्स (ई–3)	01 (01 अनारक्षित)		किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मैटलर्जी में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति के उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में ब्लोइंग एण्ड टेपिंग ऑफ स्टील इन बी.ओ.एफ. कनर्वटर में न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
4	मैनेजर–मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ हाइड्रोलिक सिस्टम्स (ई–3)	03 (01 अनारक्षित, 01 अ.पि.वर्ग, 01 ईडब्ल्यूएस)	ओ एच (ओ एल) ए एच एच	किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मेकेनिकल में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति/निःशक्त उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में हाइड्रोलिक सिस्टम्स के मेंटेनेंस का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
5	मैनेजर–मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ कास्टर एरिया (ई–3)	02 (01 अनारक्षित, 01 अनुसूचित जाति)	ओ एच (ओ एल) ए एच एच	किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मेकेनिकल में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति/निःशक्त उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में कास्टर के सहित वाटर सर्किटस्, मोल्ड सर्किटस् इत्यादि का मेकेनिकल मेंटेनेंस का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
6	मैनेजर–मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ सेकेन्डरी रिफायनरी यूनिट (एसआरयू) (ई–3)	01 (01 अनारक्षित)	ओ एच (ओ एल) ए एच एच	किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मैकेनिकल में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस.एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति/निःशक्त उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में लेडल फर्नेस और आरएच डिगेसर के मैकेनिकल मेंटेनेंस का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।
7	मैनेजर–मैकेनिकल मेंटेनेंस ऑफ कनर्वटर (ई–3)	01 (01 अनारक्षित)	ओ एच (ओ एल) ए एच एच	किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से मैकेनिकल में पूर्णकालिक बी. ई./बी. टेक 65 प्रतिशत अंक के साथ सामान्य/अ.पि.वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस.एवं 55 प्रतिशत अंक के साथ अनु.जाति/अनु जन जाति/निःशक्त उम्मीदवारों के लिये। शैक्षणिक योग्यता के पश्चात अधिकारी संवर्ग में किसी इंटीग्रेटेड स्टील प्लाट में कनर्वटर और सभी मैकेनिकल एरिया जैसे जीसीपी, आईडी फेन इत्यादि के मैकेनिकल मेंटेनेंस का न्यूनतम 07 वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य है।

***अस्थि बाधित (ओ एच) [ओ.एल–एक पैर], श्रवण बाधित (एच एच)।**

उपरी आयु सीमा (35 वर्ष), आवश्यक **योग्यता एवं अनुभव आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर विचार किया जाएगा।**

II) शिथिलता :

आयु: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों के लिए उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की शिथिलता उनके लिए आरक्षित पदों में दी जायेगी। शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवारों को उपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की शिथिलता दी जायेगी। शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़े वर्ग से है, उन्हें आयु सीमा में संयुक्त शिथिलता दी जायेगी। भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को शासकीय दिशा निर्देशानुसार उनकी आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की जायेगी। जम्मू एवं कश्मीर राज्य में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक निवास करने वाले उम्मीदवारों को उनकी उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की शिथिलता दी जायेगी।

III) आरक्षण:

प्रचलित नियमों के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस के उम्मीदवारों को 'पद के विवरण' में जैसा दर्शाया गया है उसी अनुसार आरक्षण प्रदान किया जायेगा। शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्ति उनके लिए चिन्हित अनुकूल पद, जैसा कि पद के विवरण में दर्शाया गया है, में न्यूनतम 40 प्रतिशत निःशक्तता के साथ आवेदन कर सकते हैं।

'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को अन्य पिछड़े वर्ग को दी जाने वाली शिथिलता प्राप्त नहीं होगी। ऐसे उम्मीदवारों को 'सामान्य' श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार जो नॉन क्रीमी लेयर में आते है, उन्हें **निर्धारित प्रारूप में वर्तमान वित्तीय वर्ष में जारी किया गया प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों को जाति प्रमाण–पत्र राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार के नीचे के स्तर का न हो, के द्वारा शासकीय सेवा/सार्वजनिक उपक्रम में नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप (प्रारूप हमारे वेबसाइट** www.sail.co.in 'Careers' **लिंक में उपलब्ध है) में जारी किया गया हो** प्रस्तुत करना होगा।

नोट :

1. ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी में आरक्षण का लाभ लेने हेतु उम्मीदवारों को सेल के वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण पत्र दूसरे प्रारूप में स्वीकार्य नहीं होगा। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी एक सक्षम प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र ही उम्मीदवारों का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी में आरक्षण के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य होगा।

2. निःशक्त व्यक्ति अधिनियम के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के तहत निःशक्त व्यक्तियों के प्रावधान के अनुसार राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा (प्रारूप हमारे वेबसाइट www.sail.co.in'Careers' लिंक में उपलब्ध है)। उम्मीदवारों को शिथिलता के पश्चात पद के लिये निर्धारित शारीरिक मानदंडों को पूरा करना होगा। यदि उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल होता है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वीकार्य नहीं होगी। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ताकि शारीरिक रूप से निःशक्त उम्मीदवार की श्रेणी में उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जा सके।

अनु.जाति/अनु.जन जाति/अ.पि.वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/निःशक्त श्रेणी/ई डब्ल्यूएस की श्रेणी में एक बार आवेदन करने के पश्चात् श्रेणी में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है और न ही किसी अन्य श्रेणी का लाभ बाद में दिया जायेगा।

अस्वीकरण: ई.डब्ल्यू.एस. के लिये रिक्तियां अनंतिम हैं और भारत सरकार के आगें के निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन है।

IV) चिकित्सा मानदंड:

शारीरिक मानदंड:

न्यूनतम शारीरिक मानदंड	पुरुष	महिला
ऊंचाई	150 सें.मी.	143 सें.मी.
वजन	45 किलो	35 किलो
छाती का माप	72 सें.मी. एवं 75 सें.मी. फुलाने पर	75 सें.मी. एवं 79 सें.मी. फुलाने पर

दृष्टि मानदंड : पुरूष एवं महिला दोनो के लिए

न्यूनतम मानदंड	मानक
दूर दृष्टि	6/9 चश्में या बिना चश्मे के या 6/6 और 6/12 दूसरे नेत्र में चश्में एवं बिना चश्मे के।
निकट दृष्टि	दोनो नेत्र जे 1 चश्में एवं बिना चश्मे के। चश्में का पॉवर ± 4.0D से अधिक नहीं होना चाहिए।
कलर विजन	आवश्यक।
बॉयनोक्यूलर विजन	आवश्यक। सर्जिकल रूप से ऑपरेटेड और सही किया गया रिफ्रेक्ट स्वीकार्य होगा।

फील्ड ऑफ विजन सामान्य एवं नाइट ब्लाइंडनेस नहीं होना चाहिए। **श्रवण शक्ति सामान्य** (स्पीच फ्रीक्वेन्सी में 30 डी.बी. तक शिथिलता) होनी चाहिए। जहाँ कहीं भी आवश्यक हो एन्थोपोमैट्रिक मेजरमेंट के लिए बॉडी मास इंडेक्स के अनुसार हाइट व वेट नियमावली का पालन किया जायेगा।

उम्मीदवार को किसी भी प्रकार के डिफेक्ट से मुक्त व पूर्णतः स्वस्थ होना चाहिए। उपरोक्त वर्णित चिकित्सा मानदंड न्यूनतम आवश्यकतानुसार है। यद्यपि, उम्मीदवारों की नियुक्ति उनके सेल मेडिकल व हेल्थ पॉलिसी के मानदंड के अनुरूप कंपनी की चिकित्सकीय परीक्षा में पास होने के उपरांत ही की जायेगी।

V) चयन प्रक्रिया:

पात्र उम्मीदवारों की चयन प्रकिया साक्षात्कार के माध्यम से होगा। यदि किसी पद के लिए उम्मीदवारों का अनुपात 1:5 से अधिक हुआ तो ऑनलाइन (सीबीटी)/लिखित परीक्षा अनिवार्य रूप से चयन प्रकिया का भाग होगा, जिसके बाद अर्हित उम्मीदवार 1:3 के अनुपात में साक्षात्कार हेतु बुलाये जायेगें। ऐसी स्थिति में अंतिम चयन हेतु मैरिट लिस्ट ऑनलाइन (सीबीटी)/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के संयुक्त प्राप्तांकों को 80:20 (उसी क्रम में) का वेटेज देते हुए बनायी जाएगी।
ऑनलाइन (सीबीटी)/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की जानकारी प्रवेश पत्र /बुलावा पत्र के माध्यम एवं हमारी वैबसाइट www.sail.co.in के द्वारा दी जाएगी।

VI) परिवीक्षा :
चयनित उम्मीदवारों को पदभार ग्रहण करने पर स्थायीकरण के पूर्व 12 महीने की परिवीक्षा में रखा जायेगा।

VII) वेतनमान:

पद का नाम एवं ग्रेड	वेतनमान (₹)
मैनेजर (ई–3)	₹32900-3%-58000/-

VIII) परिलब्धियां एवं अन्य सुविधाएं :

मूलवेतन के अतिरिक्त औद्योगिक महंगाई भत्ता भी दिया जायेगा। उम्मीदवार कैफेटेरिया अप्रोच के अंतर्गत परक्यूजिट एवं लाभ जैसे कि भविष्य निधि, उपदान इत्यादि

कंपनी के नियमों के अनुसार के पात्र होगें। इसके अलावा, कंपनी के नियमों के अनुसार अन्य सुविधाएं जैसे कंपनी आवास सुविधा, चिकित्सा सुविधा स्वयं व आश्रितों के लिए इत्यादि भी दी जाती है। कंपनी आपके पूर्व नियोक्ताओं को वेतन/अवकाश वेतन, पेंशन अंशदान आदि के लिये कोई देय वहन नहीं करेगी।

IX) आवेदन शुल्क :

सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, ई.डब्ल्यू.एस उम्मीदवारों हेतु सभी पदों के लिये आवेदन शुल्क ₹500/–है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व निःशक्त जनों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

X) आवेदन कैसे करें :–

इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों को सेल की वेबसाइट www.sail.co.inat 'Careers' सपदा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। **किसी अन्य साधन/माध्यम से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं। पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्थायी होगी क्योंकि उनकी पात्रता की जॉच साक्षात्कार के समय की जायेगी। साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उम्मीदवार की उम्मीदवारी स्वीकृत की गई है। यदि ऐसा पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी असत्य है या फिर विज्ञापन में दी गई पात्रतानुसार नहीं है अथवा दस्तावेजों की वैधता के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने में उम्मीदवार असमर्थ होता है तो, पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर अथवा नियुक्त होने के पश्चात् भी रद्द की जा सकती है। भिलाई इस्पात संयंत्र बिना किसी सूचना के आवेदन निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं इस संबंध में उम्मीदवार से किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।

उम्मीदवारों को वेबसाइट में अपना आवेदन पंजीकृत करने के पूर्व निम्नलिखित उपलब्ध रखने होंगे:–

क. वैध ई–मेल आई.डी. जो कम से कम अगले एक वर्ष के लिए वैध रहें।

ख. आवेदन शुल्क के संबंध में नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान –सफलता पूर्वक ट्रान्जेक्शन होने के पश्चात् आवेदक के पास भुगतान की ई–रसीद होनी चाहिए।

ग. वेबसाइट में आवेदन फार्म में अपलोड करने के लिए उम्मीदवारों के पास अपने नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (केवल .jpg 50 KB से कम साइज) साथ ही साथ हस्ताक्षर (केवल .jpg 20KB से कम साइज) जो डिजिटल फार्म में होना चाहिए।

घ. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदन को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़े। यह निर्देश वेबसाइट में ही उपलब्ध है।

ङ. ऑन–लाइन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को सभी चरणों को पूरा करना होगा। अपूर्ण आवेदन/बिना शुल्क के आवेदन/पात्रता मानदडो को पूर्ण न कर पाने वाले आवेदन अस्वीकृत होंगे। इस संदर्भ में उम्मीदवार के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

ऑन–लाइन आवेदन करने/पंजीकरण की प्रक्रिया को निम्नलिखित तीन चरणों में पूर्ण किया जाना है:–

प्रथम चरण : उम्मीदवार का विवरण भरा जाना।

- सेल के कैरियर पेज www.sail.co.in पर जाना
- विज्ञापन को भलीभांति पढ़ना व अपनी पात्रता को सुनिश्चित करना।
- एप्लाई लिंक पर क्लिक करना।
- सभी आवश्यक जानकारियों को भरा जाना।
- उपलब्ध कराई गई जानकारियों सही है की पुष्टि करना एवं जमा करना।

द्वितीय चरण : शुल्क अदायगी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/निःशक्त/भूतपूर्व सैनिक/विभागीय उम्मीदवारों के लिए लागू नहीं है)

नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान

- नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान हेतु भुगतान गेट वे उपलब्ध कराया जाएगा। ऑन लाइन भुगतान हेतु देय ट्रांजेक्शन शुल्क उम्मीदवार को स्वयं वहन करना होगा।
- उम्मीदवारों के द्वारा आवदेन फार्म में प्रस्तुत की गई जानकारी की जांच कर सुनिश्चित करने के उपरान्त आवेदक आवश्यक शुल्क का भुगतान स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों के अनुसार करेंगे, तदुपरान्त किसी भी प्रकार के बदलाव/सुधार की अनुमति नहीं होगी ।

असफल ट्रांजेक्शन राशि की वापसी ऑटोमेटिक उसी खाते के माध्यम से की जायेगी, जिससे मूलतः भुगतान किया गया था।

तृतीय चरण : अंतिम पंजीकरण एवं अस्थायी पंजीकृत स्लिप का मुद्रण ।

1. नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान करने के लिए :– सफलतापूर्वक शुल्क का भुगतान पूर्ण होने पर ई–रिसिप्ट जनरेट होगी, जिसे मुद्रित कर रिकार्ड हेतु एवं नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा ।

नोट :

- यदि उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है या अदायगी संबंधी विवरण को आवेदन के साथ अंतिम रूप से सिस्टम में प्रविष्टि नहीं करता है तो इसके लिए सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र जिम्मेदार नहीं होगा और आवेदनकर्ता की उम्मीदवारी अपूर्ण व निरस्त मानी जायेगी।
- गलत प्रविष्टियों के प्रकरण में किसी भी स्थिति में भुगतान विवरण में सुधार व प्रवेश–पत्र जारी करने का निवेदन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा और उम्मीदवार की उम्मीदवारी स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
- यदि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है तो उम्मीदवार पुनः पंजीकरण कर ऑन लाइन भुगतान कर सकता है।
- शुल्क एक बार जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा। अतः उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वह आवेदन/प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने के पूर्व अपनी पात्रता की जॉच कर ले और साथ ही साथ भुगतान विवरण की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें।

XI) महत्वपूर्ण :

उम्मीदवारों को सभी प्रकार की सूचनाये केवल ई–मेल के माध्यम से ही दी जायेंगी। साक्षात्कार की जानकारी सेल की वेबसाइट पर डाली जायेंगी अथवा ई–मेल से भेजी जायेंगी। बुलावा पत्र अथवा अन्य सूचनायें प्रिंट करने, प्राप्त करने, डाउनलोड करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। यदि उम्मीदवार समय पर अपना ई–मेल/वेबसाइट नहीं खोलता है या उसे भेजा गया ई–मेल उम्मीदवार द्वारा गलत ई–मेल आई.डी. दिये जाने के कारण उसे विलंब से मिलता है या नहीं मिलता है तो ऐसी स्थिति में सेल, भिलाई इस्पात संयंत्र इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

उम्मीदवारों को अभी किसी भी प्रकार के दस्तावेज भिलाई इस्पात संयंत्र को भेजे जाने की आवश्यकता नहीं है। यदि उम्मीदवार के पास साक्षात्कार हेतु वैध फोटोयुक्त बुलावा–पत्र जो कि नीचे दिये गये समय–सारणी के अनुसार सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, उपलब्ध होगा।

उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आवेदित पद के लिए विज्ञापन मे मांगी गई पात्रता संबंधी शर्तों को पूर्ण करते हैं। निर्धारित पात्रता संबंधी मानदंडो के संतोषजनक होने पर उन्हें अस्थायी रूप से परीक्षा के सभी चरणों में शामिल किया जायेगा। चयन प्रक्रिया के किसी भी अवस्था में सत्यापन पर यदि यह पाया जाता है कि वे पात्रता मानदंडो को पूर्ण नहीं करते है तो उनकी उम्मीदवारी अविलंब निरस्त कर दी जायेगी।

XII) सामान्य शर्तें:

1. उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना व राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वांछित शैक्षणिक योग्यता रखना आवश्यक है।
2. जो उम्मीदवार आवश्यक अर्हताओं की पूर्ति नहीं कर रहें हो, वे आवेदन न करें। साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण–पत्रों की वैधता जांची जायेगी एवं कोई भी उम्मीदवार प्रमाण–पत्रों को प्रस्तुत करने में असफल होता है तो उसे साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। इसलिए उम्मीदवारों को आवेदन करने के पूर्व उनकी पात्रता को सुनिश्चित करना आवश्यक है।
3. बायोमेट्रिक पंजीयन एवं उम्मीदवार का अनुवर्ती सत्यापन चयन प्रकिया एवं पदभार ग्रहण करने के दौरान किया जावेगा।
4. दूरस्थ मोड/पत्राचार माध्यम/ऑफ कैंपस माध्यम के द्वारा प्राप्त की गई शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।
5. इंजीनियरिंग की डिग्री में प्राप्तांकों के प्रतिशत की गणना करने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जैसा विचार किया गया है भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वैसा ही मान्य किया जायेगा। इसके अभाव में सभी सेमेस्टर/वर्षों में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर प्रतिशत की गणना की जायेगी। जहां कहीं भी विश्वविद्यालय/संस्थान प्रतिशत के स्थान पर सीजीपीए स्कोर निर्धारित किया गया हो, वहा पर विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमों के अनुसार सीजीपीए स्कोर को समकक्ष प्रतिशत में परिवर्तित कर अर्हता निर्धारित की जाएगी। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान के द्वारा कोई मानदंड निर्दिष्ट नहीं किया जाता है तो सीजीपीए स्कोर को आनुपातिक आधार पर प्रतिशत में बदल दिया जाएगा। उदाहरण के तौर पर 10 में से 7.5 के सीजीपीए को 75% माना जाएगा।
6. विभागीय उम्मीदवार का तात्पर्य उन उम्मीदवारों से है जो वर्तमान में सेल के स्थायी कर्मचारी है न कि उनकी संतान।
7. उम्मीदवारों को जो साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं उन्हें सबसे छोटे मार्ग से की गयी यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर राजधानी एक्सप्रेस सहित एसी 3 टायर रेल भाड़े का भुगतान किया जायेगा।
8. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में सिफारिश लाने से उम्मीदवार को अयोग्य माना जायेगा।
9. निर्धारित पात्रताएं/अनुभव मानदंड न्यूनतम है एवं मात्र इन पात्रता मानदंडों की पूर्ति करने का यह अर्थ नहीं होगा कि आवेदक को साक्षात्कार के लिए योग्य माना गया है। इस संबंध में सेल/भिलाई इस्पात संयंत्र का निर्णय अंतिम होगा।
10. भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार को साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उनके शैक्षणिक योग्यता के असैनिक समतुल्यता (सिविल इक्वीवेलेंस) का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. चयनित उम्मीदवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के किसी भी खदानों में आवश्यकतानुसार सेवायें देनी होंगी।
12. यह विज्ञापन सेल की वेबसाइट www.sail.co.in (Careers link) पर उपलब्ध है। यदि रोजगार की सूचना के संबंध में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है, तो उसे सेल की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जायेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह सेल की वेबसाइट नियमित रूप से देखें।
13. उपरोक्त दिखाई गयी रिक्तियां अनंतिम (प्रोविजनल) है तथा आवश्यकतानुसार घटायी / बढ़ायी या शून्य की जा सकती है। इस स्थिति में भिलाई इस्पात संयंत्र किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
14. उम्मीदवार को आवेदन करते समय अपना नाम वैसा ही प्रविष्ट करना चाहिये जैसा कि उनके मैट्रिक या समकक्ष योग्यता के प्रमाण–पत्र में दर्शाया गया है।
15. उम्मीदवार जिन्हें स्थानीय रोजगार कार्यालय द्वारा प्रायोजित किया गया है, वे निर्धारित प्रणाली के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें, अन्यथा उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
16. शासकीय/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
17. यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./निःशक्तता का प्रमाण–पत्र हिन्दी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार को प्रमाण–पत्र की हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवादित स्व प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
18. उम्मीदवार पे–इन–स्लिप एवं रजिस्ट्रेशन स्लिप को संभालकर रखें जिसे भविष्य में संदर्भ के लिए प्रस्तुत करना होगा।
19. भिलाई इस्पात संयंत्र विज्ञापन में दिये गये आवश्यकताओं को यदि जरूरत हो तो रद्द करने/कम करने/बढाने/परिवर्तित करने/बदलाव करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है जिसके लिए कोई कारण बताना या सूचना देना आवश्यक नहीं होगा।
20. ऑन–लाइन आवेदन जमा करने का तात्पर्य यह है कि उम्मीदवार ने विज्ञापन को भली–भांति पढ़ लिया है, समझ लिया है एवं उन्हें सभी नियम व शर्तों की जानकारी है। इसलिए उम्मीदवार को आवेदन करने के पूर्व यह सुनिश्चित करना है कि वह सभी शर्तों को समझते हैं।
21. किसी भी विवाद का क्षेत्राधिकार दुर्ग छ.ग. न्यायालय होगा।
22. विज्ञापन में किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर अंग्रेजी भाषा में जारी किया गया विज्ञापन ही मान्य होगा।

महत्वपूर्ण तिथियां:

1	ऑन–लाइन आवेदन प्रविष्टि करने की प्रारंभिक तिथि	रू	14.12.2019
2	ऑन–लाइन आवेदन प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि	रू	04.01.2020
3	शुल्क भुगतान विवरण प्रविष्टि की अंतिम तिथि	रू	05.01.2020
4	पेमेंट रिकन्सिलिएशन स्टेट्स के साथ एडिट ऑप्शन की उपलब्धता	रू	यह जानकारी वेबसाइट पर दी जायेगी।
5	एडिट ऑप्शन उपलब्धता की अंतिम तिथि	रू	
6	वेबसाइट पर साक्षात्कार हेतु बुलावा–पत्र उपलब्धता की तिथि	रू	
7	साक्षात्कार की अनुमानित तिथि	रू	बुलावा–पत्र में दिया जायेगा।

नोट: किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण के मामले में उम्मीदवार 0788–2227861 पर कार्यालयीन समय में (9:00AM से 5:30PM) संपर्क कर सकते हैं।

******

भारतीय वायु सेना /Indian Air Force

अविवाहित पुरुष (भारतीय/नेपाली) उम्मीदवारों से इंटेक 01/2021 के लिए ग्रुप 'एक्स' ट्रेडों (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़कर) और ग्रुप 'वाई' ट्रेडों {ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर} में एयरमैन की भर्ती के लिए चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं.

ऑनलाइन पंजीकरण की तारीखें : 02 जनवरी 2020 से 20 जनवरी, 2020

ऑनलाइन परीक्षा की तारीखें : 19 मार्च 2020 से 23 मार्च, 2020

सावधान

भारतीय वायुसेना में चयन "निष्पक्ष और पारदर्शी" तरीके से तथा केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है. भारतीय वायुसेना में चयन या भर्ती के लिए किसी व्यक्ति को किसी भी स्तर पर कोई रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती/चयन एजेंट के रूप में प्रस्तुत करने वाले बेईमान व्यक्तियों के बहकावे में न आएं.

परीक्षण क्षेत्र में मोबाइल फोन/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अनुमति नहीं है.

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

1. आवेदन उम्मीदवारों द्वारा केवल ऑनलाइन भरे जाएंगे और तत्संबंधी विस्तृत अनुदेश **www.airmenselection.cdac.in** तथा **www.careerindianairforce.cdac.in** पर उपलब्ध हैं.
2. यह परीक्षा केवल एक भर्ती के लिए वैध होगी.
3. **ऑनलाइन पंजीकरण 2 जनवरी 2020 को प्रारंभ होगा और 20 जनवरी 2020 को बंद हो जाएगा.** केवल ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन स्वीकार किए जाएंगे.
4. संबंधित उम्मीदवारों द्वारा यथास्थिति अनुसार निम्नांकित दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता होगी:
   (क) 10वीं कक्षा/मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण प्रमाणपत्र.
   (ख) इंटरमीडिएट/10+2 या समकक्ष परीक्षा की अंक तालिका/अंक तालिकाएं (यदि 12वीं/इंटरमीडिएट या समकक्ष शैक्षिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर रहे हों) **अथवा**
   (ग) 3 वर्षीय इंजीनियरी डिप्लोमा अंतिम वर्ष की अंक तालिका (यदि निर्धारित विषय में सरकार से मान्यता प्राप्त पोलिटेक्निक संस्थान से 3 वर्षीय इंजीनियरी डिप्लोमा के आधार पर आवेदन कर रहे हों)
   (घ) 10 केबी से 50 केबी आकार का पासपोर्ट आकार का नवीनतम (**दिसंबर 2019** से पहले का न हो) रंगीन फोटोग्राफ (सिखों को छोड़कर टोपी या साफा रहित लाइट बैकग्राउंड में सामने का पोज दर्शाते हुए). उम्मीदवार को फोटो खिंचवाते समय अपने सीने पर काली स्लेट रखनी चाहिए, जिस पर चाक से स्पष्ट अक्षरों में उम्मीदवार का नाम और फोटोग्राफ की तारीख लिखी गई हो.
   (ङ) उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगूठे की छाप का चित्र (10 केबी से 50 केबी आकार का).
   (च) उम्मीदवार के हस्ताक्षर का चित्र (10 केबी से 50 केबी आकार का).
   (छ) उम्मीदवार के माता पिता (पिता/माता)/अभिभावक के हस्ताक्षर का चित्र (यदि उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख को 18 वर्ष से कम हो)
   (ज) डिप्लोमा (यदि उम्मीदवार 3 वर्षीय इंजीनियरी डिप्लोमा योग्यता के आधार पर आवेदन कर रहा हो) में अंग्रेजी विषय में अंक दर्शाने वाली अंक तालिका अथवा यदि डिप्लोमा में अंग्रेजी एक विषय न रहा हो तो 12वीं/10वीं कक्षा की अंक तालिका, जिसमें अंग्रेजी के अंक दिए गए हों.
5. **परीक्षा शुल्क :** ऑनलाइन परीक्षा के लिए पंजीकरण करते समय उम्मीदवार को परीक्षा शुल्क के रूप में रु. 250/- का भुगतान करना होगा. यह भुगतान पेमेंट गेटवे के जरिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करते हुए किया जा सकता है. परीक्षा शुल्क का भुगतान एक्सिस बैंक की किसी शाखा में चालान के जरिए भी किया जा सकता है.
6. ऑनलाइन पंजीकरण की सफलता के लिए उम्मीदवार का अपना वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अवश्य होना चाहिए.
7. उम्मीदवार को अपना आधार कार्ड संख्या पास में रखना चाहिए.
8. उम्मीदवारों को अस्थायी प्रवेश पत्रक के रंगीन प्रिंट के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा. यदि परीक्षा केंद्र पर अथवा चयन प्रक्रिया के परवर्ती किसी भी चरण में प्रारंभिक जांच के दौरान किसी विसंगति/अनियमितता/गलत जानकारी का पता चलता है, तो उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से रोक दिया जाएगा.
9. चयन परीक्षा (चरण I और II) तथा चिकित्सा परीक्षा के लिए रिपोर्ट करते समय उम्मीदवार को वैध पहचान पत्रक प्रस्तुत करना होगा.
10. अपेक्षित शैक्षिक योग्यता, शारीरिक/चिकित्सा मानदंड और कार्य के स्वरूप का ब्यौरा उम्मीदवार के लाग इन के अंतर्गत सीएएसबी वेबपोर्टल पर उपलब्ध है और यह जानकारी उम्मीदवार द्वारा बिना साइनिंग के एक्सेस की जा सकती है.
11. **सीएएसबी के अध्यक्ष को चरण I और II के लिए परीक्षा केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित है. भले ही वह उम्मीदवार की पसंद के अनुसार हो या न हो.**

1. भारतीय वायुसेना अविवाहित भारतीय पुरुष (नेपाली नागरिक भी पात्र हैं) उम्मीदवारों से ग्रुप 'एक्स' ट्रेडों (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़कर) और ग्रुप 'वाई' ट्रेडों {ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर} में एयरमैन की भर्ती के लिए 19 मार्च 2020 से 23 मार्च 2020 तक चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है. (यह चयन परीक्षा कमीशंड ऑफिसर्स/पायलटों/नेवीगेटरों के रूप में चयन के लिए नहीं है)

पात्रता मानदंड :

2. **जन्मतिथि संबंधी मानदंड :**
   (क) 17 जनवरी 2000 से 30 दिसंबर, 2003 (दोनों दिन समाहित) के बीच पैदा हुए उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं.
   (ख) यदि कोई उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के सभी स्तर उत्तीर्ण करता है, तो ऊपरी आयु सीमा भर्ती की तारीख को **21 वर्ष** होगी.
3. **शैक्षिक योग्यता :**
   (क) ग्रुप 'एक्स' (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़ कर)
   सी.ओ.बी.एस.ई. सदस्य के रूप में सूचीबद्ध किसी शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिक विज्ञान और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो, जिसमें न्यूनतम 50 प्रतिशत समग्र अंक और 50 प्रतिशत अंक अंग्रेजी में हासिल किए हों. अथवा सीएएसबी वेब पोर्टल www.airmenselection.cdac.in पर उम्मीदवार के लॉग इन के अंतर्गत अप्लाई ऑनलाइन सेक्शन के ड्रॉपडाउन मेन्यू में वर्णित इंजीनियरी के किसी भी विषय में 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण किया हो. उम्मीदवार ने यह कोर्स न्यूनतम 50 प्रतिशत समग्र अंकों के साथ और डिप्लोमा में अंग्रेजी विषय में (अथवा डिप्लोमा में अंग्रेजी एक विषय न रहा हो, तो इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ सरकार से मान्यता प्राप्त पोलिटेक्निक संस्थान से पूरा किया हो.
   (ख) ग्रुप 'वाई' {ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर} ट्रेडों के लिए :
   सीओ.बी.एस.ई. सदस्य के रूप में सूचीबद्ध केंद्रीय/राज्य शिक्षा बोर्डों द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी धारा/विषय में इंटरमीडिएट/10+2/समक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत समग्र अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो. अथवा सी.ओ.बी.एस.ई. सदस्य के रूप में सूचीबद्ध शिक्षा बोर्डों से दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में न्यूनतम कुल 50 प्रतिशत और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी विषय न हो तो इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हो.
   (ग) केवल ग्रुप 'वाई' मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए : सी.ओ.बी.एस.ई. सदस्य के रूप में सूचीबद्ध शिक्षा बोर्डों से 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत समग्र अंकों और अंग्रेजी में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो.

नोट-1 : ग्रुप 'एक्स' परीक्षा के लिए पात्र (इंटरमीडिएट/10+2 के आधार पर) उम्मीदवार ग्रुप 'वाई' के लिए भी पात्र होंगे और ऑनलाइन पंजीकरण फार्म भरते समय उन्हें एक ही सिटिंग में ग्रुप 'एक्स' और ग्रुप 'वाई' परीक्षा दोनों में बैठने का विकल्प प्रदान किया जाएगा.

नोट-2 : डिप्लोमाधारक केवल ग्रुप 'एक्स' ट्रेडों के लिए पात्र होंगे.

नोट-3 : केवल उन शिक्षा बोर्डों पर विचार किया जाएगा, जो पंजीकरण की तारीख को सदस्य के रूप में स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद (सीओबीएसई) वेबसाइट पर सूचीबद्ध होंगे.

नोट-4 : 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा/3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स की अंक तालिका में दशमलव से पहले लिखे गए समग्र प्राप्तांक प्रतिशत अथवा सम्बद्ध शिक्षा बोर्ड/पोलिटेक्निक संस्थान के नियमानुसार परिगणित प्रतिशत अंक मान्य होंगे (उदाहरण के लिए 49.99 प्रतिशत को 49 प्रतिशत समझा जाएगा और उसे राउंडिड ऑफ के रूप में 50 प्रतिशत नहीं माना जाएगा).

4. **अनिवार्य चिकित्सा मानदंड :**
   (क) ग्रुप 'एक्स' (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़कर) और ग्रुप 'वाई' ट्रेडों {ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर} के लिए सामान्य चिकित्सा मानदंड नीचे दिए गए हैं:
   (i) कद : न्यूनतम स्वीकार्य कद **152.5 सेंमी** है. **(ii) सीना: फुलाने की रेंज:** 5 सेंमी. **(iii) भार :** कद और आयु के अनुपात में. **परंतु, केवल ऑपरेशंस असिस्टेंट (एटीएस) ट्रेड के लिए न्यूनतम भार 55 किलोग्राम होना चाहिए. (iv)** कार्निअल अर्थात् आंख की सर्जरी (पीआरके/लैसिक) स्वीकार्य नहीं होगी. **(v) श्रवण शक्ति:** उम्मीदवार की श्रवण शक्ति सामान्य होनी चाहिए, अर्थात् वह प्रत्येक कान से अलग अलग 6 मीटर की दूरी से फुसफुसाहट सुनने में सक्षम होना चाहिए. **(vi) दांत :** उम्मीदवार के मसूड़े स्वस्थ होने चाहिए, दांतों का सेट बेहतर होना चाहिए और न्यूनतम 14 दंत बिंदु होने चाहिए. **(vii) सामान्य स्वास्थ्य:** उम्मीदवार की शरीर रचना (एनॉटॉमी) सामान्य होनी चाहिए और उसे किसी उपांग (एपेंडेज) की हानि नहीं होनी चाहिए. वह किसी प्रकार की सक्रिय या प्रच्छन्न, प्रखर या पुरानी, चिकित्सीय अथवा सर्जिकल अपंगता या संक्रमण और त्वचा रोग से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार विश्व के किसी भी हिस्से, किसी भी जलवायु और किसी भी क्षेत्र में ड्यूटी करने में शारीरिक या मानसिक दृष्टि से फिट होना चाहिए.
   (ख) विभिन्न ग्रुपों/ट्रेडों के लिए चिकित्सा मानदंड का ब्यौरा सीएएसबी वेब पोर्टल **www.airmenselection.cdac.in** पर उपलब्ध है.
5. **मादक औषधियों और नशीले पदार्थों (एन.डी.पी.एस.) का सेवन:** एन.डी.पी.एस. अधिनियम, 1985 के अंतर्गत प्रतिबंधित मादक औषधियों और नशीले पदार्थों का सेवन **भारतीय वायु सेना में चयन हेतु रद्दता मानदंड होगा** और नामांकन के बाद ऐसी औषधियों तथा पदार्थों को रखने या भंडारण या वितरण अथवा सेवन में संलिप्त पाए गए वायु सैनिकों पर भा.वा.सेना से बर्खास्तगी सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.
6. **स्थायी टेटू: शरीर पर स्थायी टेटू की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन बाजू के भीतरी भाग (कलाई या कुहनी के भीतर की ओर), हाथ के पिछले हिस्से/हथेली के पीछे की ओर टेटू होने पर विचार किया जा सकता है.** जनजातीय लोगों के मामले में उनके रीति रिवाज और परंपराओं के अनुरूप टेटुओं पर विचार किया जा सकता है, परंतु, किसी उम्मीदवार की स्वीकार्यता/अस्वीकार्यता का निर्णय चयन केंद्र पर निर्भर करेगा. **शरीर पर स्थायी टेटू वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के दूसरे चरण के दौरान, टेटू के आकार और प्रकार के ब्यौरे के साथ दो फोटोग्राफ (निकट से लिए गए और दूर से लिए गए) प्रस्तुत करने होंगे.** नामांकन के बाद ऐसे उम्मीदवारों को बाल/शेव/मूछ बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
7. **केवल सिख उम्मीदवारों को,** जिनका धर्म बाल कटवाने या दाढ़ी बनाने की अनुमति अपने सदस्यों को नहीं देता है, बाल बढ़ाने और/या दाढ़ी और मूंछे रखने की अनुमति दी जाएगी. तदनुरूप निर्दिष्ट मानदंड के अनुरूप ऐसी स्थिति रखने के इच्छुक सिख उम्मीदवारों को अपने फोटोग्राफ दाढ़ी और मूंछों सहित प्रस्तुत करने होंगे.
8. भारतीय सेना/भारतीय नौसेना/किसी अन्य सरकारी संगठन से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार भी आवेदन के पात्र हैं, बशर्ते **वे बिना किसी प्रतिकूल प्रविष्टि के डिस्चार्ज किए गए हों.** ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन करते समय घोषणा करनी होगी कि वह संगठन से डिस्चार्ज किया गया भूतपूर्व कर्मचारी है. उसे परीक्षा के दूसरे चरण के लिए उपस्थिति के समय मूल डिस्चार्ज प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. सेवारत उम्मीदवारों के मामले में दूसरे चरण की परीक्षा के लिए उपस्थिति के समय नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा. यदि कोई उम्मीदवार कर्मचारी होने या पूर्व कर्मचारी होने की जानकारी छिपाता है, तो उसकी उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा बाद में किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी. **किसी भी कारण से भारतीय वायुसेना से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार चयन परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे.**

निबंधन एवं शर्तें

9. **कार्यकाल और प्रशिक्षण :** भर्ती शुरू में 20 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जिसे (सेवा शर्तों के अधीन) 57 वर्ष की आयु तक बढ़ाया जा सकता है. प्रारंभ में, उम्मीदवारों को वायु सेना के विभिन्न केंद्रों में स्थित निर्धारित बेसिक ट्रेनिंग इस्टिट्यूट्स, में संयुक्त बेसिक चरण प्रशिक्षण (जेबीपीटी) के लिए भेजा जाएगा. जेबीपीटी सफलतापूर्वक पूरा करने पर उम्मीदवारों को ट्रेड आवंटित किए जाएंगे और निर्दिष्ट अवधियों की सम्बद्ध ट्रेड की ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा, जिसमें सुरक्षा प्रशिक्षण एवं सेवा आवश्यकता के अनुसार अपेक्षित अन्य प्रशिक्षण भी शामिल होगा. परंतु, यदि प्रशिक्षार्थी शैक्षिक, व्यावसायिक, शारीरिक उपयुक्तता और अनुशासन के मामले में अपेक्षित मानक पूरे करने में विफल रहता है, अथवा चिकित्सा की दृष्टि से अनुपयुक्त पाया जाता है, तो उसका प्रशिक्षण किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है. **प्रशिक्षण के सभी स्तरों को सफलतापूर्वक पूरा करने**

के बाद वायु सैनिक को आवंटित ट्रेड के अनुसार कार्य पर तैनात किया जाएगा. किसी भी आधार पर उम्मीदवार के अनुरोध पर ट्रेड में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

10. **कार्य विशिष्टताएं :** विभिन्न ट्रेडों की कार्य विशिष्टताएं सीएएसबी वेब पोर्टल **www. airmenselection.cdac.in** पर उपलब्ध हैं.

वेतन और भत्ते तथा अन्य लाभ

11. **वेतन और भत्ते :** प्रशिक्षण के दौरान रु. 14600/- प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वेतनमान के न्यूनतम मूल वेतन पर प्रारंभिक सकल परिलब्धियां निम्नांकित अनुसार होंगी, जिनमें सैन्य सेवा वेतन (एमएसपी), समूह 'एक्स' वेतन (केवल समूह एक्स ट्रेडों के मामले में लागू) और महंगाई भत्ता शामिल होगा.
(क) समूह 'एक्स' ट्रेड (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़कर): रुपये 33100/- प्रति माह. महंगाई भत्ता (स्वीकार्य अनुसार), जो बाद के वर्षों में व्यक्ति की व्यावसायिक प्रगति के अनुसार बढ़ सकता है.
(ख) समूह 'वाई' ट्रेड (ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर): रुपये 26900/- प्रति माह.महंगाई भत्ता (स्वीकार्य अनुसार), जो बाद के वर्षों में व्यक्ति की व्यावसायिक प्रगति के अनुसार बढ़ सकता है.
12. **अन्य भत्ते :** ऊपर वर्णित के अतिरिक्त, विभिन्न प्रकार के अन्य भत्ते भी समय समय पर स्वीकार्य अनुसार अदा किए जाएंगे. जैसे परिवहन भत्ता, मिश्रित व्यक्तिगत रख-रखाव भत्ता (सीपीएमए), अवकाश राशन भत्ता (एलआरए), अधिक ऊंचाई भत्ता, फील्ड एरिया/परिष्कृत फील्ड एरिया भत्ता, मकान किराया भत्ता, बाल शिक्षा भत्ता/छात्रावास सब्सिडी आदि.
13. **सुविधाएं : सुविधाओं के अंतर्गत राशन, वर्दी, चिकित्सा सुविधाएं, आवास, सीएसडी (कैंटीन) सुविधाएं, अवकाश (एक कैलेंडर वर्ष के दौरान 60 दिन वार्षिक और 30 दिन का आकस्मिक अवकाश, सेवा की अनिवार्यताओं के अधीन दिया जाएगा), मनोरंजन सुविधाएं, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए परिवहन सुविधा और अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी), जैसी सुविधाएं भी मौजूदा नियमों के अनुसार प्रदान की जाएंगी. सभी वायु सैनिकों को रु 2300/- प्रतिमाह की प्रीमियम पर 37.5 लाख रुपये का समूह बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा. उन्हें समूह आवास योजना की सुविधा भी दी जाएगी**

व्यावसायिक तरक्की और सेवा निवृत्ति के बाद के लाभ

14. **पदोन्नति :** मास्टर वारंट आफिसर (एमडब्ल्यूओ) के रैंक तक पदोन्नति की संभावनाएं प्रदान की जाएंगी. कमीशंड आफिसर बनने के अवसर भी ऐसे वायु सैनिकों के लिए उपलब्ध होंगे, जो बाद में अपने सेवा करियर के दौरान निर्धारित परीक्षाएं उत्तीर्ण करेंगे.
15. **उच्चतर शिक्षा :** वायु सैनिक को उच्चतर शिक्षा योग्यता बढ़ाने की अनुमति तभी दी जाएगी, जब वे अपने ट्रेड में निर्धारित कौशल ग्रेड हासिल कर लेंगे.

परीक्षा का क्रम

चरण-1

16. **ऑनलाइन परीक्षा (ग्रुप 'एक्स' ट्रेडों (शिक्षा इंस्ट्रक्टर ट्रेड को छोड़कर)) और ग्रुप 'वाई' ट्रेडों (ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर) दोनों ग्रुपों के लिए.**
पात्र उम्मीदवारों को चरण-1 की परीक्षा के लिए उनके ईमेल आईडी पर **फरवरी 2020** में अस्थायी प्रवेश पत्रक (जिसे वे डाउनलोड करेंगे और उसका रंगीन प्रिंटआउट निकालेंगे और प्रवेश पत्रक में वर्णित परीक्षा केंद्र पर ऑनलाइन परीक्षा के दिन साथ लेकर आएंगे) भेजा जाएगा, ताकि वे उन्हें आवंटित परीक्षा केंद्र पर चयन परीक्षा में बैठ सकें. यह अस्थायी प्रवेश पत्रक उम्मीदवार अपने लॉगइन के जरिए सीएएसबी वेब पोर्टल **www.airmenselection.cdac.in** से डाउनलोड भी कर सकते हैं. अस्थायी प्रवेश पत्रक रखने वाले सभी उम्मीदवार अपने अपने आवेदित ग्रुप के अनुसार, प्रवेशपत्रक में वर्णित अनुसार आवंटित/निर्दिष्ट केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा में बैठेंगे. ऑनलाइन परीक्षा आब्जेक्टिव टाइप की होगी और अंग्रेजी के प्रश्नपत्र को छोड़कर प्रश्न द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होंगे. समूह 'एक्स' और 'वाई' दोनों का विकल्प अपनाने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन परीक्षा एक ही सिस्टम पर एक ही सिटिंग में आयोजित की जाएगी. चरण-1 परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को अपने साथ नीला/ब्लैक पैन और मूल वैध पहचानपत्र लाना होगा. ऑनलाइन परीक्षा के संचालन के बारे में एक डिमांस्ट्रेशन वीडियो सीएएसबी वेब पोर्टल **www.airmenselection.cdac.in** पर अपलोड किया गया है. परीक्षा का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-
(क) ग्रुप 'एक्स' ट्रेड (शिक्षा इंस्ट्रक्टर को छोड़कर) : ऑनलाइन परीक्षा की अवधि **60 मिनट** होगी और उसमें **अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान और गणित विषय** शामिल होंगे, जिनका सिलेबस 10+2 सीबीएसई के अनुरूप होगा.
(ख) ग्रुप 'वाई' ट्रेड (ऑटोमोबाइल तकनीशियन, भारतीय वायुसेना (पुलिस), भारतीय वायुसेना (सुरक्षा) और संगीतज्ञ ट्रेड को छोड़कर) ऑनलाइन परीक्षा की अवधि 45 **मिनट** होगी और उसमें 10+2 सीबीएसई सिलेबस के अनुसार **अंग्रेजी और बुद्धि परीक्षण एवं सामान्य जागरूकता** संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे.
(ग) ग्रुप 'एक्स और वाई' दोनों ट्रेडों के लिए : परीक्षा की अवधि **85 मिनट होगी** और उसमें 10+2 सीबीएसई सिलेबस के अनुसार **अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान और गणित तथा बुद्धि परीक्षण और सामान्य जागरूकता** के प्रश्न पूछे जाएंगे.
(घ) ऑनलाइन परीक्षा के लिए अंक देने का पैटर्न : (i) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक दिया जाएगा (ii) हल न किए गए प्रश्न के लिए शून्य अंक दिया जाएगा. (iii) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काट लिए जाएंगे.
17. **उम्मीदवारों को अपने अपने ग्रुपों में प्रत्येक प्रश्नपत्र में अलग अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी.** चरण-1 का परिणाम और ऑनलाइन परीक्षा के चरण-1 में प्राप्त अंकों के आधार पर चरण-II के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची ऑनलाइन परीक्षा की तारीख से एक महीने के अंदर **www.airmenselection.cdac.in** पर अपलोड की जाएगी.

चरण-II :

18. चरण-1 (ऑनलाइन) परीक्षा का परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद, उम्मीदवारों द्वारा चरण-I परीक्षा में प्राप्त अकों के आधार पर एक कट-ऑफ लागू किया जाएगा और चुने गए सभी उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर निर्दिष्ट वायुसैनिक चयन केंद्र पर चरण-II परीक्षा के लिए नया प्रवेश पत्रक भेजा जाएगा. चरण-II परीक्षा के लिए प्रवेश पत्रक उम्मीदवार के लॉगइन के तहत सीएएसबी वेब पोर्टल **www.airmenselection.cdac.in** से ऑनलाइन डाउनलोड भी किया जा सकता है. उम्मीदवारों को निर्दिष्ट तारीख और समय के अनुसार निम्नांकित दस्तावेज के साथ चरण-II की परीक्षा हेतु निर्दिष्ट वायु सैनिक चयन केंद्र पर उपस्थित होना होगा :-
(क) चरण-II के लिए प्रवेश पत्रक का रंगीन प्रिंटआउट
(ख) ऑनलाइन पंजीकरण पूरा होने के बाद डाउनलोड किए गए आवेदन प्रपत्र का रंगीन प्रिंटआउट,
(ग) एचबी पेंसिल, रबड़, शार्पनर, ग्लूस्टिक, स्टैपलर और लिखने के लिए काला/नीला बाल प्वाइंट पेन,
(घ) बिना साक्ष्यांकित नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ (जो ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के लिए इस्तेमाल किया गया था) की 8 प्रतियां.
(ङ) मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण प्रमाणपत्र (उम्मीदवार के नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि की जांच के लिए अपेक्षित) की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां.
(च) मैट्रिकुलेशन अंक तालिका प्रमाणपत्र (केवल 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स धारक उन उम्मीदवारों के मामले में लागू, जिनके पास डिप्लोमा कोर्स में अंग्रेजी एक विषय न रहा हो) की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां.
(छ) इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और अंक तालिका की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां **अथवा** 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और सभी सिमेस्टरों की अंक तालिकाओं की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां.
(ज) ऐसे सेवारत/सेवानिवृत्त/मृतक वायुसेना सिविलियन कर्मचारियों, जो भी लागू हो, जिन्हें रक्षा बजट से वेतन भुगतान किया गया हो, के पुत्रों के लिए एसओएएफपी (वायुसेना कार्मिक का पुत्र) प्रमाणपत्र, सीएएसबी वेब पोर्टल के डाउनलोड सेक्शन से डाउनलोड करना होगा और चरण-II परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग के समय साथ लाना होगा.
(झ) भारतीय सेना/भारतीय नौ सेना/किसी अन्य सरकारी संगठन से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवारों के लिए : डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (भारतीय सेना/भारतीय नौ सेना/सरकारी संगठन द्वारा जारी किया गया) की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां.
(ञ) चरण-I परीक्षा के दौरान प्रयुक्त मूल चरण-I प्रवेश पत्र जिस पर वायुसेना की मोहर लगी हो और इन्विजीलेटर के हस्ताक्षर हों.
(ट) किसी सरकारी संगठन में सेवारत उम्मीदवारों के मामले में (यदि लागू हो), नियोक्ता से जारी अनापत्ति प्रमाणपत्र की मूल प्रति और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां.
(ठ) एनसीसी 'ए' 'बी' अथवा 'सी' प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) की मूल और चार स्व-साक्ष्यांकित फोटो प्रतियां.

नोट : भारतीय वायु सेना से किसी भी कारण से डिस्चार्ज किए गए उम्मीदवार चयन परीक्षा में बैठने के पात्र नहीं होंगे.

The dates for purchase, submission etc. are mentioned in the key dates available on the website **www.mptenders.gov.in**. Tender forms can be purchased online only upto **12.30 hrs. on 01.02.2020 from** website **www.mptenders.gov.in**. The bidders have to submit the Financial Bids online only. The Addendum/Corrigendum (if any) shall only be published on the website of **www.mptenders.gov.in** only. If holiday is declared by Govt. of M.P. on the date of physical submission or on the date of opening, the same will automatically be shifted to subsequent working days.

MPRDC reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason thereof.

G-20879/43160/2019 **MANAGING DIRECTOR**

संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास
1 शिवाजी नगर, भोपाल

क्रमांक : एफ 17/सं.नि./2019/7229 भोपाल, दिनांक 24.12.2019

चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति
आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की सूचना

मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित गैस राहत चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सा अधिकारियों (एम.बी.बी.एस.) के रिक्त पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति की जाने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 26.12.2019 दिन गुरुवार तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे।

उपरोक्त आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु दिनांक 26.12.2019 दिन गुरुवार के स्थान पर आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु उक्त तिथि में **दिनांक 13.01.2020 दिन सोमवार तक** की वृद्धि की जाती है।

आवेदन पत्र प्राप्त करने व जमा करने हेतु पदों की स्थिति व शेष शर्तें पूर्वानुसार यथावत् रहेंगी।

संचालक
जी-21021/43173/2019 गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बैरसिया, जिला - भोपाल (म.प्र.)

क्र./मंडी/निर्माण/19-20/1610 बैरसिया, दिनांक : 23.12.2019

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2019_MPSAM_70947, 2019_MPSAM_70948 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 17.01.2020 को शाम 5:30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 22.01.2020 को शाम 5:30 बजे तक जरिये स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/96260/43185/2019 **सचिव**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल
निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है :-

स. क्र.	टेन्डर नं.	निविदा क्र. एवं दिनांक	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि रु. लाखों में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्यावधि वर्षाकाल सहित
1.	2019_CPA_71040_1	3785/ बलेलि दि. 23.12.19	रायेन रोड से अयोध्या बायपास तक नाली फुटपाथ एवं सेन्ट्रल वर्ज मरम्मत का कार्य।	रु. 19,78,014/- (रुपये उन्नीस लाख अठ्ठहत्तर हजार चौदह) मात्र	रु. 39560/-	रु. 2000/-	6 माह
2.	2019_CPA_71041_1	3786/ बलेलि दि. 23.12.19	माता मंदिर समीप स्थित 36 एफ टाईप आवास गृहों की आंतरिक एवं वाह्य व्हाईट वार्शिंग एवं पेंटिंग कार्य।	रु. 19,88,215/- (रुपये उन्नीस लाख अठ्ठासी हजार दो सौ पन्द्रह) मात्र	रु. 39764/-	रु. 2000/-	1 माह
3.	2019_CPA_71045_1	3787/ बलेलि दि. 23.12.19	माता मंदिर समीप स्थित 36 एफ टाईप आवास गृहों की वार्षिक संधारण का कार्य।	रु. 496200/- (रुपये चार लाख छियान्वे हजार दो सौ) मात्र	रु. 9924/-	रु. 2000/-	12 माह
4.	2019_CPA_71046_1	3788/ बलेलि दि. 23.12.19	शेखर अस्पताल मनीषा मार्केट तिराहे से चूना भट्टी चौराहे तक बायें मोड़ का सुधार कार्य सहित विकास कार्य।	रु. 1997757/- (रुपये उन्नीस लाख सत्तान्वे हजार सात सौ सत्तावन) मात्र	रु. 39955/-	रु. 2000/-	6 माह
5.	2019_CPA_71048_1	3789/ बलेलि दि. 23.12.19	सोनागिरी चौराहे के बाएं मोड़ का विकास कार्य।	रु. 453512/- (रुपये चार लाख तिरपन हजार पाँच सौ बारह) मात्र	रु. 9070/-	रु. 2000/-	3 माह
6.	2019_CPA_71049_1	3790/ बलेलि दि. 23.12.19	इन्द्रपुरी चौराहे के बाएं मोड़ का विकास कार्य।	रु. 431813/- (रुपये चार लाख इकतीस हजार आठ सौ तेरह) मात्र	रु. 8636/-	रु. 2000/-	3 माह
7.	2019_CPA_71050_1	3791/ बलेलि दि. 23.12.19	ए, बी, सी सेक्टर शाहपुरा एवं जी-1, जी-2 त्रिलंगर भोपाल पार्क का रखरखाव एवं उन्नयनीकरण।	रु. 999430/- (रुपये नौ लाख निन्नयान्वे हजार चार सौ तीस) मात्र	रु. 19989/-	रु. 2000/-	4 माह
8.	2019_CPA_71051_1	3792/ बलेलि दि. 23.12.19	पर्यावरण परिसर भोपाल स्थित एप्को कैम्पस के अरिहायसी भवनों का वार्षिक संधारण एवं रख रखाव का कार्य।	रु. 1410392/- (रुपये चौदह लाख दस हजार तीन सौ बयान्वे) मात्र	रु. 28208/-	रु. 2000/-	9 माह
9.	2019_CPA_71054_1	3793/ बलेलि दि. 23.12.19	पर्यावरण परिसर भोपाल स्थित एप्को कैम्पस के रिहायशी भवनों का वार्षिक संधारण एवं रख रखाव का कार्य।	रु. 1442230/- (रुपये चौदह लाख बयालीस हजार दो सौ तीस) मात्र	रु. 28845/-	रु. 2000/-	9 माह
10.	2019_CPA_71056_1	3794/ बलेलि दि. 23.12.19	पर्यावरण परिसर भोपाल स्थित एप्को कैम्पस के रिहायशी भवनों का पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	रु. 693360/- (रुपये छः लाख तिरान्वे हजार तीन सौ साठ) मात्र	रु. 13867/-	रु. 2000/-	1 माह
11.	2019_CPA_71057_1	3795/ बलेलि दि. 23.12.19	पर्यावरण परिसर भोपाल स्थित एप्को कैम्पस के कार्यालयीन भवनों का पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	रु. 687285/- (रुपये छः लाख सत्तासी हजार दो सौ पच्चासी) मात्र	रु. 13746/-	रु. 2000/-	1 माह
12.	2019_CPA_71058_1	3796/ बलेलि दि. 23.12.19	ई-1 एवं ई-2 अरेरा कॉलोनी भोपाल स्थित ई-2 उद्यान एवं विविध मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	रु. 493650/- (रुपये चार लाख तिरान्वे हजार छः सौ पचास) मात्र	रु. 9873/-	रु. 2000/-	3 माह
13.	2019_CPA_71059_1	3797/ बलेलि दि. 23.12.19	रायसेन रोड से अयोध्या बायपास नरेला के मध्य विभिन्न सड़कों पर फुटपाथ की मरम्मत का कार्य।	रु. 1958858/- (रुपये उन्नीस लाख अठ्ठावन हजार आठ सौ अठ्ठावन) मात्र	रु. 39177/-	रु. 2000/-	6 माह

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.01.2020 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। मूल दस्तावेज दिनांक 08.01.2020 को अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जायेगी।

विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निर्माण स्थल के निरीक्षण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल

जी-21010/43171/2019

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं संचालक तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004

लेटरल एन्ट्री के माध्यम से आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन ऑफ कैम्पस काउंसिलिंग कार्यक्रम, सत्र 2019-20

द्वितीय चरण

मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त पोलीटेकनिक महाविद्यालयों, स्वशासी एवं शासकीय महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालयों तथा निजी क्षेत्र के पोलीटेकनिक महाविद्यालयों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में लेटरल ऐन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण अभ्यर्थी ऑनलाइन काउंसिलिंग में वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** के माध्यम से समय सारणी अनुसार सम्मिलित हो सकते हैं।

दो/तीन वर्षीय ट्रेड में आईटीआई/आईटीसी एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी, लेटरल ऐन्ट्री के माध्यम से, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में, प्रवेश नियम की पात्रतानुसार प्रवेश ले सकेंगे।

समय-सारणी

द्वितीय चरण	
अर्हकारी परीक्षा आधारित प्रथम चरण के प्रवेश उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	30.12.2019 से 07.01.2020 दोपहर 3.00 बजे तक
दस्तावेजों का सत्यापन	30.12.2019 से 07.01.2020 (प्रातः 11 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्य दिवसों में)
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना। **प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।**	30.12.2019 से 07.01.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	08.01.2020 सायं 3:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/ आवंटित संस्था में उपस्थिति एवं प्रवेश	11.01.2020 से 18.01.2020 सायं 5:00 बजे तक

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/प्रवेश हेतु ब्रांच की समतुल्यता (Equivalency) की सूची/काउंसलिंग प्रक्रिया यथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, सत्यापन, ऑनलाइन प्राथमिकताक्रम का चयन, आवंटन आदि की विस्तृत जानकारी, काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु सावधानियां, एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्थाओं की सूची, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें। **सम्पर्क फोन नं. 0755-6720205, 2660441**

म.प्र. माध्यम/96264/43182/2019 **अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं संचालक तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. - 03 जबलपुर
1558 ऋषि काटेज, रतन कालोनी, श्रम न्यायालय (लेबरकोर्ट) के पास गौरखपुर थाने के पीछे, जबलपुर (म.प्र.) 482003
फोन नं. : 0761-4927003, Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. - 03 के अंतर्गत जिला - छिंदवाड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौरई में 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाइप आवासीय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछुआ में 02 एफ, 02 जी एवं 02 एच टाइप आवासीय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरवाड़ा में 02 एफ, 04 जी एवं 04 एच टाइप आवासीय भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पांडुर्ना में 02 एफ, 04 जी एवं 04 एच टाइप आवासीय भवन एवं माहुलझिर, जिला - छिंदवाड़ा में अर्द्धशहरी थाना भवन निर्माण कार्य हेतु एवं जिला - नरसिंहपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साईखेड़ा में 01 एफ, 01 जी एवं 01 एच टाइप आवासीय भवन के निर्माण कार्यों हेतु निविदा क्रमांक- 11/2019-20 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2019_MPPHC_71347, 71349, 71350, 71351, 71353 & 71354) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.01.2020 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/96255/43184/2019 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. - 03, मकान नं. 1558 ऋषि काटेज के सामने, रतन कालोनी, श्रम न्यायालय (लेबर कोर्ट) के पास, गोरखपुर थाने के पीछे, जबलपुर- 482003
फोन नं. : 0761-4927003, mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-10 वर्ष 2019-20

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्र.- 03 जबलपुर द्वारा बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा (आइटम दर प्रपत्र "ब" के अंतर्गत) आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :- (1) 12+48 आवास गृह आमानाला मण्डला में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 2X200/11/0.4 KVA, एवं मय उच्च दाब एवं निम्न दाब की विद्युत लाइन का कार्य सम्पादित करने हेतु। (2) 12+48 आवास गृह जी.आर.पी. लाइन, जबलपुर में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 2X200/11/0.4 KVA एवं मय उच्च दाब एवं निम्न दाब की विद्युत लाइन का कार्य सम्पादित करने हेतु। (3) 24 आरक्षक आवास गृह पुलिस कालोनी तेन्दुखेड़ा जिला-नरसिंहपुर में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 1X200/11/0.4 KVA एवं मय उच्च दाब एवं निम्न दाब की विद्युत लाइन का कार्य सम्पादित करने हेतु। (04) 08+12 आवास गृह थाना परिसर गोटेगांव जिला - नरसिंहपुर में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 1X100/11/0.4 KVA एवं मय उच्च दाब एवं निम्न दाब की विद्युत लाइन का कार्य सम्पादित करने हेतु निविदा क्रमांक - 10 वर्ष 2019-20 Online Tender No. 2019_MPPHC_70741, 70742, 70743 & 70744 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 24.12.2019 से 08.01.2020 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं ऑनलाइन सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/96236/43180/2019 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, पदमदा रोड, भोपाल

क्रमांक/2312/मप्रपुआका/पय/सागर/19 दिनांक : 23.12.2019

निविदा सूचना क्रमांक 23/2019-20

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत भोपाल, सागर, रायसेन, पन्ना, जिलों में भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 30.12.2019 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/96240/43181/2019 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan
Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 879

State Mandi Funds & UPG

No. 19293/22/D-12/MPRRDA/2019 **Bhopal, Dated : 27.12.2019**

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

● **Table No. 1- State Mandi Funds**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1	2	3	4
1	Mandsour	1	19762000.00

● **Table No. 2 - Up-gradation**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1	2	3	4
1	Balaghat	1	16449000.00
2	Chhindwara	1	5046000.00
3	Rewa	1	14594000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **28.12.2019 17.00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/96274/43183/2019 **(T & e-G)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र-2, इंदौर

E-mail ID : eepwd2ind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 12/व.ले.नि./2019-20 **इंदौर, दिनांक : 19.12.2019**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर नं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2019_PWDRB_70397_1	संजय नगर (इंदौर उज्जैन रोड) से मुरादपुरा मार्ग किमी. 3.70 किमी. एवं पंचडेरिया से बजरंग पालिया मार्ग लम्बाई 1.10 किमी. का निर्माण कार्य।	इंदौर	495.52	495520/-	15000/-	लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत	9 माह वर्षाकाल सहित
2.	2019_PWDRB_70398_1	टिगरिया बादशाह से लिम्बोदागारी पालिया मार्ग चैनेज 7700 से 9926 (2.26 किमी.) का निर्माण कार्य।	इंदौर	346.36	346360/-	15000/-	लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत	9 माह वर्षाकाल सहित
3.	2019_PWDRB_70399_1	सागडोद पहुँच मार्ग का सीमेन्टीकरण का कार्य।	इंदौर	346.20	346200/-	15000/-	- तदैव -	9 माह वर्षाकाल सहित
		कुल		**1188.08**				

1. उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात विड डॉक्यमेंट क्रय किया जा सकता है। 2. विड प्रस्तुत करते समय विड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. विड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. पेन कार्ड, 4. एफिडेविट, 5. जी.एस.टी. एन नं. एवं रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र आदि अन्य विस्तुत जानकारी विड डाटा शीट में देखी जा सकती है। 3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि **दिनांक 23.12.2019 सुबह 10.30 से दि. 08.01.2020 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। 4. मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम परिक्षेत्र इंदौर के कार्यालय में दिनांक 09.01.2020 सायं 17.30 के पूर्व पहुंच जाना चाहिये। मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत न करने वाले निविदाकारों की निविदायें नहीं खोली जावेंगी। विस्तुत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-21041/43177/2019 **लो.नि.वि. संभाग क्र.-2, इंदौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना, सूबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 4981-82/निविदा/नि.सू.क्र. 21/2019-20 मुरैना, दिनांक 24.12.2019

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 29.08.2017 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तुत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

टेण्डर आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	भौतिक दस्तावेज जमा करने का स्थान
2019_PWDRB_71402	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-01** 1. बमरौली से सांगोली सिद्ध स्थल मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी.। 2. परीक्षा से देवालय चक किशनपुर मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. कुल लं. 6.70 कि.मी.।	34716000/- (तीन करोड़ सैंतालीस लाख सोलह हजार)	347160/-	15000+ Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
2019_PWDRB_71405	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-02** 1. भागनपुर (भानपुर) से जैतपुर मार्ग लं. 1.00 कि.मी. 2. मैथाना से गढ़ौरा मार्ग लं. 1.28 कि.मी. 3. धुआराम का पुरा, ए.बी. रोड से बाबा देवपुरी मार्ग लं. 1.80 कि.मी. 4. रुअर से कपोसन मार्ग लं. 3.00 कि.मी. कुल लं. 7.08 कि.मी.	40178000/- (चार करोड़ एक लाख अठ्हत्तर हजार)	401780/-	15000+ Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
2019_PWDRB_71409	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-03** 1. अम्वाह वाईपास से चिरपुरा मार्ग लं. 1.50 किमी. 2. वड़फरा से चिरपुरा मार्ग लं. 1.40 कि.मी. 3. नयापुरा मार्ग से वगियापुरा मार्ग लं. 1.20 कि.मी. 4. मिडैला से गादरा व्हाया देवीसिंह का पुरा मार्ग लं. 1.70 कि.मी. 5. भूमिया बाबा मंदिर से सुखराम का पुरा मार्ग लं. 0.90 कि.मी. 6. मौजीराम का पुरा से चक सिकहरा मार्ग लं. 0.90 कि.मी. कुल लं. 7.60 कि.मी.	45187000/- (चार करोड़ इक्यावन लाख सतासी हजार)	451870/-	15000+ Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
2019_PWDRB_71413	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-04** इमलिया से रामपुर व्हाया तिधरा मार्ग लं. 4.00 किमी.	37990000/- (तीन करोड़ उन्यासी लाख नब्बे हजार)	379900/-	15000+ Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
2019_PWDRB_71416	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-05** 1. जापथाप से खेरली मार्ग लंबाई 1.40 कि.मी. 2. रामजानकी मंदिर (एम.एस. रोड) से अलापुर लं. 0.75 कि.मी. कुल लं. 2.15 कि.मी.	25532000/- (दो करोड़ पचपन लाख बत्तीस हजार)	255320/-	15000+ Portal Charges	8 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
2019_PWDRB_71419	**सड़क निर्माण कार्य ग्रुप-07** 1. टेंटरा रोड से भटपुरा मार्ग लंबाई 3.70 कि.मी. 2. रतनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. कुल लं. 4.70 कि.मी.	46727000/- (चार करोड़ सरसठ लाख सत्ताईस हजार)	467270/-	15000+ Portal Charges	10 माह वर्षाकाल सहित	कार्यालय मुख्य अभियंता (उ.परि. लोक निर्माण विभाग संभाग ठाटीपुर ग्वालियर
	योग - 06 कार्य	**230330000 (तेईस करोड़ तीन लाख तीस हजार)**				

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक - 26.12.2019 समय 17.30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक - 26.12.2019 समय 17.30 बजे
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक - **10.01.2020 समय 17.30 बजे**
4. ऑनलाइन विड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक - 26.12.2019 समय 17.30 बजे
5. ऑनलाइन विड सबमिशन का अंतिम दिनांक - 10.01.2020 समय 17.30 बजे
6. फिजिकल डाक्यूमेंट सबमिशन का अंतिम दिनांक - **13.01.2020 समय 17.30 बजे**
7. विड आपेनिंग दिनांक - 15.01.2020 समय 17.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा नियत दिनांक एवं समय तक उक्त कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
f. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तुत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-21060/43178/2019 **लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना, फोन नं. 07532-226361**

अंतर्राष्ट्रीय वन मेला

दुनिया का चिकित्सा विज्ञान भारतीय ज्ञान पद्धति की देन - राज्यपाल

भोपाल, दुनिया का चिकित्सा विज्ञान, भारतीय ज्ञान परम्परा की देन है। इसके जन्मदाता थे धनवंतरि गुरु। सारी दुनिया ने फादर ऑफ सर्जरी सुश्रुत को माना है। भारतीय संस्कृति में चिकित्सा विज्ञान सेवा विधि थी जो दुर्भाग्य से पाश्चात्य के बाजारवाद का शिकार हो गई। ये बातें राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वन मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति नाड़ी तंत्र और श्वसन पर आधारित थी। नाड़ी वैद्य बिना किसी उपकरण के सारे शरीर का हाल जान लेते थे। योग से श्वास प्रक्रिया को नियंत्रित किया जाता था। उन्होंने कहा कि आज दुनिया ने भारतीय योग का महत्व स्वीकार कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जड़ी-बूटियों की मांग बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि वनोत्पादों के विपणन की बेहतर व्यवस्थाएं और वनों की सुरक्षा के साथ वनवासियों के सशक्तिकरण के प्रयास अब जरूरी हैं।

श्री लाल जी टंडन ने कहा कि भारतीय ऋषि-मुनियों ने चिकित्सा ज्ञान के उपयोग के उपायों को स्पष्ट किया है। भारतीय वैद्य चिकित्सा की मान्यता थी कि यदि उनके दरवाजे से पैसे के अभाव में कोई रोगी बिना उपचार के चला गया, तो उनका समस्त ज्ञान समाप्त हो जाएगा। इसी मान्यता पर भारतीय औषधियां प्रमुखतः दो समूहों में बंटी थीं, काष्ठ आधारित और धातु आधारित। काष्ठ आधारित औषधियां वनोत्पादों से बनती थीं और निःशुल्क उपलब्ध होती थीं। धातु आधारित औषधियां महंगे रत्नों और धातुओं से बनने के कारण तेज असर करती थीं। रोग का उपचार दोनों से होता था। वैद्य रोगी की आर्थिक स्थिति के अनुसार उनका उपयोग करते थे। श्री टंडन ने चिकित्सकों का आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान का उपयोग सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करने में करें।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को वितरित होगा 282 करोड़ रुपये बोनस

समारोह में वन मंत्री श्री उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में वन और वन्य-जीव संरक्षण के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वनों से प्रदेश के 11 लाख परिवारों को रोज़गार मिल रहा है। वनवासियों को वन उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो, सरकार इसके लिये प्रभावी प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 282 करोड़ रुपये बोनस वितरण शीघ्र किया जाएगा।

औषधीय उत्पादन में प्रदेश को बनाये नंबर वन

श्री सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश को औषधीय उत्पादों का नम्बर वन राज्य बनाने का प्रयास है। वंदन योजना के माध्यम से दो-तीन सौ परिवारों के कलस्टर बनाकर वनोत्पाद प्र-संस्करण की इकाई स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इको सिस्टम का संरक्षण मानव जीवन के सुरक्षित भविष्य का आधार है। समारोह में राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गिरि ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिये एक हजार 72 समितियों में महिलाओं को संचालक बनाया गया है।

मध्यप्रदेश के सभी पर्यटन क्षेत्रों का होगा नियोजित विकास - जनसम्पर्क मंत्री

संस्कृति कैलेण्डर में शामिल किया जायेगा पचमढ़ी उत्सव

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ करते हुये।

होशंगाबाद, जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री कमलेश्वर पटेल ने होशंगाबाद जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में 5 दिवसीय पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ किया। मंत्रीद्वय ने उत्सव में शामिल होने आये, स्थानीय एवं प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों का अभिवादन किया और उन्हें नव-वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

श्री पी.सी. शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी पर्यटन क्षेत्रों का नियोजित विकास सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इसके लिये पर्यटन की नई नीतियां निर्धारित की गई हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अगले वर्ष से संस्कृति एवं पर्यटन विभाग संयुक्त रूप से पचमढ़ी उत्सव आयोजित करेंगे।

श्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि पचमढ़ी उत्सव को प्रदेश के संस्कृति कैलेण्डर में शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पचमढ़ी उत्सव में प्रदेश के स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विक्रय के लिये मंच प्रदान किया गया है। इस प्रयास से उत्सव में शामिल कलाकार और पर्यटक प्रदेश की हस्तशिल्प तथा अन्य विधाओं से परिचित हो सकेंगे। पचमढ़ी उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कलाकारों ने बधाई नृत्य की रोचक प्रस्तुति दी। इसके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।

पचमढ़ी उत्सव के दौरान प्रतिदिन दिन में पर्यटकों के लिए विभिन्न साहसिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसमें मुख्य रूप से ट्रैकिंग इकोट्रायल, जिपलाइन, रॉक क्लाईबिंग, मोटर बाईक राईडिंग, हॉर्स राईडिंग, पैरासेलिंग सहित अन्य गतिवधियां होगीं।

सायर डायरेक्ट्री और पशुधन बीमा योजना के पोस्टर का किया गया विमोचन

पशुपालन मंत्री श्री लाखन सिंह यादव भोपाल में मध्यप्रदेश की सायर (नंदी) डायरेक्ट्री का विमोचन करते हुये।

भोपाल, पशुपालन मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने मध्यप्रदेश की सायर (नंदी) डायरेक्ट्री और पशुधन बीमा योजना के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय वीर्य संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित इस डायरेक्ट्री से पशुपालकों को विभिन्न उन्नत किस्म के नंदी की विस्तृत जानकारी मिलेगी और उन्हें अपने पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान के लिये उन्नत किस्म के वीर्य का चयन करने में सुविधा होगी।

भोपाल में स्थापित है वीर्य संस्थान

श्री यादव ने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में एकमात्र वीर्य संस्थान भोपाल में स्थित है। इसमें लगभग 205 नंदी रखे जाने की सुविधा है। वर्तमान में 198 नंदी इस संस्थान में वीर्य संकलन के लिये उपलब्ध हैं। संस्थान में दूध देने वाले पशुओं की कुल 16 नस्लों के नंदी रखे गये हैं। इसमें प्रमुख रूप से गिर, थारपरकर, मुर्रा जैसे दुधारु नस्ल के नंदी हैं। उन्होंने बताया कि जर्सी एवं एचएफ जैसी अधिक मात्रा में दूध देने वाली नस्लों के नंदी भी इस संस्थान में रखे गये हैं। पशुपालन मंत्री ने कहा कि डायरेक्ट्री में 198 नंदी का विस्तृत विवरण प्रत्येक पृष्ठ पर उपलब्ध है। इसमें कुछ भैंसीय एवं शेष गौवंशीय सायर हैं।

पशुपालकों को वितरित किये जायेंगे पोस्टर

श्री यादव ने बताया कि पशुपालकों को पशुधन बीमा के बारे में बिन्दुवार जानकारी जारी पोस्टर के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में लगभग एक-एक हजार पोस्टर पशुपालकों को वितरण के लिये भेजे जा रहे हैं।

पशुपालन मंत्री ने कहा कि पशुधन बीमा योजना प्रदेश के प्रत्येक जिले में लागू की गई है। इसमें पशुपालक अपने दुधारु पशुओं के साथ सभी प्रकार के पशुओं का बीमा करा सकेंगे। एक हितग्राही अपने 5 पशुओं का बीमा करा सकेगा। भेड़, बकरी, शूकर आदि श्रेणी में 10 पशुओं की एक पशु इकाई मानी जाएगी।

बीमा प्रीमियम पर दिया जायेगा अनुदान

श्री यादव ने कहा कि बीमा प्रीमियम पर एपीएल श्रेणी के पशुपालकों को 50 प्रतिशत अनुदान तथा बीपीएल और अजा-अजजा श्रेणी के पशुपालकों को 70 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। शेष राशि पशुपालक द्वारा भुगतान की जाएगी। बीमा प्रीमियम की अधिकतम दर एक वर्ष के लिये 3 प्रतिशत तथा 3 वर्ष के लिये 7.50 प्रतिशत देय होगी। बीमा न्यूनतम एक वर्ष तथा अधिकतम 3 वर्ष के लिये किया जा सकेगा।

टीकाकरण का ग्रामवार डाटा विकसित किया जाए - मुख्य सचिव

भोपाल, मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहन्ती ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित सघन टीकाकरण 2.0 अभियान की राज्य-स्तरीय संचालन समिति की बैठक में टीकाकरण का ग्रामवार डाटा विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर बच्चों और महिलाओं के टीकाकरण की अद्यतन स्थिति राज्य-स्तर पर भी उपलब्ध हो, जिससे शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में जानकारी दी गई कि 6 जनवरी, 3 फरवरी और 2 मार्च से सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अन्तर्गत पिछले टीकाकरण अभियान में छूटे बच्चों तथा महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए सुदूरवर्ती क्षेत्रों, शहरी बस्तियों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा, शहरी विकास, चिकित्सा शिक्षा, महिला-बाल विकास, अनुसूचित जनजाति विकास तथा खेल एवं युवक कल्याण विभाग को भी अभियान में दायित्व सौंपा गया है।

मुख्य सचिव ने अभियान में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर पुरस्कार प्रदान करने के निर्देश दिये।

स्पेशल बच्चों के लिये स्पेशल अनुभूति वाला रहा शिविर

भोपाल, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित अनुभूति शिविर में शामिल दिव्यांग बच्चों के साथ वन विहार के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। आरुषि संस्था, दिग्दर्शिका पुनर्वास एवं अनुसंधान केन्द्र, निदान संस्था और सेरीब्रल पालसी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 90 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अनुभूति कार्यक्रम में भाग लेकर शिविर का आनंद लिया।

संचालक वन विहार श्रीमती कमलिका मोहन्ता ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए अनुभूति शिविर में अलग तरह की तैयारी की गई थी। वन विहार के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी बच्चों के साथ नृत्य, गायन में भाग लिया। पालतू जानवरों का सहारा लेकर बच्चों को वन्य-प्राणियों की जानकारी दी गई। बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में तरह-तरह के चित्र बनाए, जो अब वन विहार में रहेंगे। सहायक संचालक श्री ए.के. जैन ने बताया कि शिविर से हमें संतुष्टि की अनुभूति हुई। अब हम दृष्टि-बाधित बच्चों के लिये एक अलग शिविर आयोजित करने का सोच रहे हैं।

शिविर में स्पेशल बच्चों को अलग तरीके से पक्षी, वन्य प्राणी और वानिकी गतिविधियाँ करवाई गईं। गतिविधियों के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित सायकोलॉ-जिस्ट डॉ. गीता नरहरि, श्रीमती रीता प्रकाशम, श्रीमती आभा गुप्ता, मास्टर ट्रेनर श्री ए.के. खरे और डॉ. एस.आर. बाघमारे बच्चों की मदद करते रहे। संचालक श्रीमती मोहन्ता ने बच्चों को शपथ दिलाई और पुरस्कार-प्रमाण पत्र वितरित किये। प्रत्येक बच्चे को अनुभूति बैग, कैप, पठनीय सामग्री, मुन्ना की कहानी, स्टीकर-पोस्टर, की-रिंग और बैज दिए गए।

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में चौथा अनुभूति शिविर 4 जनवरी 2020 को होगा। इसमें शासकीय उच्च.मा. विद्यालय कोटरा सुल्तानाबाद, संस्कार भारती विद्यापीठ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कस्तूरबा के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। बच्चों के लाने-लेजाने की व्यवस्था वन विहार द्वारा की जायेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पॉक्सो एक्ट

प्रकरणों में जल्दी ट्रायल कराने की पहल करें लोक अभियोजन अधिकारी

बच्चियों से दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामलों में की जाये नियमित मॉनिटरिंग

जनसम्पर्क एवं विधि-विधायी कार्य मंत्री श्री पी.सी. शर्मा भोपाल में पॉक्सो एक्ट संबंधी विधिक कार्यशाला को संबोधित करते हुये।

भोपाल, जनसम्पर्क तथा विधि-विधायी कार्य मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने पीटीआरआई में पॉक्सो एक्ट संबंधी लोक अभियोजन की विधिक कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों में ट्रायल जल्दी करवाने की पहल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोक अभियोजन अधिकारियों से कहा कि डीएनए रिपोर्ट प्राप्त करने में होने वाले विलंब को कम किया जाए। श्री शर्मा ने बच्चियों से दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामलों में नियमित मॉनिटरिंग किये जाने और दोषियों को यथाशीघ्र सख्त सजा दिलवाने की जरूरत बताई।

श्री शर्मा ने कहा कि लोक अभियोजन अधिकारियों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ पीड़िता के साथ अभिभावक की तरह व्यवहार रखें, उन्हें निर्भय होकर पूरे आत्म-विश्वास के साथ गवाही देने की प्रेरणा दें।

श्री शर्मा ने पॉक्सो एक्ट में कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में 67 प्रतिशत प्रकरणों में अपराधियों को सजा दिलवाने में हम सफल हुए हैं। इस वर्ष प्रदेश में पॉक्सो एक्ट में 9 प्रकरणों में अपराधियों को फांसी की सजा दिलाई गई। श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि अपराधियों के मन में सजा का खौफ पैदा करें।

कार्यशाला में प्रमुख सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा ने कहा कि अपराधियों के मन में खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में खौफ बढ़े। इसके लिए ऐसे अपराधों के अधिकतम प्रकरणों में अपराधियों को सजा दिलाना जरूरी है। सरकार का पक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा न्यायालय के समक्ष मजबूती के साथ रखा जाना चाहिए।

प्रमुख सचिव विधि श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पॉक्सो एक्ट के प्रकरणों की रोजाना की कार्रवाई की राज्य मुख्यालय पर मॉनिटरिंग की जा रही है। संचालक लोक अभियोजन श्री पुरुषोत्तम शर्मा ने पॉक्सो एक्ट संबंधी संभाग स्तरीय कार्यशालाओं के लोक अभियोजन की विस्तृत जानकारी दी।

आदि महोत्सव

आदिवासी संस्कृति को संरक्षण और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता-राज्यपाल

भोपाल, भारतीय संस्कृति के संवाहक आदिवासी समाज की संस्कृति, कला-कौशल और ज्ञान को संरक्षण तथा प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये जमीनी प्रयास जरूरी हैं। इसमें समाज की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। ये बातें राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने भोपाल स्थित भोपाल हाट में आदि महोत्सव का शुभारंभ करते हुये कहीं। राज्यपाल ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए देश की सुरक्षा में उनकी कुर्बानियों को वंदनीय बताया।

जनजातीय कार्य मंत्री श्री ओमकार सिंह मरकाम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आदिवासी समाज का प्रकृति और कृषि से गहरा रिश्ता है। यह समाज इनका सम्मान और संरक्षण करता है। आदिवासी समाज में फसल की बोनी के पहले बीज-पूजन किये जाने जैसी सांस्कृतिक परम्पराएं हैं। श्री मरकाम ने कहा कि आदिवासी समाज के पास बहुमूल्य औषधियों और जड़ी-बूटियों को पहचानने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासी खाद्यान्न, कला-कौशल, संस्कृति और ज्ञान को संरक्षित करने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिये गए हैं।

देश की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम है राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव के समापन समारोह में कहा कि यह महोत्सव वास्तव में देश की सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम है। इस विरासत के संवाहक हैं आज के बच्चे। महोत्सव इन बच्चों के लिये अपने-अपने क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक विशेषताओं तथा वेश-भूषा, कला, नृत्य, खान-पान आदि की विविधताओं को साझा करने का मंच है।

डॉ. चौधरी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये पढ़ाई के साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता भी बहुत जरूरी है। इससे बच्चे अनुशासन, आत्म-निर्भरता, प्रबंधन आदि सीखते हैं। डॉ. चौधरी ने समर्थ एवं लघु भारत प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा लगाई गई स्टीम शिक्षा पद्धति एवं उमंग मॉड्यूल की सराहना की। उन्होंने फूड जोन के विभिन्न स्टॉल्स में बच्चों द्वारा बनाए गए लज़ीज़ व्यंजनों का स्वाद लिया और प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा भी उपस्थित थे।

महोत्सव में सांस्कृतिक नृत्य में सिक्किम प्रथम, हरियाणा द्वितीय और हिमाचल प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश को प्रथम और छत्तीसगढ़ को द्वितीय सांत्वना पुरस्कार मिला। समर्थ एवं लघु भारत प्रदर्शनी, फूड जोन, क्राफ्ट आदि के पुरस्कार भी वितरित किये गए। बाल पत्रकारों ने सभी अतिथियों का इंटरव्यू लिया और उन्हें बाल-पत्र भेंट किया। बाल कलाकारों की प्रथम 5 सांस्कृतिक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों को आत्म-विभोर किया।

गौ-वंश के लिये कृत्रिम गर्भाधान वास्तव में वरदान - पशुपालन मंत्री

भोपाल, पशुपालन एवं मत्स्य विकास तथा मछुआ कल्याण मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने कहा है कि प्रदेश में गौ-भैंस वंशीय दुधारु पशुओं की उन्नत नस्ल के लिये कृत्रिम गर्भाधान वास्तव में वरदान साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान के लिये राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे कार्यक्रम में प्रदेश के 100 गांवों का चयन किया गया है।

श्री यादव ने बताया कि प्रदेश में यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 15 मार्च 2020 तक चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम गर्भाधान दुध उत्पादन में वृद्धि की दिशा में कारगर कदम है। उन्नत किस्म के नन्दी (सायर) के वीर्य से हुए गर्भाधान के कारण एक ओर जहाँ दुध की मात्रा में वृद्धि होती है, वहीं दूसरी ओर उन्नत किस्म के गौ-वंश में भी वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान में पशु पालक को अलग से नन्दी रखने की आवश्यकता नहीं होती।

श्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि नन्दी की मृत्यु होने की दशा में भी उसके सुरक्षित वीर्य का उपयोग गर्भाधान के लिये किया जा सकेगा। नई एवं उन्नत किस्म की प्रजातियों में वृद्धि के लिये कृत्रिम गर्भाधान एक सुरक्षित एवं सरल प्रक्रिया है।

पैंतीस अमृत मिशन परियोजनाओं में 191 करोड़ रूपये के कार्य हुए पूर्ण

भोपाल, मध्यप्रदेश में अमृत मिशन में एक वर्ष में 35 परियोजनाओं में 191 करोड़ 67 लाख रुपये लागत के कार्य पूर्ण किये गये। इनमें 5 नगरीय निकायों में 117 करोड़ 25 लाख रुपये लागत की जल-प्रदाय योजनाएं, एक नगरीय निकाय में 43 करोड़ 43 लाख रुपये की 5 स्टार्म वाटर ड्रेन परियोजनाएं, 15 नगरीय निकायों में 29 करोड़ 37 लाख रुपये की 24 हरित क्षेत्र परियोजनाएं और एक नगरीय निकाय में एक करोड़ 62 लाख रुपये की शहरी परिवहन परियोजना के कार्य शामिल हैं।

दमोह की 7 करोड़ 73 लाख रुपये की स्टार्म वाटर ड्रेन परियोजना के साथ डबरा में 44 करोड़ 61 लाख 89 हजार रुपये और शिवपुरी में 15 करोड़ 13 लाख रुपये की जल-प्रदाय योजना का कार्य शुरू कर दिया गया है।

चार नगरीय निकायों में 10 हरित क्षेत्र एवं पार्क विकास परियोजनाओं की निविदा स्वीकृत कर दी गई है। इनका कार्य भी जल्द शुरू किया जा रहा है। जबलपुर में 8 करोड़ 99 लाख रुपये की 6, ग्वालियर में एक करोड़ 99 लाख 9 हजार रुपये की एक, मंदसौर में 53 लाख 11 हजार रुपये की 2 और खरगोन में 27 लाख 22 हजार रुपये की एक परियोजना की निविदा स्वीकृत की गई हैं।

विद्यार्थियों को बताए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम

भोपाल, संस्कृति विभाग की उर्दू अकादमी द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के पाठ्यक्रमों की जानकारी एक काउंसलिंग सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को दी गई। विभिन्न शिक्षाविद् और कॅरियर काउन्सलर्स ने विद्यार्थियों को बताया कि अनेक पाठ्यक्रम उर्दू के जानकार विद्यार्थियों के लिये उपयोगी हैं। इसके अलावा इग्नू द्वारा संचालित लगभग 200 पाठ्यक्रमों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।

प्रत्येक वार्ड में बनायें 2-2 महिला स्व-सहायता समूह - नगरीय विकास मंत्री

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह गुना जिले में सिलाई सेंटर का अवलोकन करते हुये।

गुना, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह ने गुना जिले के नगर पालिका परिषद आरोन में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र में महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों को सिलाई एवं अन्य रोज़गारमूलक प्रशिक्षण दिये जायेंगे। श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में 2-2 महिला स्व-सहायता समूह बनायें।

श्री सिंह ने कहा कि मिशन में अब 28 हजार से कम जनसंख्या वाले शहर भी जोड़े गये हैं। उन्होंने कहा कि 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से आश्रय स्थल बनाया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को रोज़गार दिलाने के भी प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से मार्केट विकसित किया जायेगा।

श्री सिंह ने सिलाई सेन्टर और व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने आरोन में नये बस-स्टैण्ड एवं नई सब्जी मण्डी के लिये प्रस्तावित जगह का निरीक्षण किया।

देहरी कला में 'आपकी सरकार–आपके द्वार'

श्री जयवर्द्धन सिंह ने आरोन जनपद के ग्राम देहरी कला में आयोजित 'आपकी सरकार-आपके द्वार' शिविर में कहा कि अब गरीबों की समस्याओं का निराकरण उनके घर के पास ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिये तहसील और जिला मुख्यालय आने की जरूरत नहीं है। श्री सिंह ने बताया कि सिंध नदी में बड़ा बांध स्वीकृत किया गया है। वर्ष 2019 में आरोन तहसील के 3710 किसानों का कर्ज माफ हुआ है। शेष किसानों का कर्ज भी जल्द माफ होगा।

छात्रवृत्ति भुगतान प्रक्रिया निर्धारण के लिए समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित अशासकीय महाविद्यालयों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान प्रक्रिया की नीति निर्धारण के लिए समिति का गठन किया है। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनजातीय विभाग, और अन्य पिछड़ा वर्ग इस समिति के सदस्य मनोनीत किये गये हैं। अपर सचिव उच्च शिक्षा को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति दो माह में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विशेष लेख

मध्यप्रदेश में सशक्त बनती सार्वजनिक वितरण प्रणाली

मध्यप्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद पात्र परिवार को दो जून की रोटी मुहैया करना राज्य सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है। प्रदेश में 5.46 करोड़ हितग्राहियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत रियायती दर पर राशन मुहैया कराने का काम राज्य सरकार कर रही है। इससे भी आगे बढ़कर मध्यप्रदेश शासन द्वारा अक्टूबर 2019 में 22 हजार राशन दुकानों को आधार-आधारित राशन वितरण व्यवस्था (Ae-PDS) से जोड़ दिया गया। इस व्यवस्था से ऐसे सभी गरीब हितग्राही जो रोज़गार की तलाश में किसी अन्य कारणों से एक शहर से दूसरे शहर चले जाते हैं वह व्यक्ति उस शहर की किसी भी दुकान से अपना राशन Ae-PDS से ले सकता है। अभी तक 76.93 लाख परिवार इसका लाभ उठा चुके हैं। यह उल्लेखनीय तथ्य है कि केंद्र सरकार इस योजना को लागू करने पर विचार कर रही है। उससे पहले मध्यप्रदेश सरकार ने कार्य रूप में परिवर्तित कर दिया है। इसके साथ ही 17 दिसम्बर 2018 को प्रदेश में नई सरकार का गठन जिन 'वचनों' के साथ किया गया था उनकी पूर्ति भी पूर्ण-प्रतिवद्धता के साथ की जा रही है।

मध्यप्रदेश खाद्य सुरक्षा दाल वितरण योजना

प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित हितग्राहियों के भोजन में प्रोटीन एवं अन्य पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश खाद्य सुरक्षा दाल वितरण योजना लागू की गई, जिसके अंतर्गत चना की वितरण दर 27 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित है। पात्रता प्रति सदस्य एक किलो एवं अधिकतम चार किलो प्रति परिवार है। हर महीने 117 लाख 47 हजार पात्र परिवारों को 40 हजार 793 मीट्रिक टन का आवंटन किया गया है।

शक्कर वितरण

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवार के रूप में चिन्हित अन्त्योदय अन्न योजना के 16 लाख 39 हजार 993 परिवारों को 20 रुपये प्रति किलो की दर से एक किलो शक्कर प्रतिमाह प्रति परिवार वितरण माह मार्च, 2019 से प्रारम्भ किया गया है, जिस पर राज्य सरकार द्वारा 3 हजार 224 रुपये प्रति टन के मान से अनुदान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों को पोर्टल से विलोपित कर 1 लाख 65 हजार 438 नवीन परिवारों को सम्मिलित किया जाकर योजना का लाभ दिया गया है। वर्तमान में 5.46 करोड़ हितग्राहियों को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वर्ष 2011 की जनसंख्या अनुसार 75 फीसदी आवादी 5 करोड़ 46 लाख को ही लाभांवित करने का प्रावधान है। वर्ष 2018 की अनुमानित जनसंख्या 8 करोड़ 23 लाख हो गई है, जिसकी 75 प्रतिशत आवादी 6 करोड़ 17 लाख होती है। इस प्रकार, 71 लाख हितग्राहियों के लिये खाद्यान्न आवंटन प्राप्त नहीं हो रहा है। वर्तमान आवादी का 66 प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को ही मिल पा रहा है, जो कि अधिनियम के अनुसार 9 प्रतिशत कम है। इन 71 लाख हितग्राहियों के लिये अतिरिक्त खाद्यान्न आवंटन करने की मांग भारत सरकार से की गई है।

पात्र परिवारों का सत्यापन अभियान

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वर्तमान में सम्मिलित 117.52 लाख पात्र परिवारों के 5 करोड़ 46 लाख हितग्राहियों के घर-घर जाकर सत्यापन करने का अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 61 हजार सत्यापन दलों द्वारा यह कार्य 'एम-राशन मित्र मोवाइल एप' के माध्यम से किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत पात्र परिवारों के छूटे हुए सदस्यों के नाम की जानकारी संकलित की जाएगी तथा परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर एवं मोवाइल नंबर भी प्राप्त किए जाएंगे। सत्यापन अभियान में अस्तित्वविहीन एवं अपात्र परिवारों के चिन्हांकन उपरांत उनको सुनवाई का अवसर देकर विलोपित किया जाएगा, जिसके विरुद्ध नवीन परिवारों को जोड़ा जा सकेगा।

दुकान संचालन हेतु विक्रेताओं के लिए मार्गदर्शिका

एक नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त 24713 उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई गई है। रवी विपणन वर्ष 2019-20 में 9 लाख 87 हजार 258 किसानों से 73 लाख 69 हजार 550 मे. टन गेहूं का उपार्जन किया गया जो कि विगत वर्ष से 53 हजार 508 मी. टन अधिक है।

उपार्जित गेहूं की कुल राशि 13 हजार 560 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया गया है जो विगत वर्ष से 867 करोड़ रुपये अधिक है। समर्थन-मूल्य पर फसलों के उपार्जन के साथ ही भुगतान प्रक्रिया को भी पारदर्शी और त्वरित भी किया गया है। रवी फसलों के उपार्जन के लिए खरीदी केंद्रों की संख्या 3008 से बढ़ाकर 3545 की गई। किसान भाइयों को just in time (JIT) के द्वारा तीन दिन में राशि उनके खाते में जमा कराने का काम भी राज्य सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में भी एक वर्ष में 18.78 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदान किए गये हैं। प्रदेश में कुल 71.39 लाख परिवारों को लाभान्वित किया गया है।

समर्थन मूल्य पर खरीदे गये अनाज के रख-रखाव के लिए संसाधनों को वितरित करना भी मध्यप्रदेश सरकार की प्राथमिकता रही है। नावार्ड के सहयोग से 139 विकासखंडों और 76 उपार्जन केंद्रों पर 77.40 करोड़ रुपये की लागत से 500-500 मीट्रिक टन क्षमता के 'गोदाम सह-उचित मूल्य दुकान' निर्माण का कार्य हाथ में लिया गया है। निजी गोदाम संचालकों के प्रोत्साहन के साथ ही वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की भण्डार क्षमता विस्तार के प्रयास जारी हैं इसके लिए 143.87 करोड़ रुपये की डी.पी.आर. तैयार कर ऋण हेतु नावार्ड को प्रस्ताव भेजा गया है।

प्रदेश उपभोक्ता-हितों के संरक्षण में भी देश में अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन को लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

- अनिल वशिष्ट

जिला योजना समिति की बैठक

खरगोन जिले में 36 हजार 270 किसानों के ऋण माफ होंगे

लोक निर्माण मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा एवं संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ खरगोन जिले के इदारतपुरा में गौ-शाला का लोकार्पण करते हुये।

खरगोन, लोक निर्माण मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा ने अपने प्रभार के जिले खरगोन में जिला योजना समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि कृषि विकास और किसान-कल्याण की योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। किसानों को उनकी समयबद्ध आवश्यकता के हिसाब से बिजली प्रदाय की जाये। यूरिया के रैक्स सीधे ग्रामीण संस्थाओं में भेजे जायें। अति वृष्टि से प्रभावित किसानों को राज्य सरकार द्वारा दी गई राहत राशि को अन्य ऋण योजनाओं में समायोजित नहीं किया जाये।

श्री वर्मा ने जय किसान फसल ऋण माफी योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि योजना के प्रथम चरण में खरगोन जिले के 66 हजार 513 पात्र किसानों के ऋण माफ किये गये हैं। उन्होंने कहा कि योजना के द्वितीय चरण में 36 हजार 270 किसानों के ऋण माफ किये जायेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण में ऋण माफी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने कहा कि पूरे प्रदेश में सबसे अधिक खरगोन जिले के किसानों के ऋण माफ किये गये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन किसानों के ऋण माफ हुए हैं, उनके नाम की सूची ग्राम पंचायतों और संबंधित संस्थाओं में चस्पा कराई जाये।

ग्राम लालखेड़ा में 'आपकी सरकार-आपके द्वार' शिविर

श्री वर्मा और डॉ. साधौ खरगोन जिले के ग्राम लालखेड़ा में आयोजित 'आपकी सरकार-आपके द्वार' शिविर में शामिल हुए। मंत्रीद्वय ने शिविर में लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और आश्वस्त किया कि अब समस्याओं के निराकरण के लिये लोगों को जिला, तहसील, विकासखण्ड मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर में सभी स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करेंगे।

शिविर में कुल 990 आवेदन प्राप्त हुए। मंत्रीद्वय ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उसके निराकरण के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। अधिकांश आवेदनों का शिविर में मौके पर निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिये समय-सीमा निश्चित की गई।

खरगोन जिले की पहली शासकीय गौ-शाला लोकार्पित

लोक निर्माण मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने इदारतपुरा में खरगोन जिले की पहली शासकीय गौ-शाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश के आमजन को दिये गये वचनों को धरातल पर उतारने के लिये पूरी तरह प्रतिवद्ध है। इस दिशा में सरकार सतत रूप से प्रयत्नशील है। श्री वर्मा ने कहा कि आपके गांव में एक वर्ष में ही गौ-माता के लिये सुविधायुक्त गौ-शाला बनकर तैयार हुई है।

संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने कहा कि हमारी संस्कृति में वचन का बड़ा महत्व है और राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों को दिये गये वचनों को पूरा करने के लिये कृत-संकल्पित है। इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

पन्ना टी-3 वॉक

देशभर के 50 से अधिक वन्य-प्राणी विशेषज्ञों ने लिया भाग

भोपाल, वाघ पुनःस्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर वन विभाग, जैव-विविधता वोर्ड और डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. इण्डिया द्वारा 20 से 26 दिसम्बर तक आयोजित पन्ना टी-3 वॉक का समापन हुआ। सात चरणों में हुई वॉक में देशभर के 50 से अधिक वन्य-प्राणी विशेषज्ञ और वाघ प्रेमियों ने भाग लिया। पन्ना पी-3 वॉक सागर, पन्ना, छतरपुर और दमोह जिले के उन्हीं इलाकों से गुजरी, जहाँ 10 साल पहले पैंच से आया वाघ टी-3 वापस लौटने के प्रयास में गुजरा था। पन्ना टाइगर रिज़र्व प्रवंधन ने 70 वन अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम और 4 हाथियों के साथ 19 दिन में इसे वापस पन्ना लाने में सफलता हासिल की थी। इस वापसी के कारण ही आज पन्ना में 55 वाघ हैं।

टॉस्क फोर्स कमेटी को मिला अतिरिक्त समय

9. निम्न में से कौन सी विधि ऊपर की ओर सम्प्रेषण (upward Communication) से संबंधित है -
(A) सुझाव बाक्स
(B) खुला दरवाजा नीति
(C) अनौपचारिक एकत्रीकरण (Informal gathering)
(D) ये सभी
उत्तर- (D)

10. जब किसी संगठन संरचना में समान स्तर के अधिकारियों या कर्मचारियों के मध्य विचार विमर्श, सूचना या संदेश का आदान-प्रदान होता है तो इसे कहते हैं -
(A) समतल सम्प्रेषण (Horizontal Communication)
(B) कर्णीय सम्प्रेषण (Diagonal Communication)
(C) लम्बवत् सम्प्रेषण (Vertical Communication)
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A)

11. निम्न में से कौन सा सम्प्रेषण माध्यम दृश्य तथा श्रव्य दोनों संकेतों पर आधारित है -
(A) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
(B) फैक्स
(C) ई-मेल
(D) ये सभी
उत्तर- (A)

12. नीचे दिए कथनों को सत्य मानते हुए संभावित निष्कर्ष निकालिए -
कथन -
(i) कुछ पेन्सिलें पेन हैं।
(ii) सभी पैन रबड़ हैं।
निष्कर्ष -
I. सभी पेन्सिलें रबड़ हैं
II. कुछ रबड़ पेन्सिलें हैं
III. सभी रबड़ पेन्सिलें हैं।
(A) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(B) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(C) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं।
(D) निष्कर्ष I तथा III दोनों निकलते हैं।
उत्तर- (B) कथन (i) तथा (ii) से कुछ पेन्सिलें पैन हैं तथा सभी पेन रबड़ हैं, इसका अर्थ है कि कुछ पेन्सिलें रबड़ हैं। साथ ही चूँकि कुछ पेन्सिलें रबड़ हैं इसका अर्थ है कि कुछ रबड़ पेन्सिलें हैं। अतः निष्कर्ष II निकलता है। अतः उत्तर (B) होगा।

13. दिए गए चार विकल्पों में से कौन सा विकल्प प्रश्न में दिए गए सेट के एकदम समान है -
दिया गया सेट : (7, 56, 71)
(A) 9, 72, 86
(B) 8, 72, 85
(C) 8, 71, 86
(D) 8, 64, 79
उत्तर- (D) संख्याओं का दिया गया नियम समूह को संतुष्ट करता है जिसमें दूसरी संख्या पहली संख्या को 8 से गुणा करके तथा तीसरी संख्या दूसरी संख्या में 15 जोड़कर प्राप्त की जाती है।
दिए गए समूह में 7 x 8 = 56 तथा 56 + 15 = 71
इसी प्रकार D में 8 x 8 = 64 तथा 64 +15 = 79
अतः उत्तर D होगा।

14. यदि किसी कूट भाषा में I को 18, IM को 44 लिखा जाता है तो IMP को कैसे लिखेंगे -
(A) 72 (B) 74
(C) 75 (D) 76
उत्तर- (D)
हल- चूंकि I वर्णमाला में नौवां अक्षर है।
∴ I = 9 x 2 = 18 लिखा गया है
इसी तरह M वर्णमाला का तेरहवां अक्षर है।
∴ M = 13 x 2 = 26
अतः I M = 18 + 26 = 44 लिखा गया है।
पुनः P वर्णमाला का सोलहवां अक्षर है।
अतः P = 16 x 2 = 32
अतः IMP = 18 + 26 + 32 = 76 होगा।

15. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी -
7 x 4 = 37, 8 x 4 = 42
2 x 2 = 11, 4 x 6 = ?
(A) 20 (B) 21
(C) 22 (D) 23
उत्तर- (D)
हल- तीनों समीकरणों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने पर पता चलता है कि प्रत्येक स्थिति में अंकगणितीय चिन्ह को हटाया गया है जिससे बनी संख्या का आधा मान नई संख्या के मान के बराबर है अतः ? = 46/2 = 23 है, अतः उत्तर (D) है।

16. दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों के प्रयोग द्वारा नहीं बनाया जा सकता है -
EXAMINATION
(A) TONIC
(B) ANTI
(C) MAN
(D) NOT
उत्तर- (A) दिए गए शब्द में C नहीं है।

17. यदि JABALPUR = KBCB MQVS हो तो INDORE = ?
(A) HMEPSF
(B) HMEPFS
(C) HMEFPS
(D) JOEPSF
उत्तर- (D)

जिस प्रकार	उसी प्रकार
$J \xrightarrow{+1} K$	$I \xrightarrow{+1} J$
$A \xrightarrow{+1} B$	$N \xrightarrow{+1} O$
$B \xrightarrow{+1} C$	$D \xrightarrow{+1} E$
$A \xrightarrow{+1} B$	$O \xrightarrow{+1} P$
$L \xrightarrow{+1} M$	$R \xrightarrow{+1} S$
$P \xrightarrow{+1} Q$	$E \xrightarrow{+1} F$
$U \xrightarrow{+1} V$	
$R \xrightarrow{+1} S$	

निर्देश - (प्र. 18 व 19) निम्नलिखित में (: :) के दोनों तरफ दी गई जानकारी के बीच समान संबंध है इन सवालों में अनुपलब्ध जानकारी के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प खोजें -

18. 18 : 81 : : 22 : ?
(A) 118
(B) 119
(C) 120
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (D)
हल- जिस प्रकार $18 \div 2 = 9$
$(9)^2 = 81$
इसी प्रकार $22 \div 2 = 11$
$(11)^2 = 121$

19. KATNI : 110 : : BETUL : ?
(A) 50 (B) 55
(C) 58 (D) 120
उत्तर- (D)
हल- जिस प्रकार KATNI = (11 + 1 + 20 + 14 + 9) x 2
(वर्णमालानुसार क्रम का योग x 2)
= 55 x 2 = 110
इसी प्रकार BETUL = (2 + 5 + 20 + 21 + 12) x 2
60 x 2 = 120

20. एम.कॉम. की परीक्षा में सृष्टि को चार विषयों में से तीन में 80, 70 तथा 55 अंक मिले। चार विषयों में उसे पूर्ण योग के 70% अंक मिलते हैं तो चौथे विषय में कितने अंक मिले होंगे जबकि प्रत्येक विषय के पूर्णांक 100 थे -
(A) 70
(B) 72
(C) 74
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (D)
हल- कुल अंक 100 x 4 = 400
प्राप्तांक $= \frac{400 \times 70}{100} = 280$
अतः चौथे विषय के प्राप्तांक = 280 - (80 + 70 + 55) = 75

21. निम्न में से कौन सी आकृति आलू, सब्जियों तथा सीताफल के संबंध को दर्शाती है -

(A) (B) (C) (D)

उत्तर- (D)
हल- चूँकि आलू एक सब्जी है तथा सीताफल सब्जियों में नहीं आता है इसीलिए आकृति D सही उत्तर है।

22. निम्न में से उसे चुनिए जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है -
(A) उज्जैन
(B) सागर
(C) रायसेन
(D) साँची
उत्तर- (D) अन्य सभी मध्यप्रदेश के जिलों के नाम हैं।

23. यदि गेहूं : मक्का, तो.....
(A) मुद्रा : बैंक
(B) आभूषण : वस्त्र
(C) मंदिर : मूर्ति
(D) सोना : चाँदी
उत्तर- (D) जिस प्रकार गेहूं तथा मक्का अनाज हैं, उसी प्रकार सोना और चाँदी धातु हैं।

24. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?

8	7	7
7	7	2
1	2	5
56	98	?

(A) 60
(B) 65
(C) 69
(D) 70
उत्तर- (D) प्रत्येक स्तंभ में पहली तीन संख्याओं का गुणनफल चौथी संख्या के बराबर है-
जैसे 8 x 7 x 1 = 56
7 x 7 x 2 = 98
इसी प्रकार
7 x 2 x 5 = 70

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

मित्र और मित्रता के बिना जीवन कुछ भी नहीं है - मार्क्स टी. सिसरो

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. म.प्र. जैव प्रौद्योगिकी परिषद् की स्थापना कब की गई?
(अ) 2000 (ब) 2002
(स) 2003 (द) 2004
2. अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग को लेकर अपशिष्ट प्रबंधन पर गोलमेज सम्मेलन का आयोजन 3 फरवरी, 2012 को किस शहर में हुआ था?
(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) जबलपुर
3. मध्यप्रदेश का एकमात्र आदिवासी खेलकूद विद्यालय कहां स्थित है?
(अ) रीवा (ब) सागर
(स) सीधी (द) सीहोर
4. मध्यप्रदेश में प्रथम खेल नीति कब बनी?
(अ) वर्ष 1993 (ब) वर्ष 1989
(स) वर्ष 1992 (द) वर्ष 2000
5. जल प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम कब पारित किया गया था?
(अ) 1972 (ब) 1974
(स) 1982 (द) 1984
6. वायु प्रदूषण इनमें से किनके द्वारा होता है?
(अ) अपशिष्ट पदार्थों को जलाने से
(ब) वृक्षों की कटाई के कारण
(स) मोटर वाहनों से निकलने वाले धुंए के कारण
(द) उपर्युक्त सभी कारणों से
7. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष का अधिकतम कार्यकाल कितना होता है?
(अ) तीन वर्ष (ब) पांच वर्ष
(स) चार वर्ष (द) छः वर्ष
8. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य की नियुक्ति कौन करता है?
(अ) प्रधानमंत्री (ब) राष्ट्रपति
(स) गृहमंत्री (द) विधि मंत्री
9. विश्व मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 10 दिसम्बर (ब) 02 अक्टूबर
(स) 24 दिसम्बर (द) 10 अगस्त
10. मध्यप्रदेश में पीताम्बरा शक्ति पीठ कहां पर स्थित है?
(अ) रतलाम (ब) दतिया
(स) रायसेन (द) सागर
11. 'काठी' मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र का लोक नाट्य है?
(अ) निमाड़ (ब) बुन्देलखण्ड
(स) मालवा (द) बघेलखण्ड
12. "टेराकोटा शिल्प" के लिए मध्यप्रदेश का कौन सा जिला प्रसिद्ध है?
(अ) शहडोल (ब) झाबुआ
(स) मण्डला (द) रतलाम
13. विश्व प्रसिद्ध 'चन्देरी साड़ी' किस राज्य में बनाई जाती हैं?
(अ) महाराष्ट्र (ब) छत्तीसगढ़
(स) मध्यप्रदेश (द) गुजरात
14. मध्यप्रदेश में कौन सी जनजाति कबीर पंथ को मानती है?
(अ) सहरिया (ब) अगरिया
(स) कोरकू (द) पनिका
15. मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध 'बाघ की गुफाएं' किस जिले में स्थित है?
(अ) झाबुआ (ब) रतलाम
(स) धार (द) बड़वानी
16. भारिया जनजाति प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश के किस जिले में पाई जाती है?
(अ) छिंदवाड़ा जिला
(ब) रायसेन जिला
(स) राजगढ़ जिला
(द) धार जिला
17. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में स्थित है?
(अ) शहडोल (ब) पन्ना
(स) मण्डला (द) शिवपुरी
18. मध्यप्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर है?
(अ) 20.6 प्रतिशत
(ब) 20.3 प्रतिशत
(स) 20.1 प्रतिशत
(द) 19.3 प्रतिशत
19. एशिया के प्रथम लेज़र किरण परमाणु ऊर्जा अनुसंधान केन्द्र की स्थापना कहां पर की गई?
(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) जबलपुर
20. "भीम बैठका" (मध्यप्रदेश स्थित) के 'शैल चित्रों' में किसको दर्शाया गया है?
(अ) शिकार
(ब) घुड़सवारी
(स) संगीत व नृत्य
(द) उपर्युक्त सभी
21. निम्नलिखित में से कौन सी बोली मध्यप्रदेश में नहीं बोली जाती?
(अ) मालवी (ब) बुंदेलखंडी
(स) कौरवी (द) गोंडी
22. मध्यप्रदेश उद्योग निगम द्वारा संचालित हाट अथवा एम्पोरियम का क्या नाम है?
(अ) मृगनयनी (ब) चाँदनी
(स) नैयनी (द) सुलोचनी
23. धार किस नदी के तट पर स्थित है?
(अ) केन नदी (ब) नर्मदा नदी
(स) सोन नदी (द) बनास नदी
24. मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कहाँ स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) ग्वालियर
25. मध्यपदेश में कौन सी जनजाति बहुतायत में पायी जाती है?
(अ) भील (ब) बैगा
(स) गोंड (द) कोरकू
26. नर्मदा नदी का उद्गम स्थल कहां है?
(अ) अमरकण्टक (ब) महेश्वर
(स) चम्बल (द) कोई नहीं
27. कैमूर सीमेन्ट फैक्ट्री कहाँ पर स्थित है?
(अ) सतना (ब) नीमच
(स) कटनी (द) मैहर
28. पेशवा बाजीराव की समाधि किस शहर में स्थित है?
(अ) ग्वालियर (ब) झांसी
(स) शिवपुरी (द) बुरहानपुर
29. मध्यप्रदेश में कालीदास अकादमी कहां पर स्थित है?
(अ) भोपाल (ब) उज्जैन
(स) इंदौर (द) जबलपुर
30. राजा महिष्मत ने नर्मदा के किनारे महिष्मती (महेश्वर) की स्थापना की। वे किस वंश के शासक थे?
(अ) हैहय वंश (ब) इक्ष्वाकु वंश
(स) यदुवंश (द) गुर्जर वंश
31. किस राजा ने नर्मदा के तट पर मांधाता नगरी (ओंकारेश्वर) को बसाया था?
(अ) राजा मांधाता
(ब) राजा मुचुकुन्द
(स) राजा महिष्मत
(द) राजा पुरुकुत्स
32. मैकल क्षेत्र (प्राचीन काल) को वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है?
(अ) पचमढ़ी क्षेत्र
(ब) विन्ध्याचल क्षेत्र
(स) मुलताई क्षेत्र
(द) अमरकंटक क्षेत्र
33. मध्यप्रदेश में एकलव्य पुरस्कार किस वर्ष से प्रारंभ किया गया?
(अ) 1995 (ब) 1999
(स) 1994 (द) 2000
34. मध्यप्रदेश की सीमा भंडारी किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) हैण्डबॉल (ब) बास्केट बॉल
(स) हॉकी (द) बैडमिंटन
35. संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची किससे संबंधित है?
(अ) नगरीय स्थानीय निकाय
(ब) भूमि सुधार
(स) पंचायती राज
(द) उपरोक्त सभी
36. मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद की स्थापना कब की गयी?
(अ) 1975 (ब) 1980
(स) 1979 (द) 1981
37. मदन मोहन किला किस राजा ने बनवाया?
(अ) राजा मानसिंह तोमर
(ब) राजा मदन शाह
(स) तुकोजी राव होल्कर
(द) इनमें से कोई नहीं
38. महिलाओं के लिए एन.सी.सी. प्रशिक्षण महाविद्यालय कहां स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) भोपाल
39. किस जिले में सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला नहीं है?
(अ) खंडवा (ब) छिन्दवाड़ा
(स) धार (द) बुरहानपुर
40. मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल कौन थे?
(अ) वी. पट्टाभि सीतारमैया
(ब) सरला ग्रेवाल
(स) शंकर दयाल शर्मा
(द) के. रेड्डी
41. मंडला इनमें से किनकी राजधानी थी?
(अ) होल्कर (ब) सिंधिया
(स) परमार (द) गोंड
42. मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं?
(अ) मुख्यमंत्री
(ब) राज्यपाल
(स) वनमंत्री
(द) मुख्य वन मंडल अधिकारी
43. मध्यप्रदेश की सबसे लंबी नदी कौन सी है?
(अ) चम्बल (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) पार्वती
44. मध्यप्रदेश में ग्राम स्वराज योजना कब लागू की गई?
(अ) 26 जनवरी, 2001
(ब) 26 जनवरी, 2002
(स) 15 अगस्त, 2001
(द) 15 अगस्त, 2002
45. खजुराहो किस वंश की सांस्कृतिक राजधानी थी?
(अ) चंदेल वंश (ब) गुप्त वंश
(स) मौर्य वंश (द) हैहय वंश
46. सारणी ताप विद्युत गृह किस जिले में स्थित है?
(अ) शहडोल (ब) रीवा
(स) बैतुल (द) इंदौर
47. स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत मध्यपदेश में कब हुई?
(अ) 1916 (ब) 1915
(स) 1926 (द) 1917

उत्तरमाला

(1) स (2) स (3) द (4) ब
(5) ब (6) द (7) ब (8) ब
(9) अ (10) ब (11) अ (12) स
(13) स (14) द (15) स (16) अ
(17) स (18) ब (19) स (20) द
(21) स (22) अ (23) ब (24) ब
(25) स (26) अ (27) स (28) द
(29) ब (30) अ (31) ब (32) द
(33) स (34) द (35) स (36) ब
(37) ब (38) ब (39) स (40) अ
(41) द (42) अ (43) ब (44) अ
(45) अ (46) स (47) अ

- सुभाष पाण्डेय
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इनमें से किस खिलाड़ी ने वर्ष 2012 के लंदन ओलिंपिक में पदक नहीं जीता था?
(अ) सुशील कुमार
(ब) विजेंदर सिंह
(स) विजय कुमार
(द) योगेश्वर दत्त
2. भारत में एशियाई खेल कितनी बार आयोजित किये गये हैं?
(अ) दो
(ब) एक
(स) तीन
(द) चार
3. इनमें से किस यूरोपीय देश का राष्ट्रीय खेल सांड की लड़ाई है?
(अ) डेनमार्क
(ब) स्पेन
(स) जर्मनी
(द) फ्रांस
4. फीफा विश्वकप - 2018 में किस खिलाड़ी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था?
(अ) हैरी केन
(ब) एंटोनिए ग्रिजमैन
(स) लुका मोड्रिक
(द) इनमें से कोई नहीं
5. इनमें से किस अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी को 'डेनिस द मीनेस' के नाम से भी जाना जाता है?
(अ) आंद्रे अगासी
(ब) जॉन मेकनेरो
(स) जिम कुरियर
(द) पीट सेम्प्रास
6. इनमें से किस निशानेबाज ने ओलिंपिक खेलों में पदक नहीं जीता है?
(अ) विजय कुमार
(ब) अभिनव बिंद्रा
(स) गगन नारंग
(द) अंजली भागवत
7. ओलिंपिक खेलों में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) माइकल फेल्प्स
(ब) मार्क स्पिट्स
(स) सिमोना बाइल्स
(द) इसाबेल वेर्थ
8. सचिन तेंदुलकर ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कितने शतक जमाए हैं?
(अ) 48
(ब) 50
(स) 49
(द) 51
9. सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली टेनिस खिलाड़ी मार्गरेट कोर्ट का संबंध किस देश से है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) सर्बिया
(स) अमेरिका
(द) कनाडा
10. दो बार ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाला देश है?
(अ) भारत
(ब) वेस्टइंडीज
(स) इंग्लैंड
(द) श्रीलंका
11. वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप किस देश में आयोजित किया गया था?
(अ) जर्मनी
(ब) स्पेन
(स) ब्राजील
(द) रूस
12. वर्ष 2019 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) नाओमी ओसाका
(ब) पेत्रा क्वितोवा
(स) एश्ले बार्टी
(द) मारिया शारापोवा
13. वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 विश्वकप कहां आयोजित किया गया था?
(अ) ब्राजील
(ब) भारत
(स) चिली
(द) इंग्लैंड
14. मरियप्पन थंगावेलू का संबंध किस खेल से है?
(अ) पैरा एथेलेटिक्स
(ब) पैरा बैडमिंटन
(स) पैरा स्विमिंग
(द) इनमें से कोई नहीं
15. वर्ष 2019 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली इंग्लैंड टीम के कप्तान हैं?
(अ) जेसन रॉय
(ब) इयॉन मॉर्गन
(स) जो रूट
(द) बेन स्टोक्स
16. वर्ष 2019 में सीरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसने जीता है?
(अ) लियोनल मेसी
(ब) किलियन एम्बाप्पे
(स) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(द) नेमार
17. वर्ष 2019 में आईपीएल का खिताब किसने जीता है?
(अ) कोलकाता नाइट राइडर
(ब) चेन्नई सुपर किंग्स
(स) दिल्ली कैपिटल्स
(द) मुंबई इंडियंस
18. ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में युवराज सिंह ने किस गेंदबाज के ओवर में छः छक्के जड़े थे?
(अ) शाकिब अल हसन

(शेष अगले पृष्ठ पर)

स्मृति शेष

मराठी मंच के महान अभिनेता डॉ. श्रीराम लागू हिन्दी फिल्मों के भी ख्यात चरित्र अभिनेता थे

हिन्दी और भाषाई फिल्मों में समान अधिकार के साथ अभिनय करने वाले बीसियों अभिनेता हुए हैं मगर एक साथ दो भाषाओं की फिल्मों में उत्कृष्ट अभिनय करने वाले कुछ चुनिंदा अभिनेताओं में डॉ. श्रीराम लागू एक मेधावी कलाकार थे। डॉ. लागू हिन्दी और मराठी फिल्मों के साथ ही गुजराती सहित तीन भाषाओं के रंगमंच से भी जुड़े रहे। मराठी नाटकों में तो उन्होंने अभिनय के साथ निर्देशन भी किया था। डॉ. लागू भारतीय और भाषाई फिल्मों और रंगमंच के अभिनेता के साथ एक ईएनटी सर्जन भी थे। उन्हें फिल्मों में उनकी चरित्र भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने सौ से अधिक हिन्दी और मराठी फिल्मों में और चालीस से अधिक मराठी, हिन्दी और गुजराती नाटकों में अभिनय किया और बीस से अधिक मराठी नाटकों का निर्देशन भी किया। उन्हें बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के दौरान मराठी फिल्म और रंगमंच के सबसे महान अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वे मराठी नाटक नटसम्राट के पहले नायक थे, जिन्हें कुसुमाग्रज (विष्णु वामन शिरवाडकर) द्वारा लिखा गया था और उस भूमिका के लिए उन्हें सबसे ज्यादा याद किया जाता है। उन्हें मराठी सिनेमा में एक महान दर्जा मिला है, जहां उन्होंने कई यादगार फिल्में की हैं जिनमें सिंहासन, पिंजरा और मुक्ता जैसी सफल फिल्में शामिल थीं।

प्रगतिशील आंदोलन से भी गहरा जुड़ाव रहा

प्रगतिशील और तर्कसंगत सामाजिक कारणों को आगे बढ़ाने में भी वह बहुत मुखर और सक्रिय रहे हैं। उन्होंने और सामाजिक कार्यकर्ता जी.पी. प्रधान ने अन्ना हजारे के नेतृत्व में चलाये गये भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के समर्थन में उपवास भी किया था। असल में डॉ. श्रीराम लागू का प्रगतिशील आंदोलन से गहरा जुड़ाव रहा है। उनको केवल मराठी के रंगमंच मूवमेंट के लिए ही नहीं, महाराष्ट्र के अंधविश्वास मिटाने वाले आंदोलन के लिए भी याद किया जाएगा। वो महाराष्ट्र अंधविश्वास निर्मूलन समिति से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वही समिति जिससे नरेंद्र दाभोलकर और गोविंद पानसरे जैसे ख्यात विचारक जुड़े रहे।

पेशे से डॉक्टर थे मगर उनके रग-रग में था अभिनय के प्रति जुनून

पचास के दशक के शुरुआती सालों में मुंबई विश्वविद्यालय से ईएनटी सर्जरी में डिग्री प्राप्त की और अतिरिक्त प्रशिक्षण के लिए कनाडा और इंग्लैंड जाने से पहले छह साल के लिए पुणे में प्रैक्टिस भी की। उन्होंने साठ के दशक में पुणे (भारत) और ताबोरा (तंजानिया) में दवा और सर्जरी पर शोध भी किया, लेकिन उनका शौक उनके पेशे पर भारी रहा, वे पेशे से डॉक्टर थे मगर उनके रग-रग में अभिनय के प्रति जुनून भरा था। पुणे में प्रोग्रेसिव ड्रामेटिक एसोसिएशन और मुंबई में 'रंगायन' के माध्यम से उनकी थिएटर गतिविधि भी साथ-साथ जारी रहीं खासकर तब जब वे भारत में रहते थे। वर्ष 1969 में वे मराठी रंगमंच पर एक पूर्णकालिक अभिनेता बन गए और वसंत कानेटकर द्वारा लिखे गए नाटक - 'इठे ओशलाला मितु' में अभिनय से उसकी पुष्टि भी हुई। श्रीराम लागू ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के दौरान ही नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया था। एक बार रंगमंच की धुन लग जाने के बाद उन्होंने 'प्रोग्रेसिव ड्रामेटिक एसोसिएशन' समूह के माध्यम से अपनी नाटकीय गतिविधियां जारी रखीं, जिसे उन्होंने भाला केलकर जैसे प्रतिभावान और दक्ष वरिष्ठ मित्र के साथ शुरू की थी।

डॉ. श्रीराम लागू की सम्पूर्ण शिक्षा पुणे में हुई

डॉ. श्रीराम लागू का जन्म ब्रिटिश इंडिया के बॉम्बे प्रेसीडेंसी (मौजूदा महाराष्ट्र प्रदेश) के सतारा शहर में 16 नवम्बर, 1927 को हुआ था। उनके पिताश्री का नाम बालकृष्ण चिन्तामन लागू और मां का नाम सत्यभामा लागू था। वे अपने चार भाई बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी आरंभिक शिक्षा भावे स्कूल और फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे में हुई थी और बाद में बी.जे. मेडीकल कॉलेज, पुणे से ही उन्होंने एम.बी.बी.एस. और एम.एस. (ईएनटी) की उपाधि प्राप्त की। उनकी पत्नी, दीपा लागू भी एक प्रसिद्ध थिएटर, टीवी और फिल्म अभिनेत्री हैं। उनके दो बेटे और एक बेटी है। डॉ. लागू ने अपने दिवंगत बेटे तनवीर लागू की याद में भारत के रंगमंच उद्योग में सबसे होनहार स्टालवार्ट को दिए जाने वाले प्रतिष्ठित तनवीर सम्मान की स्थापना की थी।

फिल्मफेयर पत्रिका पर तल्ख टिप्पणी और फिल्मफेयर अवॉर्ड का मिलना

गले में स्कार्फ बांधे, मरून रंग का कोट पहने मोदी की भूमिका में डॉ. श्रीराम लागू अपने ऑफिस में इंटर होते हैं। इस औचक एंट्री से उनके मातहत हड़बड़ा जाते हैं और गाना बजाना छोड़कर 'गुड मॉर्निंग' वाले मोड में आ जाते हैं। मोदी आराम से एक टेबल पर बैठते हैं और अपने एक कर्मचारी से बेतकल्लुफी से बोलते हैं -

"मिश्राजी वो फिल्मफेयर जरा दराज़ में रखिए। अब तो भर गया होगा दराज़ भी।" यह दृश्य है हिन्दी फिल्म - 'घरौंदा' का। लागू घरौंदा फिल्म में एक अधेड़ उम्र के कुंवारे बिज़नसमैन बने हैं।

किसे पता था फिल्मफेयर पत्रिका को लेकर एक तल्ख टिप्पणी करने वाले श्रीराम लागू को इसी भूमिका के लिये - 'सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल जायेगा।

नटसम्राट की कठिन भूमिका ने श्रीराम लागू को दी प्रतिष्ठा

एक मराठी फिल्म आई थी - 'नटसम्राट'। एक रंगमंच अभिनेता के जीवन पर आधारित यह फिल्म एक कलाकार के अर्श से फर्श तक पहुंचने की कहानी थी। कुछ-कुछ गुरुदत्त की 'कागज़ के फूल' जैसी। इसमें नाना पाटेकर के जीवंत अभिनय की तारीफ़ हुई थी। फिल्म भी बहुत सराही गई, लेकिन पुराने लोग नाना की तुलना श्रीराम लागू से भी करने लग गए थे, क्योंकि उन्होंने भी तो बहुत पहले एक नाटक में नटसम्राट अप्पा बेलवलकर का किरदार निभाया था। जिसे पहली बार वर्ष 1970 में विड़ला मातोश्री सभागृह, मुंबई में प्रदर्शित किया गया था। श्रीराम लागू ने अप्पा बेलवलकर की भूमिका निभाई थी। पुरुषोत्तम दारव्हेकर इस नाटक के निर्देशक थे। नाटक को जिसने भी देखा सबने माना कि श्रीराम लागू पूरे ऑडीटोरियम में बैठे प्रेक्षकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे।

नाटक में वैसे तो श्रीराम लागू द्वारा निभाए चरित्र के काफी मोनोलॉग्स थे। सारे एक से बढ़कर एक, लेकिन वो मोनोलॉग नहीं भूला जाता। जब नटसम्राट के बेटे-बेटी उसे घर से निकाल देते हैं, वो नटसम्राट जो अपने दिनों में खूब प्रतिष्ठित था जिसके पास खूब पैसा था। आज वो दर-दर भीख मांगता फिरता है। कहता है - 'कुणी घर देता का घर? (कोई घर देगा क्या घर?)। इस चरित्र को बाद में कई और अभिनेताओं ने भी निभाया। इस चरित्र को निभाना इतना कठिन था कि इसे निभाने वाले अभिनेता मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार पड़ जाते थे। कहा जाता है कि डॉक्टर लागू को भी इसी भूमिका के चलते हार्ट अटैक आया था, लेकिन यही वो रोल था, जिसने उन्हें वो शोहरत भी दिलवाई जिसके वो असल हकदार थे, वरना इससे पहले 1969 - 1970 में उनके 8 नाटक बुरी तरह फ्लॉप रहे थे।

दर्शकों के स्नेह और समर्थन को वे सबसे बड़ा सम्मान मानते थे

हिंदी फ़िल्म घरौंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर अवॉर्ड प्राप्त हुआ था, जो संभवतः उन्हें मिलने वाला इकलौता पुरस्कार था मगर इस पुरस्कार से इतर डॉ. लागू को वर्ष 1997 में मध्यप्रदेश सरकार का प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान, वर्ष 2006 में सिनेमा में समग्र और सुदीर्घ योगदान के लिये मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति सम्मान और वर्ष 2010 में संगीत नाटक अकादमी के फेलोशिप अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। पुरस्कार और सम्मान के मामले में डॉ. श्रीराम लागू को अपेक्षित मान्यता नहीं मिली मगर वे दर्शकों के स्नेह और समर्थन को सबसे बड़ा सम्मान मानते थे और वे कहा करते थे दर्शकों ने उन्हें हमेशा जी खोलकर स्नेह और समर्थन दिया। हिन्दी फिल्मों में उन्होंने वर्ष 1976 में बुलेट फिल्म में अभिनय के साथ अपना सफर आरम्भ किया था और अगले साल ही यानी वर्ष 1977 में उन्हें घरौंदा फिल्म के लिये फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। डॉ. श्रीराम लागू ने वर्ष 1976 से वर्ष 1994 तक अट्ठारह वर्षों में कई हिन्दी फिल्मों में काम किया, जिनमें से प्रमुख फिल्में थीं - चलते-चलते, अगर, किनारा, घरौंदा, इंकार, देश-परदेश, मुकद्दर का सिकन्दर, देवता, अरविन्द देसाई की अज़ीब दास्तां, दामाद, तराना, जुर्माना, लूटमार और खुद्दार प्रमुख थीं।

- राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

(ब) स्टूअर्ट ब्रॉड
(स) जेम्स एंडरसन
(द) ब्रेट ली

19. वर्ष 2019 में दक्षिण एशियाई खेलों में सबसे ज्यादा पदक किस देश ने जीते हैं?
(अ) भारत (ब) नेपाल
(स) श्रीलंका (द) पाकिस्तान

20. वर्ष 2019 में बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) बी साई प्रणीत
(ब) केंटो मोमोटा
(स) लिन डैन
(द) एंडर्स एंटोन्सेन

21. अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे अधिक गोल किस खिलाड़ी ने किए हैं?
(अ) लियोनल मेसी
(ब) नेमार
(स) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(द) सुनील छेत्री

22. वन-डे और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण मैच में शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं?
(अ) आबिद अली
(ब) बाबर आजम
(स) शान मसूद
(द) अजहर अली

23. रियो ओलिंपिक-2016 में भारतीय दल के ध्वज वाहक थे?
(अ) मेरी कॉम
(ब) सुशील कुमार
(स) विजेंदर सिंह
(द) अभिनव बिंद्रा

24. हाल ही में इनमें से किस खिलाड़ी को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है?
(अ) राशिद खान
(ब) असगर अफगान
(स) मोहम्मद नबी
(द) मोहम्मद शहजाद

25. वर्ष 2018 में शीलकालीन ओलिंपिक खेल कहां आयोजित किए गए थे?
(अ) दक्षिण कोरिया (ब) रूस
(स) कनाडा
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. ब, 2. अ, 3. ब, 4. स, 5. स, 6. द, 7. अ, 8. स, 9. अ, 10. ब, 11. द, 12. अ, 13. ब, 14. अ, 15. ब, 16. स, 17. द, 18. ब, 19. अ, 20. ब, 21. स, 22. अ, 23. द, 24. ब, 25. अ

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

समानता, न्यायिकता, करुणा और प्रेम ही सुशासन का आधार – राज्यपाल

भोपाल, समाज में प्रेम, स्नेह, दया और करुणा का साम्राज्य हो तथा सब सुखी, शिक्षित और प्रसन्न रहें। यही सुशासन का स्वरूप होना चाहिये। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन से हमें स्वयं कष्ट सहकर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। मानव समाज को ऐसे महापुरुषों के जीवन का अनुसरण करना होगा, जिससे विश्व में शांति और सदभाव का वातावरण निर्मित हो सके। ये बातें राज्यपाल श्री लालजी टंडन ने भोपाल स्थित राजभवन में क्रिश्चियनिटी और गुड गवर्नेंस विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि समाज का प्रत्येक सदस्य ईश्वर की रचना है। इसलिए अमीर-गरीब, ऊंच-नीच का भेदभाव उचित नहीं है।

राज्यपाल ने कहा कि समानता, न्यायिकता, करुणा और प्रेम सुशासन का आधार है। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्म एक ही मंजिल तक पहुंचने के अलग-अलग रास्ते हैं। ईसा मसीह, भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर और मोहम्मद साहब सभी ने अपने जीवन से शांति और मानवता का संदेश दिया है। दूसरों के दर्द को दूर करने के प्रयास किये हैं। श्री टंडन ने कहा कि ईसा मसीह ने स्वयं कष्ट उठाकर दूसरों के कल्याण के कार्य किये। दूसरों की भलाई के लिए वह स्वयं सूली पर चढ़ गये। दूसरों की खुशी के लिए स्वयं कष्ट उठाकर कार्य करने का भाव ही सुशासन है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सम-सामयिक जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम - दिसम्बर

यूपीएससी, एमपीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, पीईबी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम-सामयिक घटनाक्रम से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए "रोज़गार और निर्माण" में वार्षिक और मासिक अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और खेल घटनाक्रम प्रस्तुत किया जाता है। "रोज़गार और निर्माण" के इस अंक में "27 दिसम्बर-2019" तक के घटनाक्रम का प्रकाशन किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

- दुनिया की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी सऊदी अरामको ने आईपीओ के जरिए 25.6 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ है। इस आईपीओ के ज़रिए कंपनी ने लगभग 1.5% हिस्सेदारी बेची है।
- कैलिफोर्निया की डेमोक्रेटिक सांसद और भारतीय मूल की कमला हैरिस ने साल 2020 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव न लड़ने की घोषणा की।
- संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की संस्था विश्व मौसम संगठन ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि 2010 का दशक इतिहास का सबसे गर्म दशक होगा। रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष अब तक वैश्विक तापमान 1850 से 1900 के बीच की पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.1 डिग्री सेल्सियस ऊपर है।
- फिनलैंड की सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने प्रधानमंत्री पद के लिए 34 वर्षीय सना मारिन को चुना है। वह दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बनीं। इससे पहले सना परिवहन मंत्री रह चुकी हैं।
- स्वीडन की पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग 2019 की 'टाइम पर्सन ऑफ द ईयर' चुनी गई हैं। 16 वर्षीय थनबर्ग यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की इंसान हैं। टाइम मैगजीन ने ग्रेटा के बारे में कहा कि उन्होंने दिखाया कि नई पीढ़ी हमारा नेतृत्व करती है, तो कैसा लगता है।
- सऊदी अरामको की लिस्टिंग के बाद बाजार पूंजीकरण के लिहाज से जर्मनी, कनाडा और भारत को पछाड़कर सऊदी अरब दुनिया का 7वां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। पहले स्थान पर अमेरिका, दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान, चौथे पर हांगकांग, पांचवे पर यूके और छठवें पर फ्रांस है। इस लिस्ट में भारत का नंबर 10वां है।
- हांगकांग पुलिस को करीब 6 महीने तक चले सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान ओवरटाइम करने के लिए 860 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। करीब 11 हजार पुलिस अधिकारियों को ओवरटाइम के लिए भुगतान किया गया है।

- यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की कंज़र्वेटिव पार्टी ने आम चुनावों में 650 में से 365 सीटें जीती हैं। इन चुनावों में लेबर पार्टी ने 203 जीती हैं। गौरतलब है कि लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी थे।
- पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को 2007 में संविधान को निलंबित कर देश में आपातकाल लगाने के मामले में मौत की सज़ा सुनाई गई है। गौरतलब है कि संविधान को निलंबित करने को देशद्रोह माना जाता है और पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 6 के तहत इसमें मौत की सज़ा का प्रावधान है।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की रिपोर्ट के अनुसार कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता दूर करने में 257 साल लगेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर में कार्यस्थलों पर लैंगिक असमानता पिछले साल की तुलना में बढ़ी है।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा जारी जेंडर गैप इंडेक्स में भारत 112वें स्थान पर है। वहीं नेपाल 101वें, श्रीलंका 102वें, चीन 106वें, भूटान 131वें और पाकिस्तान 151वें स्थान पर है। सूची में सबसे ऊपर आइसलैंड है, जबकि सबसे निचले पायदान पर यमन है।
- मिस वर्ल्ड 2019 प्रतियोगिता का खिताब जमैका की 23 वर्षीय टोनी ऐन सिंह ने जीता। दूसरे स्थान पर फ्रांस की ओफिली मेज़िनो और तीसरे स्थान पर भारत की 21 वर्षीय सुमन राव रहीं। 1993 में लिसा हना के बाद टोनी एन. सिंह मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता जीतने वाली जमैका की पहली महिला हैं। मिस वर्ल्ड 2019 प्रतियोगिता का आयोजन लंदन में किया गया था।
- क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज़ कैनल ने पर्यटन मंत्री मैनुएल मरेरो क्रुज़ को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। मरेरो 1976 के बाद प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति हैं।
- सऊदी अरब की अदालत ने इस्तांबुल (तुर्की) स्थित सऊदी कॉन्सुलेट में पत्रकार जमाल खाशोगी की हत्या के मामले में 5 लोगों को मौत की सजा सुनाई।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस फ़ोर्स बनाने के लिए कानून पर हस्ताक्षर किये। थल सेना, नौसेना, वायुसेना, मरीन तथा कोस्टगार्ड के बाद यह अमेरिकी सेना का छठवां अंग होगा। गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने भी स्पेस डिफेंस कमांड शुरू करने की घोषणा की है।
- पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अंतोनियो कोस्टा ने गाँधी सिटीजनशिप एजुकेशन प्राइज की स्थापना करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य गांधीजी के आदर्शों को बढ़ावा देना है।
- दक्षिण सूडान में कार्यरत 850 भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया। वर्तमान में 2,342 भारतीय सैनिक और 25 पुलिसकर्मी संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण सूडान मिशन में तैनात हैं।
- स्पेन की राजधानी मेड्रिड में वैश्विक जलवायु सम्मेलन 'COP-25'(कॉन्फ्रेंस ऑफ़ पार्टीज) का आयोजन किया गया। दरअसल यह आयोजन चिली में होना था, लेकिन चिली देश में जारी विरोध प्रदर्शन के चलते 'COP-25' की मेजबानी से अलग हो गया था।
- अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'आयरन यूनियन 12' का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच युद्ध दक्षता तथा रणनीतिक विशेषज्ञता को बढ़ावा देना है।
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 में विश्व में हथियारों की बिक्री में 4.6% की वृद्धि हुई है।
- साउथ अफ्रीका की जोजिबिनी टूंजी ने मिस यूनिवर्स 2019 का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से वर्तिका सिंह ने हिस्सा लिया, लेकिन वह टॉप 10 में जगह नहीं बना सकीं।
- सऊदी अरब को G-20 की अध्यक्षता प्रदान की गयी है। इससे पहले अध्यक्षता जापान के पास थी। गौरतलब है कि नवम्बर 2020 में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में G-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

राष्ट्रीय घटनाक्रम

- 'मित्र शक्ति' युद्धाभ्यास के सातवें संस्करण का आयोजन पुणे के औंध सैन्य स्टेशन में किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के एक हिस्से के तौर पर तैनाती के दौरान भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच अंतर सक्रियता एवं परिचालन क्षमता को बढ़ाना है।
- श्री हरि मोहन ने ऑर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। वे 1982 बैच के ऑर्डनेंस फैक्टरी बोर्ड सेवा के अधिकारी हैं। श्री मोहन ने सेवानिवृत हो चुके श्री सौरभ कुमार की जगह ली है।
- श्रीमती सोमा रॉय बर्मन ने लेखा महानियंत्रक के रूप में कार्यभार संभाला। वे देश की 24वीं लेखा महानियंत्रक हैं और इस सम्मानित पद को धारण करने वाली सातवीं महिला हैं।
- भारत और चीन के बीच संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत आतंकवाद का मुकाबला करने वाली थीम पर 07 से 20 दिसंबर के बीच मेघालय के उमरोई में 8वें संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'हैंड-इन-हैंड 2019' का आयोजन किया गया।
- लेफ्टिनेंट जनरल पोडाली शंकर राजेश्वर अंडमान एवं निकोबार कमान के 14वें कमांडर-इन-चीफ बने।
- भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच 14वां द्विपक्षीय वार्षिक सैन्य अभ्यास सूर्य किरण-14 नेपाल के रूपन्देही जिले के सलिझंडी में नेपाल आर्मी बैटल स्कूल में आयोजित किया गया। दोनों देशों के बीच 13वां संयुक्त सैन्य अभ्यास उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था।
- भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार का विकल्प। पेश करने के लिए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया गया है। मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' बना, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- वाइस एडमिरल श्री रवनीत सिंह ने वाइस एडमिरल आर हरि कुमार से रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने 5 दिसंबर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।
- 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री एन.के. सिंह और आयोग के सदस्यों श्री अजय नारायण झा, श्री अशोक लाहिड़ी, श्री रमेश चंद्र, श्री अनूप सिंह और सचिव श्री अरविंद मेहता ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी। 15वें वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 27 नवंबर, 2017 को किया था, ताकि वह 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2025 तक की पांच वर्षीय अवधि के लिए सुझाव दे सके।
- भारत और रूस के बीच तीनों सेनाओं का अभ्यास इंद्र 2019 का आयोजन 10 से 19 दिसम्बर को बबीना (झांसी के निकट), पुणे और गोवा में एक साथ किया गया। इंद्र श्रृंखला का आरंभ 2003 में हुआ था और तीनों सेनाओं का प्रथम संयुक्त अभ्यास 2017 में आयोजित किया गया था।
- संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 20 बैठकें आयोजित की गईं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों ही सदनों में 15 विधेयक पारित हुए, जो अब संसदीय अधिनियम बन जायेंगे। लोकसभा में लगभग 116 प्रतिशत और राज्यसभा में तकरीबन 100 प्रतिशत कामकाज हुआ।
- एयर मार्शल डी. चौधरी ने वाइस एडमिरल श्रीकांत से राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के कमांडेंट का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले एयर मार्शल चौधरी पश्चिमी वायु कमान, मुख्यालय, नई दिल्ली में वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी थे।
- उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाने अगले सेना प्रमुख होंगे। वह मौजूदा थल सेना प्रमुख बिपिन रावत के बाद पदभार संभालेंगे। सेना प्रमुख रावत 31 दिसबंर 2019 को सेवानिवृत हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल नरवाने को सेना में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परमविशिष्ट सेवा मेडल, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित पिनाक मिसाइल प्रणाली का ओडिसा के चांदीपुर तट के निकट स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफल परीक्षण किया गया। पिनाक आर्टिलरी मिसाइल प्रणाली है, जो पूरी सटीकता के साथ दुश्मन के इलाके में 75 किलोमीटर तक मार कर सकती है।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने वॉशिंग्टन डी.सी. में राजदूत श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला की विदेश सचिव के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी। श्री श्रृंगला, श्री विजय केशव गोखले का स्थान लेंगे।
- सरकार ने 4 स्टार जनरल के रैंक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ का पद सृजित करने की मंजूरी दी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ का वेतन और अतिरिक्त सुविधाएं सर्विस चीफ के बराबर होंगी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ सैनिक मामलों के विभाग (डीएमए) का भी प्रमुख होगा, जिसका गठन रक्षा मंत्रालय के भीतर किया जाएगा और वह उसके सचिव के रूप में कार्य करेगा।

साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा

- साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में साहित्य अकादमी ने 23 भाषाओं में अपने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की।
- कविता की पुस्तकों के लिए डॉ. फूकन चौधरी बसुमतारी (बोडो), डॉ. नंद किशोर आचार्य (हिंदी), श्री नीलवा ए. खांडेकर (कोंकणी), श्री कुमार मनीप अरविंद (मैथिली), श्री वी. मधुसूदन नायर (मलयालम), श्रीमती अनुराधा पाटिल (मराठी) और प्रो. पन्ना मधुसूदन (संस्कृत) को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।
- उपन्यास के लिए डॉ. जयश्री गोस्वामी महंत (असमिया), श्री एल. बीरमंगल सिंह (बैरिल थंगा) (मणिपुरी), श्री चौधरी धर्मन (तमिल) और श्री बंदी नारायण स्वामी (तेलुगु) को पुरस्कार दिये जायेंगे।
- लघु कथाओं के लिए श्री अब्दुल अहद हज़िनी (कश्मीरी), श्री तरुण कांति मिश्रा (ओडिया), श्री कृपाल कजाक (पंजाबी), श्री रामस्वरूप किसान (राजस्थानी), श्री काली चरण हेम्ब्रम (संथाली) और श्री ईश्वर मुरजानी (सिंधी) को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।
- डॉ. शशि थरूर (अंग्रेजी), डॉ. विजया (कन्नड़) और प्रो. शफी किदवई (उर्दू) को क्रमशः गैर काल्पनिक कथा, आत्मकथा और जीवनी के लिए साहित्य पुरस्कार दिये जायेंगे।
- निबंध की पुस्तकों के लिए डॉ. चिन्मय गुहा (बंगाली), श्री ओम शर्मा जंदरीयारी (डोगरी) और श्री रतिलाल बोरिससागर (गुजराती) को पुरस्कार दिये जायेंगे।

प्रादेशिक घटनाक्रम

- मध्यप्रदेश को अंगदान के क्षेत्र में सर्वोपरि कार्यों के लिये बेस्ट सोटो (राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संस्थान) अवॉर्ड मिला।
- राज्य शासन ने अनुसूचित जाति के छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति में वृद्धि की, वर्ष 2019-20 में छात्रों के लिए 1230 रुपये और छात्राओं के लिए 1270 रुपये की प्रतिमाह शिष्यवृत्ति देय होगी। वर्ष 2018 में छात्रों को 1140 और छात्राओं को 1180 रुपये शिष्यवृत्ति प्रदान की जा रही थी। शिष्यवृत्ति की नई दर एक जुलाई, 2019 से प्रभावशील होगी।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश सम्पूर्ण देश में अव्वल रहा।
- भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा जलगुणवत्ता की जाँच में की गई रैंकिंग में प्रदेश को आईएस 10500-2012 के तहत पहला स्थान दिया गया।
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने 2 दिसंबर को इंदौर में मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ किया।
- मध्यप्रदेश के पावर सेक्टर में पहली बार एक माह में रिकॉर्ड राजस्व संग्रह हुआ। नवंबर में राजस्व संग्रह 2017 करोड़ रुपये का हुआ है, जो नवंबर 2018 की तुलना में 413 करोड़ अधिक है।
- यूरिया वितरण शिकायत के लिये कॉल सेंटर (दूरभाष क्र. 0755-2558823) शुरू।
- स्पेन की जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनी में शामिल हुईं मध्यप्रदेश के चित्रकारों श्री दिलीप श्याम और श्री धावत सिंह उईके की पेंटिंग्स।
- गुरू नानक देवजी संभाग स्तरीय प्रांतीय ओलिंपिक में भोपाल बना ओवरऑल चैम्पियन।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने ओंकारेश्वर के विकास के लिये तैयार की गई 156 करोड़ रुपये की कार्य-योजना को मंजूरी दी।
- राजभवन में 07 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। राज्यपाल श्री लालजी टंडन को चेयर मैन सैनिक कल्याण डॉ. आर.आर. भोंसले ने लैपल पिन लगाया।
- सामान्य प्रशासन विभाग ने 09 दिसंबर को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2019 में बैठने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की अतिरिक्त छूट दिए जाने के आदेश जारी किये।
- साँची के पास निनोद में बनेगा 220 करोड़ का प्रदेश का पहला विश्व-स्तरीय गोल्फ कोर्स, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने वेस्ले ग्रुप को सौंपा स्वीकृति-पत्र।
- राज्य शासन द्वारा स्थापित किशोर कुमार पुरस्कार 2019 के लिये सिनेमा-संगीत के क्षेत्र में प्रदेश के सक्रिय युवा गायक/गायिकाओं से 20 जनवरी 2020 तक प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गईं।
- स्कॉच ग्रुप की ज्यूरी ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनर्जी यूटिलिटी कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट' गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया।
- शासकीय आवास आवंटन के लिये संपदा संचालनालय द्वारा नया वेब पोर्टल **www.sampada.mp.gov.in** शुरू किया गया।
- राज्य शासन ने 14 जिलों की 38 लघु सिंचाई योजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी, इन 201.67 करोड़ लागत की योजनाओं के पूर्ण होने पर 12 हजार 432 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित होगी।
- भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 9 दिसम्बर से शुरू हुई 4 दिवसीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में 120 पदक जीतकर मध्यप्रदेश पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है। मध्यप्रदेश ने 60 स्वर्ण, 35 रजत और 25 कांस्य पदक प्राप्त किये। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलों की 16 विधाओं में प्रतियोगिताएँ हुईं। कुल प्रतिभागी खिलाड़ी 4,057 थे, जिनमें बालक 2159, बालिका 1898 शामिल हुईं।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 15 दिसंबर को छिन्दवाड़ा में दो दिवसीय कॉर्न फेस्टिवल 2019 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आई.आई.टी. मुंबई के छिन्दवाड़ा निवासी छात्र प्रदीप शेंडे द्वारा निर्मित फार्म इको एप को भी लॉन्च किया। इस एप पर किसानों को शासन की योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों की सलाह, मार्गदर्शन, बीज, कीटनाशक, खाद, उपज के परिवहन, उपज को रखने के लिये वेयर हाउस, किराये पर उन्नत कृषि यंत्र की उपलब्धता, कांट्रेक्ट फार्मिंग आदि के संबंध में सहज ही जानकारी निःशुल्क उपलब्ध होगी।
- मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 16 दिसंबर को शौर्य स्मारक से जनता को विजय दिवस का संदेश दिया।
- भोपाल स्थित मिन्टो हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ की उपस्थिति में मध्यप्रदेश विजन-टू-डिलीवरी रोडमैप-2020-2025 दस्तावेज का विमोचन किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन किया।
- राज्य शासन द्वारा स्थापित इन्दिरा गाँधी समाज सेवा पुरस्कार वर्ष 2019-20 स्वर्गीय श्री अब्दुल जब्बार, भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मरणोपरांत प्रदान किया गया।
- संस्कृति मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक पं. विद्याधर व्यास को वर्ष 2019 के तानसेन सम्मान से अलंकृत किया और नाट्य संस्था 'निनासम हेग्गोडु' को राजा मानसिंह तोमर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया।
- राज्य आजीविका मिशन उत्कृष्ट कार्यों के लिये सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित।
- इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 19 दिसंबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया गया।
- जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने बताया कि आईफा (इंटरनेशनल इण्डियन फिल्म एकेडमी) अवार्ड-2020 का आयोजन मार्च माह में प्रदेश के भोपाल और इंदौर शहर में होगा।
- मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में चार राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।
- मुरैना जिले की जौरा विधानसभा के विधायक श्री बनवारी लाल शर्मा का निधन, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ समेत मंत्रि-मण्डल के सदस्यों ने अर्पित की श्रद्धांजलि।
- खरगोन जिले की पहली शासकीय गौ-शाला का लोकार्पण लोक निर्माण मंत्री और चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने किया।
- आठ दिवसीय पन्ना टी-3 वॉक का समापन 26 दिसंबर को हुआ, इसमें देशभर के 50 से अधिक वन्य-प्राणी विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।
- प्रदेश में पहली बार राजसी घरानों में प्रचलित उत्कृष्ट व्यंजनों पर केन्द्रित रॉयल कुसिंज़ फूड फेस्टिवल का शुभारंभ मिंटो हॉल में मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा किया गया।
- प्रदेश में पहली बार सरकारी अस्पताल (जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) में लकवे का सफल ऑपरेशन हुआ।

खेल घटनाक्रम

टेनिस

- फेड कप के एशिया ओसनिया ज़ोन ग्रुप ए के मुकाबले के लिए घोषित भारतीय टीम में सानिया मिर्जा को शामिल किया गया।
- ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने इस ग्रैंडस्लैम की पुरस्कार राशि में 13.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, अब इसकी कुल इनामी राशि 7 करोड़ 10 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (चार करोड़ 91 लाख अमेरिकी डॉलर, लगभग तीन अरब 50 करोड़ रुपये) कर दी गयी है।
- स्विट्जरलैंड की संघीय टकसाल स्विसमिंट ने फेडरर के सम्मान में उनकी छवि के साथ एक 20 फ्रैंक का चांदी का सिक्का बनाया है। इतिहास में यह पहली बार है, जब स्विसमिंट ने किसी जीवित व्यक्ति के सम्मान में चांदी का स्मारक सिक्का जारी किया है।
- भारत ने पाकिस्तान से डेविस कप में लगातार सातवां मुकाबला जीता।
- स्पेन के राफेल नडाल ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को हराकर विश्व टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। नडाल का यह रिकॉर्ड पांचवां अबु धाबी खिताब है।
- लिएंडर पेस ने साल 2020 में प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट लेने की घोषणा की।

फुटबॉल

- लिवरपूल ने फ्लेमेंगो को 1-0 से हराकर पहली बार क्लब वर्ल्ड कप खिताब जीता। लिवरपूल की टीम दूसरी इंग्लिश क्लब बन गई है, जिसने क्लब वर्ल्ड कप जीता है। उससे पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 2008 में यह खिताब अपने नाम किया था।
- फुटबॉल की नियामक संस्था (फीफा) ने बेल्जियम को लगातार दूसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया। इससे पहले बेल्जियम ने 2015 और 2018 में साल की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता था।
- फीफा ने कतर फुटबॉल टीम को 'मूवर ऑफ द ईयर-2019' के पुरस्कार के लिए चुना।
- मोहन बागान क्लब के अध्यक्ष और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गीतानाथ गांगुली का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।
- मिडफील्डर सरप्रीत सिंह जर्मन लीग (बुन्डेसलीगा) में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले फुटबॉलर बने। सरप्रीत ने वेर्डर ब्रेमेन के खिलाफ खेले गए मैच में बायर्न म्यूनिख के लिए पदार्पण किया।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो को 'सीरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- लियोनल मेसी ने रिकॉर्ड छठी बार 'बैलोन डि' ओर पुरस्कार जीता। वहीं महिला फुटबॉल में ये अवॉर्ड इंग्लैंड की मेगन रैपिनो को दिया गया।
- स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के भारत में एम्बैसडर बनाए गए रोहित शर्मा, इस लीग के इतिहास में पहले नॉन-फुटबॉलर ब्रैंड एम्बैसडर हैं रोहित।

क्रिकेट

- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में तमिलनाडु को 1 रन से हराकर कर्नाटक लगातार दूसरी बार घरेलू टी-20 चैंपियन बना।
- नेपाल महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर अंजलि चंद ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट (महिला और पुरुष) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी आंकड़ों का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।
- आईसीसी ने भारत-वेस्टइंडीज़ टी-20 और वनडे सीरीज में फ्रंट फुट नो-बॉल पर फैसला मैदान में मौजूद (ऑन-फील्ड) अंपायर के बजाय थर्ड अंपायर को देने का निर्णय लिया।
- वसीम जाफर 150 रणजी ट्रॉफी मैच खेलने वाले पहले क्रिकेटर बने। जाफर के बाद देवेंद्र बुंदेला 145 (1995 से 2018) और अमोल मजूमदार 136 मैच (1993 से 2014) हैं। जाफर रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।
- पृथ्वी शॉ ने 174 गेंदों में रणजी ट्रॉफी के इतिहास का तीसरा सबसे तेज़ दोहरा शतक जड़ा।
- फॉलो-ऑन के बाद रणजी ट्रॉफी का मैच जीतने वाली झारखंड इतिहास में पहली टीम बनी।
- पाकिस्तान के ओपनर आबिद अली वनडे और टेस्ट डेब्यू पर शतक जड़ने वाले इतिहास में पहले क्रिकेटर बने।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में 400 छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा।
- के.एल. राहुल घरेलू ज़मीन पर सभी फॉर्मेट में अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ने वाले रोहित शर्मा के बाद दूसरे भारतीय बने।
- कुलदीप यादव अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय बने, वेस्टइंडीज के खिलाफ हैट्रिक लेने से पहले कुलदीप ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में अपनी पहली हैट्रिक दर्ज की थी।
- रोहित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में (सभी फॉर्मेट में) ओपनर के तौर पर एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सनथ जयसूर्या (2,387 रन) को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1997 में यह रिकॉर्ड बनाया था।
- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2010 के दशक की अपनी बेस्ट वनडे एकादश जारी की है, जिसमें तीन भारतीय शामिल हैं। महेंद्र सिंह धोनी को इस टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि रोहित शर्मा को ओपनर और विराट कोहली को तीसरे नंबर के बल्लेबाज़ के तौर पर शामिल किया गया है। वहीं बेस्ट टेस्ट एकादश में विराट कोहली को टीम का कप्तान नामित किया गया है, टेस्ट टीम में कोहली इकलौते भारतीय हैं।

भारत-वेस्टइंडीज श्रृंखला

- वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहले टी-20I में 208-रनों का लक्ष्य हासिल कर भारत ने टी-20I इतिहास का अपना सबसे बड़ा रन चेस पूरा किया।
- टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 67 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की।
- कटक में खेले गए वनडे में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ 316 रन का लक्ष्य हासिल करने के साथ भारत ने 2019 का अपना आखिरी मैच जीत लिया और 2-1 से सीरीज़ अपने नाम कर ली।
- श्रृंखला के दौरान दूसरे वनडे में विराट कोहली और कायरन पोलार्ड पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुये। इसके साथ ही इतिहास में पहली बार वनडे इंटरनेशनल में दोनों कप्तान गोल्डन डक पर आउट हुए।
- यह वेस्टइंडीज़ के खिलाफ भारत की लागातार 10वीं वनडे सीरीज़ जीत थी।
- रोहित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सभी फॉर्मेट मिलाकर एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक छक्के लगाने का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे वनडे में पांच छक्के लगाकर रोहित ने 2019 में अपने छक्कों का आंकड़ा 77 पहुंचाया। इससे पहले उन्होंने 2018 में 74 छक्के जड़कर यह रिकॉर्ड बनाया था।

प्रसिद्ध खेल पत्रिका विज़डन

- विज़डन ने दशक के अपने टॉप पांच क्रिकेटर्स के नामों का ऐलान किया, जिनमें विराट कोहली इकमात्र भारतीय हैं। विराट के अलावा सूची में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला ऑल-राउंडर एलिस पेरी, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स शामिल हैं।
- विज़डन ने दशक की अपनी वनडे टीम जारी की है, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी शामिल हैं। इनके अलावा डेविड वॉर्नर, एबी डिविलियर्स, जोस बटलर, मिचेल स्टार्क, डेल स्टेन, लसिथ मलिंगा, ट्रेंट बोल्ट और शाकिब अल हसन टीम में हैं।
- विज़डन ने दशक की अपनी टेस्ट टीम भी जारी की है, जिसमें विराट कोहली कप्तान बनाए गए हैं। उनके साथ इस टीम में रविचंद्रन अश्विन भी हैं। विजडन की टेस्ट टीम ऑफ द डेकेड इस तरह है : एलिस्टेयर कुक, डेविड वॉर्नर, कुमार संगकारा, स्टीव स्मिथ, विराट कोहली, बेन स्टोक्स, एबी डिविलियर्स, आर: अश्विन, डेल स्टेन, कगीसो रबाडा और जेम्स एंडरसन।

अन्य खेल घटनाक्रम

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया, वहीं विवेक प्रसाद और लालरेमसियामी को एफआईएच ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष उदीयमान स्टार पुरस्कार के लिए नामित किया।
- मर्सिडीज के ड्राइवर लुइस हेमिल्टन ने 2019 फॉर्मूला-1 सीजन का अंत जीत के साथ किया।
- कनाडा के 84-वर्षीय रॉय जॉर्जन स्वेनिंगसेन अंटार्कटिक आइस मैराथन को पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज़ व्यक्ति बने।
- वाडा (विश्व ऐंटी-डोपिंग एजेंसी) ने रूसी ऐथलेटिक्स फेडरेशन को 2020 टोक्यो ओलिंपिक्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप्स समेत सभी बड़े खेल आयोजनों से 4-साल के लिए निलंबित किया।
- बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। लक्ष्य का इस साल यह पांचवां खिताब था।
- दीपक पूनिया को यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने साल का सर्वश्रेष्ठ जूनियर फ्रीस्टाइल पहलवान चुना।
- भारत के तीन निशानेबाज सौरभ चौधरी, दिव्यांश सिंह पंवार और एलावेनिल वलारिवन को प्रतिष्ठित तगोल्डन टारगेट' अवॉर्ड से नवाजा गया।
- गौरव गिल ने पांचवीं बार जीती पॉपुलर रैली।
- पंजाब सरकार के अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंट में कनाडा को हराकर भारत चैंपियन बना।
- बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी को नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

जॉब अलर्ट

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - (1) विस्तार अधिकारी कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, (2) उप-रजिस्ट्रार, ट्रेडमार्क एवं भौगोलिक संकेत, महानिदेशक पेटेंट (3) नृविज्ञान (शारीरिक नृविज्ञान प्रभाग), (4) सहायक कीपर, (5) वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ग्रेड-1, (6) सहायक निदेशक, राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज नागपुर, (7) प्रिंसीपल, राजकीय अंध बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, (8) सहायक प्रोफेसर (हृदय रोग विज्ञान) (9) सहायक प्रोफेसर (मूत्ररोग विज्ञान) (10) प्रोफेसर अस्पताल प्रशासन सह मेडिकल अधीक्षक (11) वरिष्ठ लेक्चरर (न्यायालयी चिकित्सा) (12) वरिष्ठ लेक्चरर (सामान्य शल्य चिकित्सा) (13) वरिष्ठ लेक्चरर (अस्थि रोग) (14) वरिष्ठ लेक्चरर (शरीर क्रिया विज्ञान) (15) वरिष्ठ लेक्चरर सह जानपदिक रोग विज्ञान (सामुदायिक चिकित्सा) (16) सहायक इंजीनियर (सिविल)
पद संख्या - 01, 03, 02, 02, 04, 05, 01, 02, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 2 जनवरी 2020
https://www.upsc.online.nic.in

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकाता

पद का नाम - सहायक चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक
पद संख्या - 06, 02
योग्यता - एमबीबीएस के साथ पीजी डिप्लोमा/पीजी डिग्री या समकक्ष।
अंतिम तिथि - 20 फरवरी 2020 को वॉक-इन-इंटरव्यू
www.hindustancopper.com

एमएसएमई-प्रौद्योगिकी केन्द्र, विशाखापट्टनम

पद का नाम - प्रबंधक (विपणन)
पद संख्या - 01
योग्यता - इंजीनियरी (मैकेनिकल/प्रोडक्शन/निर्माण प्रौद्योगिकी/मेकेट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल) में डिग्री या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समतुल्य, वांछनीय - मान्यता प्राप्त संस्थान से टूल डिजाइन/विपणन प्रबंधन में डिप्लोमा/पीजीडीबीएम, एमबीए या समतुल्य, अनुभवी को प्राथमिकता।
अंतिम तिथि - 3 जनवरी 2020
www.citdindia.org

न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, कर्नाटक

पद का नाम - ड्राइवर ग्रेड-1 - ड्राइवर, तकनीशियन/बी - सर्वेयर, इलेक्ट्रिशियन इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/इलेक्ट्रॉनिक्स, फिटर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग, सहायक कोपा, वर्ग-2 वैतनिक प्रशिक्षणार्थी तकनीशियन-सर्वेयर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, ऑपरेटर, वैज्ञानिक सहायक/बी-सिविल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस, वर्ग-1 वैतनिक प्रशिक्षणार्थी/वैज्ञानिक सहायक-सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इन्स्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थ फिजिक्स
पद संख्या - 02, 02, 01, 01, 01, 01, 02, 03, 03, 02, 24, 19, 07, 03, 15, 01, 05, 13, 17, 11, 04
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 6 जनवरी 2020
www.npcilcareers.co.in

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, कार्मिक विभाग, मुख्यालय कार्यालय, बिलासपुर (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)

पद का नाम - तबला वाद्य, तंत्री वाद्य (भर्ती सांस्कृतिक कोटे के अंतर्गत की जाएगी)
पद संख्या - 01, 01
योग्यता - सरकारी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थानों से संबंधित तबला वाद्य प्रभागों में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र धारक। तंत्री वाद्य - सरकारी/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थानों से संबंधित तंत्री वाद्य प्रभागों में डिग्री/डिप्लोमा। प्रमाण पत्र धारक इसके अलावा 12वीं कक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी।
अंतिम तिथि - 13 जनवरी 2020
www.secr.indianrailways.gov.in-recruitment

सैनिक स्कूल गोपालगंज, बिहार

पद का नाम - पीजीटी (रसायन विज्ञान), पीजीटी (भौतिकी), टीजीटी (कम्प्यूटर साइंस)
पद संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 4 जनवरी 2020
www.ssgopalganj.in

केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसायटी, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रबंधक (प्रापण), प्रबंधक (लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन प्रबंधन), प्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन), प्रबंधक (वित्तीय), प्रबंधक (प्रशासन), प्रबंधक (आईटी)
पद संख्या - 04, 03, 02, 02, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 10 जनवरी 2020
www.cmss.gov.in

संस्कृति संवर्धन मंडल का कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलोली, जिला नांदेड़

पद का नाम - कार्यक्रम सहायक (खेत प्रबंधक) टी-4
पद संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/बागवानी में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष योग्यता।
अंतिम तिथि - 3 जनवरी 2020
https://ssmandal.net

सैनिक स्कूल पुरुलिया, ओडिशा

पद का नाम - सामान्य कर्मचारी
पद संख्या - 07
योग्यता - मैट्रिकुलेशन या समकक्ष, वांछनीय बहुकुशल (अनुभव के साथ)
अंतिम तिथि - 4 जनवरी 2020
www.sainikschoolbhubaneswar.org

भारतीय संसद, नई दिल्ली

पद का नाम - क्यूरेटोरियल सहायक, संरक्षण सहायक और तकनीकी सहायक
पद संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 13 जनवरी 2020
https://www.loksabha.nic.in

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन, नई दिल्ली

पद का नाम - सहायक निदेशक (वित्त)
पद संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.cgewho.in

अंतर्राष्ट्रीय सैद्धांतिक विज्ञान केन्द्र, बेंगलुरु

पद का नाम - वैज्ञानिक अधिकारी सी उच्च प्रदर्शन संगणना
पद संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 4 जनवरी 2020
www.icts.res.in/opportunities

एडमिशन अलर्ट

भारतीय प्रबंध संस्थान, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (पब्लिक पॉलिसी) पीजीपीपीएम 2020-21
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 5 जनवरी 2020
http://www.iimb.ac.in/home/admissions

नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर, मानेसर, हरियाणा

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी एवं एमएससी (न्यूरोसाइंस प्रोग्राम)- 2020 लाइफसाइंस, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स, मेडिसिन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.nbrc.ac.in/html/admissions/index

भारतीय पैकेजिंग संस्थान, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - डिप्लोमा इन पैकेजिंग (डीपीसी) 25th बैच 2020-2021, (18 माह की अवधि)
योग्यता - विज्ञान स्नातक, टेक्नोलॉजी/कॉमर्स/आर्ट्स/समकक्ष। संबंधित क्षेत्र में 1 वर्ष का कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - पहले आएं पहले पाएं। (पाठ्यक्रम 1 जनवरी 2020 से प्रारंभ है।)

एनएएआरएम, हैदराबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर (पीजीडीटीएमए)
योग्यता - वे स्टूडेंट्स जिन्होंने एग्रीकल्चरल साइंस/सोशल साइंस/फिजिकल साइंस/मैनेजमेंट/लाइफ साइंस/इंजीनियरिंग/लॉ में से किसी एक में पीजी किया हो, उक्त क्षेत्र में दो वर्ष के कार्यानुभव वाले छात्रों को वरीयता।
अंतिम तिथि - 31 जनवरी 2020
https://naarm.org.in/home

आईआईटी, गाँधीनगर

पाठ्यक्रम का नाम - एमएससी इन कॉग्नेटिव साइंस, एमए सोसाइटी एंड कल्चर
योग्यता - किसी भी विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएशन करने वाले स्टूडेंट्स इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 25 जनवरी 2020
https://www.iitgn.ac.in

एमआईटी स्कूल ऑफ बायो इंजीनियरिंग साइंसेस एंड रिसर्च, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम - बी.टेक. इन बायो इंजीनियरिंग - 4 वर्ष, इंटीग्रेटेड एम.टेक. इन बायो इंजीनियरिंग - 5 वर्ष
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आएं पहले पाएं (प्रवेश प्रारंभ है।)
www.mitbio.edu.in

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

पाठ्यक्रम का नाम - एक वर्षीय एक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम
योग्यता - स्नातक के साथ संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष का कार्यानुभव
अंतिम तिथि - 8 जनवरी 2020
www.mdi.ac.in

डीजे एकेडमी, कोयम्बटूर

पाठ्यक्रम का नाम - बी.डेस, एम.डेस-कम्युनिकेशन डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन, सर्विस डिजाइन, फर्नीचर एवं स्पेस डिजाइन, यूजर एक्सपीरियेन्स डिजाइन
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आएं, पहले पाएं के आधार पर।
www.djad.in

एपीजे सत्य यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी प्रोग्राम्स (फुल टाइम/पार्ट टाइम) - इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, फार्मास्युटिकल साइंस, डिजाइन एंड विजुअल आर्ट्स, एजुकेशन, बायोसाइंस, लीगल स्टडीज़
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
www.university.apeejay.edu

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संबलपुर

पाठ्यक्रम का नाम - डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी इन मैनेजमेंट 2020 - ओबी एंड एचआरएम, फायनेंस एंड एकाउंटिंग, प्रोडक्शन एंड ऑपरेशन्स मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स, पॉलिसी एंड स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट, इंफॉर्मेशन सिस्टम एंड मार्केटिंग मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.iimsambalpur.ac.in

आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, गांधीनगर

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम - थीई (2020-22) (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट-बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश शुरू हैं।
www.ediindia.org

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

मैक्वेरी यूनिवर्सिटी, इंडिया स्कॉलरशिप-2019-20

संस्था का नाम - मैक्वेरी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया
किसके लिए - ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले छात्र जिन्हें इस यूनिवर्सिटी से दाखिले के लिए ऑफर लेटर मिल चुका है। स्कॉलरशिप के लिए आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने यूनिवर्सिटी दाखिले के लिए मांगी गयी शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त की हो।
अंतिम तिथि - जुलाई 2020 से शुरू होने वाले सत्र के लिए 9 जून 2020
https://www.mq.edu.eu

केटीएच इंडिया स्कॉलरशिप-2020

संस्था का नाम - केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्वीडन
किसके लिए - मास्टर्स प्रोग्राम में अध्ययन करने वाले भारतीय छात्र जो इस यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने वित्तीय सहायता की मदद चाहते हैं।
योग्यता - भारतीय विद्यार्थी जिन्होंने भारत में रहकर स्नातक किया है और मास्टर्स प्रोग्राम में दाखिला लिया हो।
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2020
https://indiabioscience.org/grands

एलआईएएफ विलियम जे. क्लिंटन फैलोशिप-2020-21

संस्था का नाम - अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन, यूएस
किसके लिए - उन भारतीयों के लिए है जो किसी विकास संगठन में कार्यरत हैं। फेलोशिप के तहत पात्र उम्मीदवारों को आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।
योग्यता - ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने 1 सितंबर 2020 तक ग्रेजुएशन या इससे अधिक पढ़ाई पूरी कर ली है। 21 से 34 वर्ष आयु वर्ग के हैं, आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 20 जनवरी 2020
www.aif.org/fellowship

द जे.एन. टाटा इंडोवमेंट फॉर द हायर एजुकेशन

संस्था का नाम - जे.एन. टाटा फाउंडेशन, मुंबई
किसके लिए - ऐसे विद्यार्थी जो विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक हैं। इस योजना के तहत वे लोग स्कॉलरशिप के लिए आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - देश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, संस्थान या कॉलेज से ग्रेजुएशन डिग्री पूरी कर चुके विद्यार्थी, जिन्होंने पूर्व परीक्षा में 60 फीसदी अंक प्राप्त किए हों।
अंतिम तिथि - 9 मार्च 2020
www.jntataendowment.org

राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन

ट्रेक्टर-ट्रॉलियों में रिफलेक्टर लगवाने के लिये जन-जागरूकता जरूरी

भोपाल, प्रमुख सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा ने ट्रेक्टर-ट्रॉली मालिकों से अपील की है कि वे ट्रेक्टर-ट्रॉलियों में आवश्यक रूप से रिफलेक्टर का उपयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ट्रेक्टर-ट्रॉलियों में आवश्यक रूप से रिफलेक्टर लगवाने के लिये लोगों को जागरूक किया जाये। इसमें परिवहन विभाग और पंचायतों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व से लगे खराब रिफलेक्टर बदलवाए जाएं। श्री मिश्रा ने मंत्रालय में राज्य सड़क सुरक्षा क्रियान्वयन समिति की बैठक में यह निर्देश दिये। प्रमुख सचिव ने कहा कि जिन गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में 5 या 5 से अधिक मृत्यु हुई हैं, उनमें केस इन्वेस्टिगेशन की रिपोर्ट कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को तत्काल भेजी जाये।

श्री एस.एन. मिश्रा ने निर्देश दिये कि समिति के सदस्यों और नोडल अधिकारियों को डॉयल-100 के राज्य-स्तरीय कॉल-सेंटर का भ्रमण कराया जाये ताकि वे मॉनिटरिंग सिस्टम से अवगत हों। उन्होंने जिला-स्तर पर नियमित सड़क सुरक्षा समितियों की बैठक होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे भी बैठक को नियमित रखने के निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गये लगभग 9 लाख जन-जागरूकता अभियान की भी प्रशंसा की। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिये साउण्ड लेवल मीटर और ई-चालान सिस्टम के लिये स्पीड रडार गन क्रय करने पर सहमति व्यक्त की।

प्रमुख सचिव श्री मिश्रा ने कहा कि जिन 20 जिलों में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है, उनमें ओवर स्पीडिंग, जान-माल वाहन में स्पीड गवर्नर आदि चैक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर आदमी को सड़क सुरक्षा की दिशा में निरंतर काम करना होगा, जिससे इस पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की जान बच सके। बैठक में एक्सीडेंट रिस्पांस सिस्टम पर भी चर्चा हुई।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

सामयिकी

ब्रिटेन ने वैज्ञानिकों के लिए फास्ट ट्रैक वीजा की संख्या को किया दोगुना

प्रतिभाओं को आकर्षित करने की घोषणा पर अमल करते हुए ब्रिटेन के वैज्ञानिकों के लिए फास्ट ट्रैक से जारी होने वाले वीजा की संख्या को दोगुना कर दिया है। इससे भारत सहित दुनिया के सभी देशों के वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को लाभ मिलेगा। अभी तक वैज्ञानिकों के लिए फास्ट ट्रैक से 62 वीजा जारी किए जाते थे, जिन्हें 120 कर दिया गया है।

ब्रेक्जिट

मसौदा प्रस्ताव को हाउस ऑफ कॉमंस ने दी मंजूरी

ब्रिटेन में हुए आम चुनावों के बाद जोरदार समर्थन से वापस लौटी बोरिस जॉनसन की सरकार की यूरोपीय संघ से अलग होने की पेशकश को हाउस ऑफ कॉमंस द्वारा शुरुआती मंजूरी दे दी गई है।

- **सरकार द्वारा पेश मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में 358 मत पड़े, जबकि विरोध में 234 सांसदों ने मत दिए। इसके अनुसार ब्रेक्जिट के समझौते को हाउस ऑफ कॉमंस ने 124 मतों के बड़े अंतर से स्वीकार कर लिया है।**
- **हाउस ऑफ कॉमंस के इस फैसले से जॉनसन को निश्चित रूप से अपने चुनावी वादे को पूरा करने में मदद मिलेगी।**

गौरतलब है कि हाल ही में हुए मध्यावधि चुनावों में जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी को सदन में बहुमत मिला था। माना जा रहा है जॉनसन के पास ब्रिटेन के भविष्य को आकार देने की योजना, शक्ति और स्वतंत्रता है और वे संभवत: इस माह के अंत तक ब्रेक्जिट पर वोटिंग पूरी करा लेंगे। जिसमें उन्होंने 31 जनवरी तक ब्रेक्जिट को पूरा करने की बात भी कही थी।

सीरिया में मदद के लिए रूस और चीन का वीटो

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सीरिया को मानवीय मदद भेजने के लिए तीन

सीमाओं को खुला रखने के प्रस्ताव पर रूस और चीन ने वीटो लगा दिया है। ज्ञात रहे कि सीरिया में प्रवेश करने के लिए तुर्की के दो और इराक के एक सीमा द्वार को 10 जनवरी, 2020 को उनके अधिकार समाप्त होने के बाद भी एक साल तक और खुला रखने के प्रस्ताव पर शेष 13 सदस्य देशों ने वोट दिया था। जबकि इसके विरोध में रूस और चीन ने प्रस्ताव देते हुए सिर्फ तुर्की के द्वारों को छह महीनों के लिए खोलने का प्रस्ताव दिया था।

भारत और चीन

सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए सहमत

भारत और चीन सीमा पर शांति बनाए रखने और आतंकवाद पर रोक लगाने के लिए एकमत हो गए हैं। दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में यह भी सहमति बनी कि अतंर्राष्ट्रीय सीमा के सीमांकन और उसके स्थायी हल की कोशिश और तेज की जायेंगी।

- **नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की अगुवाई में यह बैठक हुई।**
- **सीमा विवाद सुलझाने के लिए की गई व्यवस्था के तहत यह 22वीं बैठक थी।**

विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में पिछले दिनों चेन्नई में भारतीय प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में तय हुए मुद्दों को भी पूरा करने को लेकर वार्ता हुई।

फ्रांस की मुद्रा

पश्चिमी अफ्रीका के आठ देशों ने छोड़ी

पश्चिमी अफ्रीका के आठ देशों ने फ्रांस की मुद्रा को छोड़ने की घोषणा की है। यह घोषणा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आइवरी कोस्ट यात्रा के दौरान की गई। इस अवसर पर आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति एलास्साने ओउत्तारा ने मुद्रा के नाम बदलने, फ्रांस के खजाने में 50 प्रतिशत से अधिक मुद्रा भंडार रखने तथा मुद्रा के संबंध में किसी भी तरह से फ्रांस का हस्तक्षेप रोकने संबंधी, तीन बड़ी घोषणाएं भी कीं।

पश्चिम अफ्रीका के आठ देशों बेनिन, बुर्किना फासो, गिनीबसाउ, आइवरी कोस्ट, माली, नाइजर, सेनेगल और टोगो ने फ्रांस की मुद्रा छोड़ दी है। इन देशों ने

- **सीएफए फ्रैंक शुरुआत में फ्रांस की मुद्रा फ्रैंक से जुड़ी हुई थी, बाद में इसे यूरो से जोड़ दिया गया था।**

उपनिवेश काल के शासक फ्रांस से मौजूदा मुद्रा सीएफए फ्रैंक को अलग करने का फैसला करते हुए अपनी साझा मुद्रा का नाम इको करने का भी फैसला किया है।

बुर्किना फासो आतंकवादी हमला

दुनियाभर ने की निंदा

क्रिसमस के अवसर पर बुर्किना फासो में हुए आतंकी हमले की पोप फ्रांसिस सहित दुनियाभर ने निंदा की है। इस हमले में 42 लोगों की मौत हो गयी थी। हादसे के बाद सभी ने इस अफ्रीकी देश के प्रति एकजुटता दिखाई, जो तारीफ के काबिल रही। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा है कि एंटोनियो गुटेरेस ने क्रिसमस की पूर्व संध्या में हुए हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

गौरतलब है कि मोटर साइकिलों पर सवार कम से कम 200 जिहादियों ने बुर्किना फासो में सुबह हमला किया जो

कई घंटों तक चला। बाद में वायु सेना की मदद से सशस्त्र सेना ने आतंकवादियों को खदेड़ दिया। इस हमले में 31 महिलाओं समेत 35 आम नागरिकों और 7 सैनिकों की मौत हो गयी थी। जवाबी कार्यवाही में 80 हमलावर मारे गए।

तूफान फनफोन ने फिलीपींस में मचायी तबाही

मध्य फिलीपींस में क्रिसमस के मौके पर तूफान फनफोन ने तबाही मचा डाली। तूफान से लगभग 20 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, जबकि माना जा रहा है कि यह संख्या बढ़ भी सकती है।

तूफान 'फनफोन' के कारण मकान तबाह हो गए, शहरों की बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से शहर अंधेरे में डूब गए, जगह-जगह तूफान से हुई बारिश से पानी भर गया। तूफान फनफोन 2013 में आए हैयान तूफान से अधिक शक्तिशाली तो नहीं है, परन्तु इसकी आने की रफ्तार दर और तबाही मचाने की गति हैयान के बराबर ही मानी गयी है।

66वां फिल्म फेयर पुरस्कार समारोह संपन्न

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 66वां फिल्म फेयर पुरस्कार समारोह पिछले दिनों संपन्न हुआ। उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, लेखक, फिल्म निर्देशक को पुरस्कार वितरित करते हुए फिल्म जगत से सिनेमा में अश्लीलता, हिंसा और फूहड़ता को दूर कर समाज को नया स्वरूप दिखाने का आग्रह किया। उन्होंने आयुष्मान खुराना और विकी कौशल को उनकी फिल्म 'अंधाधुन' और 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' में शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया, जबकि तेलुगु फिल्मों की अभिनेत्री कीर्ति सुरेश को 'महानति' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के सम्मान से नवाजा। हिंदी फिल्मों के महानायक अमिताभ बच्चन



बीमार होने के कारण इस साल का दादा साहब फाल्के पुरस्कार लेने नहीं पहुँच पाए। अब 29 दिसंबर को उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के तहत अनंत विजय को इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म समीक्षक के पुरस्कार से सम्मानित किया।

'बधाई हो' को सबसे मनोरंजक फिल्म का पुरस्कार

'बधाई हो' को मनोरंजक फिल्म का पुरस्कार मिला। इस फिल्म की अभिनेत्री सुरेखा सिकरी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के सम्मान से सम्मानित किया गया। गुजराती फिल्म 'हेलारो' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।

- **आयुष्मान खुराना और विकी कौशल रहे सर्वश्रेष्ठ अभिनेता।**
- **कीर्ति सुरेश को तेलुगु फिल्म 'महानति' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और आदित्य धर को 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और पैडमैन सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित हुई।**

सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली

इज़रायली मिसाइल हमला रोकने में रही सफल

सीरिया की हवाई रक्षा प्रणाली इज़रायल द्वारा दागी गई मिसाइलों को रोकने में सफल रही हैं।

- **यह हमला सीरियाई सेना और ईरान समर्थित सेना के ठिकानों पर किया गया था।**

सरकारी समाचार एजेंसी सना ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली ने कब्जा किए क्षेत्रों के अंदर से दागी गई मिसाइलों को न केवल रोका, बल्कि हवा में ही नष्ट कर दिया। समाचार एजेंसी के अनुसार उनमें से एक मिसाइल दमिश्क के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एक नगर अकराबा में गिरी।

(सम्पादकीय टीम द्वारा संकलित एवं फोटो गूगल से साभार)

खेलचर्चा

भारत में वर्ष 2021 में आयोजित होगी चार देशों की सुपर सीरीज

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि वर्ष 2021 से चार देशों की वन-डे सुपर सीरीज शुरू होगी। इस सीरीज का पहला सीजन भारत में खेला जायेगा। इस सीरीज में मेजबान भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और एक अन्य टीम खेलेंगी। उल्लेखनीय है कि गांगुली के इस प्रस्ताव पर आईसीसी एक्जीक्यूटिव बोर्ड की बैठक में चर्चा हो सकती है। आईसीसी सामान्य तौर पर 3 से ज्यादा देशों के वन-डे टूर्नामेंट के आयोजन की स्वीकृति नहीं देता है, यदि सुपर सीरीज के आयोजन की मंजूरी मिलती है, तो यह विशेष मामला होगा। वैसे भी आईसीसी ने वर्ष 2023 से 2031 के बीच फ्यूचर टूर प्रोग्राम के तहत प्रत्येक वर्ष एक बड़ा टूर्नामेंट आयोजित करने की प्लानिंग कर रहा है।

नडाल ने जीता एटीपी प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

लंदन, स्पेन के विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने दो एटीपी पुरस्कार जीते हैं। नडाल को एटीपी प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया है। नडाल ने यह पुरस्कार पांचवीं बार जीता है। इससे पहले नडाल वर्ष 2008, 2010, 2013 और 2017 में भी यह पुरस्कार जीत चुके हैं। इसके अलावा नडाल को एटीपी स्टेफान एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। नडाल ने यह पुरस्कार तीसरी बार जीता है। स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने यह पुरस्कार सर्वाधिक 13 बार जीता है। फेडरर को इस वर्ष एटीपी फैंस फेवरेट पुरस्कार के खिताब से नवाजा गया है। वहीं ब्रिटेन के एंडी मरे को एटीपी सर्वश्रेष्ठ कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया है।

लाजियो ने पांचवीं बार जीता इटालियन सुपर कप

रियाद, इटली के फुटबॉल क्लब लाजिया ने जुवेंट्स को हराकर इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता है। लाजियो ने फाइनल मुकाबले में जुवेंट्स को 3-1 से मात दी। मैच में लाजियो के लिये लुईस अल्बर्टो, सेनाड ल्यूलिक और डेनिलो कटाल्डी ने गोल किये, वहीं जुवेंट्स के लिये एकमात्र गोल पाउलो डायवाला ने किया। मैच में जुवेंट्स के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाये। उल्लेखनीय है कि इटालियन सुपरकप मैच सीरी-ए चैंपियन और कॉपा इटालियन चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है।

विश्व डार्ट चैंपियनशिप में फेलोन ने रचा इतिहास

लंदन, ब्रिटेन की फेलोन शेरोक ने विश्व डार्ट चैंपियनशिप के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। ऐसा करने वाली वे विश्व की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। फेलोन ने कुछ दिन पहले ही डार्ट चैंपियनशिप में किसी पुरुष खिलाड़ी को हराने का इतिहास रचा था। अब उन्होंने विश्व के नंबर-11 खिलाड़ी मैंसुर सुलीजोविच को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई है।

भारत–वेस्टइंडीज वन–डे सीरीज

भारत ने वेस्टइंडीज को लगातार दसवीं सीरीज में हराया

भारत ने तीसरा मैच 4 विकेट से जीता

कटक, भारतीय क्रिकेट टीम ने वर्ष 2019 का अंत जीत के साथ किया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई वन-डे सीरीज को भारत ने 2-1 से जीत लिया है। भारत की वन-डे क्रिकेट में यह वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार दसवीं सीरीज जीत है। भारत ने सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज इविन लुईस (21) और शाई होप (42) ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुये टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुये 70 रन के स्कोर तक दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। शिमरन हेटमाएर (37) और रोस्टन चेस (38) भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद क्रीज पर आये निकोलस पूरन (89) और किरोन पोलार्ड (74) ने तेजी से रन जोड़े और 16.2 ओवरों में 135 रनों की साझेदारी की। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 315 रन बनाये।

जीत के लिये मिले विशाल लक्ष्य के जवाब में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (63) और के.एल. राहुल (77) ने भारत को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 122 रन जोड़े। एक समय भारत आसानी से लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में था, लेकिन राहुल के बाद श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और केदार जाधव के जल्दी-जल्दी आउट होने से भारत संकट में फंस गया। ऐसे में कप्तान विराट कोहली (85) का रविन्द्र जडेजा (39) ने बखूबी साथ निभाया। विराट के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आये शार्दुल ठाकुर (17) ने बेहतरीन शॉट्स लगाकर भारत की राह आसान कर दी। भारत ने 48.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिये विराट कोहली को मैन ऑफ द मैच और रोहित शर्मा को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

- **भारत ने वन-डे क्रिकेट में 17वीं बार 300 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। इस मामले में इंग्लैंड (11) दूसरे स्थान पर है।**
- **रोहित शर्मा और के.एल. राहुल ने पांचवीं बार की शतकीय साझेदारी।**
- **रोहित ने इस वर्ष बतौर सलामी बल्लेबाज तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 2442 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया।**
- **रोहित से पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (2387) के नाम था।**
- **रोहित ने इस वर्ष वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 1490 रन बनाये हैं।**
- **विराट कोहली ने इस वर्ष तीनों फॉर्मेट को मिलाकर सबसे ज्यादा 2455 रन बनाये हैं।**
- **मोहम्मद शमी ने इस वर्ष वन-डे में सबसे ज्यादा 42 विकेट लिये हैं।**
- **वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट 7वें स्थान पर हैं। विराट ने वन-डे में अब तक 11,609 रन बनाये हैं।**

ट्वेंटी-20 और वन-डे सीरीज के लिये भारतीय टीम की घोषणा

मुंबई, वर्ष 2019 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम वर्ष 2020 में अपने मिशन के आगाज के लिये तैयार हो गई। वर्ष 2020 के पहले महीने में भारत को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की ट्वेंटी-20 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वन-डे सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के लिये भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की घोषणा की है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की टीम में वापसी हुई है। बुमराह और धवन दोनों टीमों में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को ट्वेंटी-20 सीरीज में आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और दीपक चाहर चोट के कारण दोनों टीमों से बाहर हो गये हैं।

ट्वेंटी-20 टीम- विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, के.एल. राहुल, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविन्द्र जडेजा, शिवम दुबे, मनीष पांडे, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, नवदीप सैनी और शार्दुल ठाकुर।

वन-डे टीम- विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, के.एल. राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, केदार जाधव, शिवम दुबे, रविन्द्र जडेजा, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, नवदीप सैनी, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी।

एश्ले बार्टी को मिला आईटीएफ विश्व चैंपियन अवॉर्ड

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) की ओर से वर्ष 2019 विश्व चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बार्टी ने यह पुरस्कार पहली बार जीता है। बार्टी इस वर्ष विश्व महिला रैंकिंग में पहले पायदान पर रहीं। बार्टी ने इस वर्ष अपने टेनिस कॅरियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब फ्रेंच ओपन जीता है। इसके अलावा बार्टी अपने टेनिस कॅरियर में 7 डब्ल्यूटीए और 4 आईटीएफ खिताब भी जीत चुकी हैं।

क्लब वर्ल्डकप

लिवरपूल ने पहली बार जीता खिताब

दोहा, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने क्लब वर्ल्डकप फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया है। लिवरपूल ने यह खिताब पहली बार जीता है। कतर में खेले गये फाइनल में लिवरपूल ने ब्राजीलियन फुटबॉल क्लब फ्लेमिंगो को 1-0 से हराया। मैच में एकमात्र गोल लिवरपूल के रॉबर्टो फिर्मिनो ने इंजरी टाइम (99वें मिनट) में किया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मैच में दोनों टीमों ने आक्रामक नीति अपनाई। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों के पास गोल करने के कई मौके आये, लेकिन कोई भी टीम इन मौकों को भुना नहीं पाई। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। दोनों टीमों का डिफेंस बेहतरीन रहा। एक समय लग रहा था कि मैच पेनाल्टी शूटआउट में जायेगा, लेकिन फिर्मिनो ने इंजरी टाइम में शानदार गोल दागकर लिवरपूल को खिताब दिलाया। फिर्मिनो ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी इंजरी टाइम में गोलकर लिवरपूल को फाइनल में पहुंचाया था।

मोंटेरी ने हासिल किया तीसरा स्थान

टूर्नामेंट में तीसरा स्थान मैक्सिकन फुटबॉल क्लब मोंटेरी ने जीता। मोंटेरी ने तीसरे स्थान के लिये हुये मुकाबले में सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। टूर्नामेंट में लिवरपूल के मोहम्मद सालाह को गोल्डन बॉल, फ्लेमिंगो के ब्रुनो हेनरिक को सिल्वर बॉल और अल हिलाल के कार्लोस इडुआर्डो को ब्रॉन्ज बॉल पुरस्कार दिया गया।

- **मैनचेस्टर यूनाइटेड के बाद क्लब वर्ल्डकप जीतने वाला दूसरा इंग्लिश क्लब है लिवरपूल।**
- **स्पेनिश क्लब रियल मेड्रिड ने 4 और बार्सिलोना ने 3 बार जीता है यह खिताब।**
- **लिवरपूल ने इस वर्ष चैंपियंस लीग और यूएफा सुपर कप भी जीते हैं।**
- **स्पेन 7, ब्राजील 4, इंग्लैड 2 तथा इटली 2 और जर्मनी के क्लब 1 बार जीत चुके हैं क्लब वर्ल्डकप।**

ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि में हुई वृद्धि

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस वृद्धि के साथ ही पुरस्कार राशि 7 करोड़ 10 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (लगभग 3 अरब 50 करोड़ रुपये) हो गई है। इस टूर्नामेंट के पुरुष और महिला एकल विजेताओं को एक समान 41 लाख 20 हजार ऑस्ट्रेलियन डॉलर मिलेंगे। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने बताया कि फाइनलिस्ट को छोड़कर प्रत्येक दौर की पुरस्कार राशि में 10 से अधिक प्रतिशित की वृद्धि हुई है। ऑस्ट्रेलियन ओपन 20 जनवरी से शुरू होगा।

ब्रिटिश बॉक्सर डुबोइस ने जीती लगातार 14वीं फाइट

लंदन, ब्रिटेन के हैवीवेट बॉक्सर डेनियल डुबोइस ने लगातार 14वीं फाइट जीती है। लंदन में आयोजित मुकाबले में डुबोइस ने जापान के बॉक्सर क्योतारो फुजीमोतो को हराया। डुबोइस ने फुजीमोतो को नॉकआउट में ही ढेर कर दिया। डुबोइस ने 14 में से 13 फाइट नॉकआउट में जीती हैं। 22 वर्षीय डुबोइस काफी फुर्तीले मुक्केबाज हैं। डुबोइस ने इस मुकाबले में सामने की बजाये दाएं और बाएं से पंच लगाने की रणनीति अपनाई थी।

मीराबाई चानू ने कतर इंटर–नेशनल कप में जीता स्वर्ण पदक

दोहा, भारत की अनुभवी भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कतर इंटरनेशनल कप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। मीराबाई ने महिलाओं की 49 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में यह पदक जीता है। चानू ने इस स्पर्धा में कुल 194 किलोग्राम वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 83 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क में 111 किलोग्राम वजन उठाया है। उल्लेखनीय है कि यह एक ओलिंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट में हासिल अंकों का फायदा टोक्यो ओलिंपिक की रैंकिंग में होगा। मीराबाई राष्ट्रमंडल खेल-2018 में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

वर्नोन फिलेंडर क्रिकेट से लेंगे संन्यास

केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी तेज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। फिलेंडर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे। फिलेंडर ने दक्षिण अफ्रीका के लिये 60 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 216 विकेट लिये हैं और 1619 रन बनाये हैं। इसके अलावा फिलेंडर ने 30 वन-डे और 7 ट्वेंटी-20 मैच भी खेले हैं।

विजडन के दशक के पांच सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में विराट शामिल

लंदन, क्रिकेट की बाइबिल कही जाने वाली खेल पत्रिका विजडन क्रिकेट अलमानैक ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को दशक के श्रेष्ठ पांच क्रिकेटरों में शामिल किया है। इस सूची में विराट के अलावा दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और एबी डिविलियर्स तथा ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। सूची में महिला क्रिकेटर के रूप में एलिस पैरी को भी जगह दी गई है। एलिस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। विज्डन ने विराट को दशक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का कप्तान बनाया है, जबकि सर्वश्रेष्ठ वन-डे टीम में भी विराट को जगह दी गई है। विजडन ने लिखा है कि विराट तीनों अंतर्राष्ट्रीय प्रारूपों में कम से कम 50 की औसत से रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ कृपया मुझे साइकोलॉजी का कोर्स कराने वाले देश के माने हुए प्रतिष्ठित संस्थानों की जानकारी दें।

- दिप्ती खुराना, पुनासा (खंडवा)

● साइकोलॉजी का कोर्स कराने वाले देश के प्रतिष्ठित संस्थान इस प्रकार हैं-

क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, लेडी श्रीराम कॉलेज, नई दिल्ली, फर्ग्युसन कॉलेज, पुणे, जीसस एंड मेरी कॉलेज, नई दिल्ली, क्रिस्टु जयंती कॉलेज, बेंगलुरु।

❍ मैं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की तृतीय वर्ष की छात्रा हूँ। क्या यह ब्रांच लड़कियों के लिए कॅरियर की दृष्टि से अच्छी है?

- पंखुड़ी वाजपेयी, भोपाल

● इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में लड़कियों के लिए कॅरियर के उतने ही अच्छे अवसर हैं, जितने लड़कों के लिए हैं। वर्तमान समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी लड़कियां आसमान की बुलंदियों को छू रही हैं। आपके लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के हर क्षेत्र में नौकरी एवं रोज़गार के अवसर होंगे। उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में आप इंजीनियरिंग के सबसे विस्तृत क्षेत्रों में से एक में काम करेंगी। इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में आप डिजाइन, उत्पादन, शोध, विकास, मैनेजमेंट या मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़ सकती हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से यह उम्मीद की जाती है कि वह लगातार स्वयं को नई तकनीक के अनुरूप विकसित करता रहे। इस कार्य में भी आपके लिए रोज़गार की कोई कमी नहीं है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के लिए यह जरूरी है कि वह प्रोजेक्ट को डिजाइन करे और उसका नियंत्रण करे। यह क्षेत्र भी आपको रोज़गार देगा।

❍ मुझे ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करनी है। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें।

- मनप्रीत कौर, होशंगाबाद

● ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में से एक मानी

जाती है। ब्रिटेन स्थित विश्वविख्यात ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से वर्तमान में लगभग 38 कॉलेज संबद्ध हैं, जिन्हें ऑक्सफोर्ड कॉलेज के नाम से भी जाना जाता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में उपलब्ध कोर्सों की बात करें तो यहाँ अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट आदि सभी तरह के कोर्स उपलब्ध हैं। अगर आप रिसर्च करना चाहती हैं तो यहाँ रिसर्च प्रोग्राम भी उपलब्ध हैं। कोर्स स्ट्रीम की बात करें तो यहाँ आप मानविकी, मैथेमेटिकल, फिजिकल एवं लाइफ साइंसेज, मेडिकल तथा सामाजिक विज्ञान से जुड़े कोर्सों में दाखिला ले सकती हैं। इस यूनिवर्सिटी में आवेदन की प्रक्रिया सामान्यतः 1 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच होती है। इसके बाद एंट्रेंस एग्जाम, इंटरनेशनल इंटरव्यू आदि को अंजाम दिया जाता है और उसके बाद ही किसी विद्यार्थी को ऑक्सफोर्ड में दाखिला दिया जाता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में दाखिला मिल जाने के बाद आपको वीजा के लिए अप्लाई करना होता है। स्टूडेंट वीजा पाने का आवेदन करते समय आपको सभी आवश्यक दस्तावेजों की ओरिजनल कॉपी पेश करनी होती है। आवश्यक दस्तावेजों में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में आप पढ़ने जा रहे हैं, उसका ऑफर लेटर भी आपको पेश करना होता है। इसके अलावा आपको पढ़ाई के दौरान आने वाले खर्च की भरपाई का माध्यम भी बताना होता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए आप वेबसाइट www.ox.ac.uk लॉग ऑन करें।

❍ मैं जीएसटी का डिप्लोमा अथवा सर्टिफिकेट कोर्स करना चाहता हूँ। क्या इससे संबंधित कोर्स देश में कहीं उपलब्ध है?

- मनोज खांडेकर, इछावर (सीहोर)

● गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) अभी नया होने की वजह से यह थोड़ा

पेचीदा है और इसीलिए आम जनता के साथ-साथ कारोबारियों के लिए भी इसे समझना मुश्किल हो रहा है। इन्हीं परेशानियों को ध्यान में रखते हुए देश के अलग-अलग कॉलेज और यूनिवर्सिटी ने शॉर्ट टर्म जीएसटी कोर्स की शुरुआत की है। अगर आप कॉमर्स स्ट्रीम से हैं या टैक्सेशन में आपकी गहरी दिलचस्पी है, तो आप ये कोर्स करके अच्छा कॅरियर बना सकते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, कोलकाता ने जीएसटी कोर्स की शुरुआत की है। यह कोर्स खासतौर पर उन प्रोफेशनल्स के लिए है, जो इस फील्ड से जुड़े हुए हैं। इसे पूरा करने के बाद आपको जीएसटी कोर्स का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा तथा लखनऊ यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने भी जीएसटी पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है। इन संस्थानों के अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भी जीएसटी से जुड़ा कोर्स निःशुल्क करवाया जाता है। देश भर में इसके कई सेंटर हैं।

❍ कृपया मुझे बताएँ कि समूह परिचर्चा में अच्छा प्रदर्शन कैसे किया जा सकता है?

- प्रदीप जासवानी, वैतूल

● समूह परिचर्चा को हम आम बोलचाल की भाषा में ग्रुप डिस्कशन (जीडी) कहते हैं। उल्लेखनीय है कि समूह परिचर्चा में एक ही आयु समूह के उम्मीदवार होते हैं, समान प्रतिभा स्तर रखते हैं और एक मुद्दे पर अनौपचारिक रूप से चर्चा करते हैं। यह ग्रुप सामान्यतया 5 से 10 उम्मीदवारों का होता है, जो अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र होते हैं। समूह परिचर्चा परीक्षकों को अनेक उम्मीदवारों के व्यक्तित्व के गुणों को एक ही समय सीमा में परखने में समर्थ बनाती है। शैक्षणिक संस्थान प्रतिभावान, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी उम्मीदवारों की तलाश करते हैं, जिनके पास बेहतरीन अभिव्यक्ति प्रतिभा, ध्यान से सुनने की प्रतिभा और अंतर व्यक्तिगत कौशल हो। समूह परिचर्चा एक उम्मीदवार को अपनी स्वाभाविक नेतृत्व क्षमता को उभारने का अवसर प्रदान करती है। हमेशा यह ध्यान रखें कि समूह परिचर्चा प्रतियोगिता के लिए नहीं है, यह तो स्वीकारात्मक सहयोग के लिए है। आपको यह अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि लिखित परीक्षा के विपरीत यह एक उन्मूलन परीक्षा है। इसका अर्थ यह है कि उम्मीदवारों के किसी एक ग्रुप से सभी अथवा कुछ का चयन हो सकता है या किसी का भी चयन नहीं। इसका अभिप्राय यह है कि आपको अपने समूह में किसी एक से ऊपर आने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। इसकी बजाए आपको दूसरों को प्रभावित करने वाले गुण विकसित करने और उनका विकास करने की कोशिश करनी चाहिए। आपको समूह परिचर्चा में इस प्रकार प्रदर्शन करना चाहिए कि आप सबको साथ लेकर चलने में सक्षम हैं। आप आगे बताए जा रहे बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए समूह परिचर्चा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। विषय की जानकारी एक बड़ी संपत्ति है। अगर आपको विषय की पूर्ण जानकारी नहीं होगी तो आपके लिए समूह परिचर्चा में बोलना संभव नहीं होगा। इसलिए अपने सामान्य ज्ञान को अद्यतन रखें, ताकि किसी भी विषय पर आप तथ्यों के साथ सारगर्भित बोल पाएँ। अभिव्यक्ति सुस्पष्ट होनी चाहिए, न तो चिल्लाना चाहिए न ही बुदबुदाना। अपने शब्दों का उच्चारण स्पष्टता से करना चाहिए। समूह परिचर्चा के विषय पर आपका दृष्टिकोण वस्तुनिष्ठ और उपयुक्त होना चाहिए। अपने तर्क और निष्कर्षों के लिए हमेशा प्रामाणिक और ठोस कारण देने चाहिए। अपने ग्रुप में अपना मजबूत और अनुकूल प्रभाव बनाएँ। समूह परिचर्चा को लेकर उम्मीदवारों में एक आम धारणा यह होती है कि वे ज्यादा से ज्यादा जितना हो सके, उतना बोलें। हाँ, आप बोलें, परंतु एक ही समय में सभी कुछ नहीं, जैसा कि आमतौर पर समूह परिचर्चा में होता है। समूह परिचर्चा में हर कोई अपना प्रभाव जमाने के लिए एक ही समय में बोलने की कोशिश करता है। अर्थात सभी एक साथ बोलेंगे तो हो सकता है कि किसी का भी चयन न हो ऐसी स्थिति में आप शांत रहें, इससे परीक्षकों पर आपके धैर्य एवं संयम के गुणों का अच्छा प्रभाव पड़ेगा। एक महत्वपूर्ण मुद्दा सहमत होने अथवा असहमति को पहचानने का है। उत्तेजना के साथ चेहरे पर विनम्रता जरूरी है। किसी विषय पर विनम्रता छोड़ना और भावुक होना एकदम गलत है। इसका परीक्षकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। धारा प्रवाह बोलना और सहमत करना एक ऐसी कला है, जो आपको आनी चाहिए। समूह परिचर्चा में अपना प्रभाव बनाने के लिए पहल करने की प्रतिभा, बुद्धिमत्ता, धैर्य, सहनशीलता, भाषण में विशेषज्ञता का प्रदर्शन करना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो समूह परिचर्चा में आप प्रभावी प्रदर्शन कर पाएँगे।

❍ मैं जनसंख्या अध्ययन के क्षेत्र में एमए करना चाहता हूँ। कृपया मुझे बताएँ कि यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- मनीष सूरी, विजयपुर (श्योपुर)

● इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेस, मुंबई से जनसंख्या अध्ययन में एमए कोर्स किया जा सकता है। इस कोर्स हेतु 55 फीसदी अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को एडमिशन संस्थान द्वारा आयोजित एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर मिलता है।

❍ कृपया मुझे नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा के बारे में जानकारी प्रदान करें?

- मानसी जैन, खंडवा

● देशभर में एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय

पात्रता परीक्षा अर्थात नीट (अंडर ग्रेजुएट-यूजी) आयोजित की जाती है। इस परीक्षा हेतु 12वीं भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान/बायोटेक्नोलॉजी विषयों से उत्तीर्ण अथवा उक्त विषयों से 12वीं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे विद्यार्थी पात्र होते हैं। इस परीक्षा में कुल 180 वस्तुनिष्ठ प्रश्न भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान से पूछे जाते हैं। परीक्षा में नेगेटिव मर्किंग भी होती है। परीक्षा हल करने हेतु 3 घंटे का समय दिया जाता है। विस्तृत विवरण के लिए आप वेबसाइट www.ntaneet.nic.in देखें।

❍ बीएससी एग्रीकल्चर से करने के उपरांत रोज़गार के क्या अवसर हैं?

- अकबर खान, सारंगपुर (राजगढ़)

● एग्रीकल्चर साइंस से बीएससी करने के उपरांत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में आपके लिए रोज़गार के अवसर विद्यमान हैं। बीएससी एग्रीकल्चर साइंस से करने के उपरांत बैंक, इंश्योरेंस, फूड एंड बेवरेजेस इंडस्ट्री, वॉटर मैनेजमेंट, एग्री फायनेंस, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में आपके लिए रोज़गार के ढेरों अवसर हैं। इसके अलावा स्वरोज़गार के क्षेत्र में भी बेहतर कॅरियर अवसर हैं। इसके साथ ही वे सभी रोज़गार भी आप प्राप्त कर सकते हैं जो एक सामान्य स्नातक के लिए खुले हुए हैं।

❍ क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स में प्रवेश किस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मिलता है?

- सुमित्रा सहगल, खण्डवा

● क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) कोर्स में छात्रों को प्रवेश, मैट, जीमैट, कैट, सीमैट या जैट के वैलिड स्कोर, ग्रुप डिस्कशन, रिटन टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर मिलता है।

❍ कृपया मुझे डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में रोज़गार की संभावनाओं के बारे में बताइए?

- संदेश माथुर, मुरार (ग्वालियर)

● पिछले कुछ वर्षों में भारत में स्मार्टफोन और इंटरनेट की लोगों तक पहुँच बढ़ने से डिजिटल पेमेंट इंडस्ट्री भी तेजी से बढ़ रही है। ई-रिचार्ज, मोबाइल वॉलेट और ऑनलाइन पेमेंट जैसी चीजें आज के समय में खासकर शहरों में आम हो गई हैं। एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार यदि डिजिटल पेमेंट इंडस्ट्री भारत में इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही, तो इससे इस क्षेत्र में 2025 तक करीब 2.1 करोड़ नए रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2023 तक कैश ट्रांजेक्शन की अपेक्षा नॉन कैश ट्रांजेक्शन की संख्या अधिक हो जाएगी। इसके चलते डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में रोज़गार के अच्छे अवसर निर्मित होंगे।

❍ मैं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में डिप्लोमा करना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- जयंत वर्मा, देपालपुर (इंदौर)

● नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कालीकट से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में एडवांस्ट डिप्लोमा कोर्स किया जा सकता है। इस कोर्स में आईटी, कम्प्यूटर साइंस या इलेक्ट्रॉनिक्स से बीई, बीटेक या समकक्ष योग्यता रखने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। संस्थान में प्रवेश एकेडमिक परफॉर्मेंस और क्वालिफाइंग एग्जाम के आधार पर मिलता है।

❍ मैं आर्काइव्स मैनेजमेंट में शॉर्ट टर्म कोर्स करना चाहता हूँ। यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- जगदीश नीमा, पाटन (जबलपुर)

● नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया, दिल्ली से आर्काइव्स मैनेजमेंट में शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स किया जा सकता है। किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को एडमिशन एकेडमिक परफॉर्मेंस के आधार पर दिया जाता है।

❍ मैं सिक्योरिटीज मार्केट में पीजी डिप्लोमा कोर्स करना चाहता हूँ। इस कोर्स हेतु शैक्षणिक योग्यता क्या आवश्यक है तथा यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- अमित माहेश्वरी, शहडोल

● सिक्योरिटीज मार्केट में पीजी डिप्लोमा करने के लिए किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। परंतु कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, फाइनेंस अथवा मैनेजमेंट वाले छात्रों को वरीयता प्रदान की जाती है। यह कोर्स नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स, मुंबई से किया जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।